**जबलपुर**

शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-5

वर्ष : 21, अंक : 176

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**

अधि. 20

न्यून. 18

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


अगले चार दिन तक प्रदेश में जारी रहेगा बौछारों का दौर

## 30 शहर भीगें, पारा 9 डिग्री तक गिरा, सर्दी बढ़ी

छत्तीसगढ़ के ऊपर बना हुआ है डिप्रेशन

भोपाल में सुबह 11 बजे से शाम 5:30 बजे तक ऑब्जर्वेटरी में दर्ज हुई 5 मिमी बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के 30 से अधिक शहर गुरुवार को कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश से भीगे। इससे दिन के तापमान में प्रदेशभर में औसतन 3 डिग्री की कमी रही। आधा दर्जन जिलों में पारा 5 से 6 डिग्री तक गिरने से सर्दी का असर बढ़ गया। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अगले तीन से चार दिन प्रदेश में बारिश, तेज हवाओं और बौछारों का दौर जारी रहेगा। गुरुवार को भोपाल में सुबह 11 से शाम 5:30 बजे तक बैरागढ़ ऑब्जर्वेटरी में 5 मिमी बारिश दर्ज हुई। बारिश का दौर देर रात तक जारी रहा। यहां दिन का पारा 3.4 डिग्री गिरकर 26 डिग्री रहा, जो सामान्य से 5.6 डिग्री कम है। इसके अलावा रायसेन, गुना, मलाजखंड, सिवनी सहित कई जिलों में 3 से 5 मिमी तक बारिश हुई। साथ ही रीवा, शहडोल संभाग के अधिकांश शहरों में, बैतलू, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी, छतरपुर, दमोह, पन्ना, कटनी जिलों में मध्यम से हल्की बारिश हुई है। बदले मौसम के बीच नर्मदापुरम, जबलपुर, मंडला, रीवा, सतना में 5 से 6 डिग्री तक गिरा। सर्वाधिक गिरावट सागर में 8.9 डिग्री की रही। प्रदेशभर में दिन का पारा औसतन 3 डिग्री तक गिरने से दिन में हल्की सर्दी का अहसास रहा।



### आज यहां बारिश का अलर्ट

भोपाल, विदशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, देवास, शाजापुर, आगर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, दतिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट में बारिश होगी। सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, मैहर, मऊगंज में भारी बारिश का अलर्ट है।

एसआईआर पर कांग्रेस को जवाब देगी भाजपा

## तीन शहरों में निकालेगी 'पदयात्रा', इंदौर से 30 अक्टूबर को शुरुआत

भोपाल में राजनाथ सिंह और जबलपुर में अमित शाह या नितिन नवीन के आने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर कांग्रेस के आंदोलनों के जवाब में भाजपा मध्य प्रदेश में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान चलाएगी। इसके तहत इंदौर, जबलपुर और भोपाल में पदयात्राएं निकाली जाएंगी। एक सप्ताह के भीतर होने वाले इन आयोजनों में केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को शामिल करने की तैयारी है। अभियान की शुरुआत 30 अक्टूबर को इंदौर से होगी। यहां सुभाष नगर से पाटनीपुरा चौराहे तक पदयात्रा प्रस्तावित है। इसमें केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया मुख्य वक्ता होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी शामिल होंगे। जबलपुर में 2 नवंबर को पदयात्रा आयोजित की जाएगी।



राजनाथ सिंह

इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह या भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को आमंत्रित करने की तैयारी है। हालांकि, अभी किसी का कार्यक्रम तय होने की पुष्टि नहीं हुई है। भोपाल में 4 नवंबर को अटल पथ से रोशनपुरा चौराहे तक पदयात्रा प्रस्तावित है। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के शामिल होने की संभावना है। तीनों कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी भी प्रस्तावित है। भाजपा के परिपत्र के अनुसार अभियान 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगा।

डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख



## पीड़ित के पूरे पैसे बैंक से दिलवाने की बने व्यवस्था

- सीजेआई ने ठगे गए पढ़े-लिखे लोगों से सवाल किया कि वे अगली पीढ़ी को क्या सीख देंगे? उन्होंने कहा कि फर्जी अदालती आदेशों की सत्यता संबंधित अदालत की वेबसाइट पर जांची जा सकती है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि जागरूकता अभियानों और समाचारों के बावजूद लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि आप कैसे मान लेते हैं कि मोबाइल पर आपको गिरफ्तार किया जा रहा है? मोबाइल को दीवार पर दे मारें, गिरफ्तारी खत्म हो जाएगी। सीजेआई ने पढ़े-लिखे लोगों के ठगी का शिकार होने पर भी निराशा जताई और सवाल किया कि वे अगली पीढ़ी को क्या सीख देंगे।

उन्होंने कहा कि फर्जी अदालती आदेशों की सत्यता संबंधित अदालत की वेबसाइट पर जांची जा सकती है। अदालत ने कहा कि यदि बैंक की लापरवाही के कारण किसी व्यक्ति के साथ साइबर धोखाधड़ी होती है, तो पीड़ित को हुए नुकसान की भरपाई की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से ऐसे नियम बनाने पर विचार करने को कहा गया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की तीन सदस्यीय पीठ ने गुरुवार को सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि इस साल देश को डिजिटल अरेस्ट और इस तरह की साइबर ठगी से करीब 800 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने ने अदालत को बताया कि पिछले साल की तुलना में डिजिटल अरेस्ट के दर्ज मामलों में लगभग 50 प्रतिशत की कमी आई है।

### आरबीआई से ऐसे नियम बनाने पर विचार करने को कहा



फाइल फोटो

### आरबीआई को अगली सुनवाई पर सभी अधिकृत वित्तीय संस्थानों की सूची प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया

**ठगों की बातों पर भरोसा करके अपनी मेहनत की कमाई क्यों गंवा देते हैं?**

**मोबाइल को दीवार पर दे मारें गिरफ्तारी खत्म हो जाएगी**

### असामान्य लेन-देन पर नजर रखें बैंक

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बैंकों को ऐसे लेन-देन की पहचान करनी चाहिए, जो खाताधारक के सामान्य वित्तीय व्यवहार से बिल्कुल अलग हों। संदिग्ध लेन-देन की स्वचालित सूचना देने और भुगतान की पुष्टि के लिए अतिरिक्त सत्यापन जैसे उपाय अपनाए जा सकते हैं। जरूरत पड़ने पर खाताधारक से संपर्क कर यह पता लगाया जाना चाहिए कि वह अपनी इच्छा से रकम भेज रहा है या किसी के दबाव, धमकी अथवा धोखाधड़ी का शिकार होकर ऐसा कर रहा है।

जिंदगी को इतना बोझ क्यों समझ लिया?

## दो बहनों ने चार बच्चों के साथ कुए में कूदकर दी जान, छह की मौत





सीता | प्रियंका | राखी | श्लोक

- पति की मौत के सदमे में थी पहली बहन
- आहत दूसरी बहन ने भी उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले में दो सगी बहनों की अलग-अलग घटनाओं में चार बच्चों के साथ कुए में डूबने से मौत हो गई। दोनों घटनाएं बुधवार को हुईं। पहली घटना बैराड़ थाना क्षेत्र के गुंगरगांव की है, जहां 35 वर्षीय अंजली रावत ने अपनी तीन बेटियों को कुए में धकेल दिया और छह वर्षीय बेटे प्रशांत को गोद में लेकर खुद भी कुए में कूद गई। इस घटना में मां-बेटे की मौत हो गई, जबकि बड़ी बेटी मोनिका अपनी दो छोटी बहनों के साथ किसी तरह बच निकली। उसने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी


inh

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय पैकल टेरो

TATA PLAY पैकल रु. 1155 | airtel पैकल रु. 366

हरिभूमि सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

सामान्य कूपन

30 अक्टूबर 2026

कूपन नं. 22


करवा चौथ पर प्रेम, विश्वास और त्याग की मिसाल

### मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल में सफल प्रत्यारोपण



आईसीयू में पति की छलनी से दीदार करतीं रश्मि

### रश्मि ने किडनी दान कर पति दीपक को दिया 'नया जीवन'

जबलपुर। करवा चौथ पर पत्नी अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है। जबलपुर की रश्मि गुप्ता ने पति दीपक गुप्ता को किडनी दान कर उन्हें नया जीवन देने में अहम भूमिका निभाई। मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल में सफल किडनी प्रत्यारोपण के बाद यह दंपती प्रेम, विश्वास और त्याग की मिसाल बन गया है।






प्रयागराज में जमीन के नीचे दबे मिले तीन ड्रम

## इनसे करोड़ों की नकदी बरामद, रकम 60 करोड़ रुपए तक होने की संभावना

- 500-500 के नोटों की गड्डियां मिलीं, 4 लोग हिरासत में

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

प्रयागराज जिले में एक मकान के नीचे जमीन में दबे तीन नीले ड्रमों से करोड़ों रुपए की नकदी बरामद हुई है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरईपुर रामनगर गांव में मिले इन ड्रमों में 500-500 के नोटों की गड्डियां भरी थीं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक नकदी 5 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। हालांकि, गांव में रकम 60 करोड़ तक होने की चर्चा है।



फडणवीस-गडकरी के क्षेत्र में झटका

## 'नागपुर' स्नातक सीट पर कांग्रेस का कब्जा बरकरार



कांग्रेस के वंजारी की रोमांचक जीत

एजेंसी ⏭ नागपुर

महाराष्ट्र विधान परिषद की नागपुर संभाग स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। बेहद रोमांचक मुकाबले में कांग्रेस के मौजूदा विधान परिषद सदस्य अभिजीत वंजारी ने भाजपा उम्मीदवार और पूर्व विधायक सुधाकर कोहाले को 3,271 मतों से हराया।

शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने बोर्ड ऑफिस चौराहे पर किया प्रदर्शन

घसीटी गईं महिलाएं पुलिस से चिरौरी करती रहीं

## हमारा व्रत है, आपको दया नहीं आ रही है अगर नियुक्ति नहीं देनी है, तो जहर दे दो



आंखों से आंसू छलके

- सड़क पर बैठकर बजाई थालियां बोर्ड ऑफिस चौराहे पर हुआ ट्रैफिक जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शिक्षक भर्ती को लेकर अभ्यर्थियों द्वारा लगातार प्रदेशभर में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी बीच गुरूवार को नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर प्राथमिक शिक्षक वर्ग-3 के मेरिट होल्डर अभ्यर्थियों ने राजधानी स्थित बोर्ड ऑफिस चौराहे पर घरना-प्रदर्शन किया। मांगें पूरी नहीं होने से नाराज अभ्यर्थी इस दौरान सड़क पर बैठ गए और थालियां बजाकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के कारण चौराहे पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। जिसके बाद वहां मौजूद पुलिस बल ने प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन अभ्यर्थी सड़क पर ही लेट गए और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला अभ्यर्थी भी शामिल हुईं। अभ्यर्थियों का आरोप है कि इस दौरान पुलिस ने महिलाओं को घसीटकर बस में बैठाने की कोशिश। महिला अभ्यर्थियों ने गुहार लगाते हुए कहा कि हमारा करवा चौथ का व्रत है, आपको दया नहीं आ रही है? वे पिछले दो साल से पद बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।



महिला पुलिस से मिन्नत करती हुई

चक्रवात अर्नब के कहर से ओडिशा और आंध्र प्रदेश में बिगड़े हालात, कई बेघर

# ओडिशा के गंजाम में 300 गांव बाढ़ में घिरे, कई ट्रेनें रद्द, प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को हवाई मार्ग से निकाला जा रहा, तटरक्षक बल और हेलिकॉप्टर तैनात

आंध्र प्रदेश और यानम तटों से टकराने के बाद मौसम विज्ञान विभाग ने 48 घंटों को बेहद अहम बताया है। दक्षिण अंडमान सागर में एक और नया निम्न दबाव का क्षेत्र विकसित हो गया है, जिससे समुद्र में एक और मौसमी बवंडर उठने की आशंका गहरा गई है।

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

चक्रवात अर्नब के कारण ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश और बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। ओडिशा के गंजाम जिले में करीब 300 गांव पानी से घिर गए हैं। राज्य सरकार प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को हवाई मार्ग से निकाला जा रहा है। ओडिशा की मुख्य सचिव अनु गर्ग ने गुरुवार को बताया कि एनडीआरएफ और ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में बचाव अभियान चला रही हैं। लगातार बारिश और बादल नीचे होने के कारण हेलीकॉप्टर से लोगों को निकालने में परेशानी आ सकती है। राज्य सरकार केंद्रीय गृह मंत्रालय के संपर्क में है। पहले चरण में करीब 120 लोगों को हवाई मार्ग से निकालने की योजना बनाई है।

### श्रीकाकुलम में रेल सेवाएं प्रभावित

ओडिशा की मुख्य सचिव ने बताया कि भारी बारिश से आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलममें रेल सेवाएं प्रभावित हुई हैं। रेलवे पुल पानी में डूब गया है, जिससे दोनों ओर से ट्रेनों की आवाजाही रुक गई है।



ओडिशा में लोगों को सुरक्षित पहुंचाया जा रहा

### एक और मौसमी बवंडर उठने की आशंका

### गंजाम में ऋषिकुल्या नदी उफान पर

गंजाम जिले के सोरड़ा समेत कई इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। पिछले तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण ऋषिकुल्या नदी उफान पर है। इससे आसपास के कस्बों और गांवों में पानी भर गया है।

### फसलों और बागवानी को नुकसान

मुख्यमंत्री ने बताया कि अल नीनो के प्रभाव से रायलसीमा क्षेत्र में मुश्किलें बढ़ रही हैं, जबकि उत्तर आंध्र, तटीय जिलों और गोदावरी नदी क्षेत्र में चक्रवात का असर देखने को मिला है। इन इलाकों में किसानों की खड़ी फसलों और नारियल के पेड़ों को नुकसान पहुंचा है।

### माझी ने की शाह से बात, केंद्र ने मदद का दिया भरोसा



ओडिशा के सीएम माझी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की और नुकसान की जानकारी दी। शाह ने ओडिशा और अन्य प्रभावित राज्यों को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

मुख्यमंत्री नायडू ने की समीक्षा

### आंध्र प्रदेश में बिजली बहाली और मुआवजे पर जोर



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कलेक्टरों और अधिकारियों के साथ टेलीकॉन्फ्रेंस कर चक्रवात से हुए नुकसान की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि बिजली आपूर्ति बहाल की जाए और नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### ग्रेनो में 19वीं मंजिल से कूदा 18 साल का लड़का

**ग्रेटर नोएडा।** यहां स्थित बिसरख कोतवाली क्षेत्र के गौर सिटी-2 स्थित प्रिस्टीन एवेन्यू सोसायटी में



गुरुवार को 19वीं मंजिल से गिरकर 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई।युवक की पहचान आदित्य अरोड़ा पुत्र अजय अरोड़ा के रूप में हुई है। वह इसी सोसाएटी में रहता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गुजरात को आज 14 हजार करोड़ की सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गुजरात के 2 दिनी दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे 14,000



करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे।'पीएम-किसान' योजना के तहत 19,000 करोड़ की 24वीं किस्त जारी करेंगे और दो ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे।

### गोहत्या के मामले में 3 लोगों को उम्रकैद

**गांधीनगर।** गुजरात के गांधीनगर जिले की एक अदालत ने 3आरोपियों को गोहत्या और 277



किलोग गोमांस रखने का दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने फैसले में गाय के धार्मिक महत्व को रेखांकित करने हुए हिंदू धर्मग्रंथों का हवाला दिया। उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने इस फैसले का स्वागत किया है।

### टाइगर गोलीबारीः 11 आरोपी पुलिस हिरासत में

**मुंबई।** मुंबई की विशेष मकोका अदालत ने अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुई गोलीबारी के मामले के सभी



11 आरोपियों छह नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। आरोपियों को सख्त महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत फिर से गिरफ्तार करने के बाद विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया।

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण और पटाखों पर रोक पर बोला सुप्रीम कोर्ट

# पटाखों पर पूरी तरह से रोक नहीं लगेगी प्रदूषण रोकें और 'नामी' लोगों की मदद लें

त्योहार के दौरान नियमों का पालन हो और प्रदूषण पर भी काबू रखा जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण और पटाखों पर रोक को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह पटाखों पर पूरी तरह रोक लगाने के पक्ष में नहीं है। कोर्ट ने साफ किया कि लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना उसका मकसद नहीं है। साथ ही, कोर्ट ने पटाखों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए नियमों पर सख्ती से अमल करने की जरूरत बताई।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिवाली का त्योहार सकारात्मक माहौल बनाता है। ऐसे में जरूरी है कि त्योहार के दौरान नियमों का पालन कराया जाए और प्रदूषण पर भी काबू रखा जाए। कोर्ट ने अधिकारियों से दिवाली के दो दिनों के दौरान खास सतर्कता बरतने को कहा। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा कि प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए विराट कोहली जैसे मशहूर लोगों की मदद क्यों नहीं ली जाती? हर व्यक्ति की सोच और व्यवहार को बदलना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। लोगों की आदतें बदलने में समय लगेगा। इसलिए जागरूकता के साथ-साथ नियमों को सख्ती से लागू करना भी जरूरी है। कोर्ट ने समस्या से निपटने पर जोर दिया।



### नियमों के पालन पर रहेगा जोर

सुनवाई में यह बात सामने आई कि प्रदूषण से निपटने के लिए सिर्फ पाबंदियां लगाना काफी नहीं है। लोगों को जागरूक करने के साथ यह भी जरूरी है कि अधिकारी नियमों का सही तरीके से पालन कराएं। कोर्ट ने दिवाली के दौरान विशेष निगरानी रखने और प्रदूषण कम करने के लिए किए जा रहे उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर रहेगा।

### दिल्ली सरकार ने बताई प्रदूषण से निपटने की तैयारियां

दिल्ली सरकार की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कोर्ट को बताया कि प्रदूषण के मौसम से निपटने के लिए सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। दिल्ली के बाहर से आने वाले बीएस-6 मानक से नीचे के वाहनों को राजधानी में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। ट्रैफिक कम करने के लिए सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव किया गया है। निर्माण स्थलों के पास एंटी-स्मॉग गन लगाई गई हैं। दिल्ली में 608 एंटी-स्मॉग गन लगाई जा चुकी हैं। सालाना प्रदूषण नियंत्रण योजना और कंट्रोल सेंटर भी काम कर रहे हैं।

अदालत का सरकार से सवाल

### ई100 से चलने वाले वाहनों को ईंधन की आपूर्ति कैसे की जाएगी?

उच्चतम न्यायालय ने सरकार से यह सवाल पूछा कि 100 प्रतिशत एथनॉल वाले ईंधन से



चलने वाले वाहनों के लिए ईंधन की आपूर्ति किस तरह सुनिश्चित की जाएगी। केंद्र सरकार ने इसी सप्ताह फ्लेक्स फ्यूल वाहन में ई100 ईंधन के इस्तेमाल की अनुमति देने के लिए नियमों में संशोधन किया। पेट्रोल में एथनॉल का मिश्रण तत्काल 20 प्रतिशत से आगे बढ़ाने की उसकी कोई योजना नहीं है।

### अटॉर्नी जनरल बोले- विनिर्माण व्यवस्था में बदलाव करने होंगे

इस पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि इसके लिए बड़े पैमाने पर विनिर्माण



व्यवस्था में बदलाव करने होंगे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 26 अक्टूबर को केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन अधिसूचित किया था। इसके तहत ई100 यानी लगभग शुद्ध एथनॉल से चलने वाले वाहनों को भी नियमों में शामिल किया गया है। इससे पहले ई85 जैसे अधिक एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन से चलने वाले वाहनों का प्रावधान था।

शेयर बाजार में पारदर्शिता पर की टिप्पणी

## नहीं दे सकते निर्देश, मोइत्रा की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने ग टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से जुड़ी एक याचिका का निपटारा कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को वैकल्पिक निवेश फंड , विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों और उनके मध्यस्थों के वास्तविक लाभार्थी मालिकों तथा निवेश पोर्टफोलियो की पूरी जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया।



### मोइत्रा से कहा- संसद में चर्चा करतीं

पीठ ने शुरुआत में मोइत्रा के याचिका दायर करने पर सवाल उठाया। अदालत ने कहा कि वह यह मुद्दा संसद में उठा सकती थीं और इस पर चर्चा की मांग कर सकती थीं। किसी मौजूदा कानूनी व्यवस्था के बिना परमादेश जारी नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि अगर कोई कानूनी व्यवस्था होती और सेबी उसका पालन नहीं कर रहा होता, तो अदालत अनुपालन का निर्देश दे सकती थी।

राहुल बोले महारैली में शामिल हों

## आप लाठियों से मत डरिए भाजपा हिम्मत नहीं करेगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को देशभर के छात्रों से इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। यह प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर किया जाएगा।

राहुल ने छात्रों से कहा कि वे पुलिस और लाठियों से न डरें। उन्होंने दावा किया कि भाजपा में इस तरह की कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं होगी। राहुल ने वीडियो संदेश साझा करते हुए लिखा, पुलिस की चिंता मत कीजिए, लाठियों से मत डरिए। भाजपा में इस तरह की हरकत करने की हिम्मत नहीं होगी। राहुल एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले 'चलो दिल्ली रामलीला मार्च' का नेतृत्व करेंगे।

'वोट चोरी' के खिलाफ अभियान जारी रहेगा

### भाजपा संसद भंग करके मतपत्रों से चुनाव का सामना करेः खरगे

**बेंगलुरू।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कथित 'वोट चोरी' के



खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे। उन्होंने भाजपा को चुनौती दी कि यदि उसे अपने चुनावी प्रदर्शन पर भरोसा है, तो वह संसद भंग करके मतपत्रों के जरिए चुनाव का सामना करे। कांग्रेस ने 'वोट चोरी' के खिलाफ एक नवंबर को दिल्ली में विशाल रैली करने की घोषणा की है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मतदाता सूचियों से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। पार्टी का दावा है कि इससे विशेष रूप से अल्पसंख्यक तथा आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग प्रभावित हुए हैं। कुमार ने निर्वाचन आयोग में गड़बड़ी की है।

### 'वोट का अधिकार खतरे में, हम चुप नहीं रहेंगे



पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी नेता ममता बनर्जी ने मतदाता सूची में बदलाव और वोटों में कथित गड़बड़ी के खिलाफ विपक्षी दलों से एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जब लोगों के वोट देने के अधिकार पर खतरा हो, तब चुप नहीं रहा जा सकता।आईएनडीआईए ने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली बुलाई है। इस रैली का मुख्य मुद्दा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवाल हैं।

नैफेड ने नए क्षेत्र में कदम रखा

## शुद्ध गुणवत्तायुक्त खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराएगा, 3 प्लांट लगेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के किसानों की संस्था और सहकारी संगठन नैफेड अपने राजस्व को बढ़ाने और उपभोक्ताओं को शुद्ध गुणवत्ता वाले खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए लगातार नए क्षेत्रों में कदम रख रहा है। दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में नए प्लांट लगाने की बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। नैफेड की बोर्ड बैठक में इन सभी परियोजनाओं को मंजूरी मिल चुकी है और दिल्ली में लगने वाले दाल प्लांट के लिए टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं। इस प्लांट के



शुरू होने से नैफेड का बाहरी खर्च और लागत बचेगी। दालों की गुणवत्ता और आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। इसे सहकारिता की मदद से संचालित करने की योजना है। दिल्ली के नजफगढ़ के उजवा क्षेत्र में 14 करोड़ से एक आधुनिक दाल प्लांट लगाया जा रहा है।

राजकोट एयरपोर्ट के पास लगी आग

## एयर इंडिया की फ्लाइट वडोदरा डायवर्ट, 100 यात्रियों ने ली सांस

एजेंसी ▶▶ राजकोट

राजकोट के हीरासर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पक्षियों को भगाने पटाखे फोड़ने के दौरान रनवे के पास सूखी घास में अचानक आग भड़क उठी। इससे चारों तरफ धुएं का गुबार छा गया और रनवे पर दृश्यता काफी घट गई, जिससे विमानों की लैंडिंग की सुरक्षा खतरे में पड़ गई। दिल्ली से राजकोट आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट को वडोदरा डायवर्ट कर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग




बुझाने का काम शुरू किया। फ्लाइट सुबह 10:25 बजे राजकोट पहुंचने वाली थी। रनवे पर भारी धुआं होने से लैंडिंग की अनुमति नहीं दी गई। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पायलट को विमान को हवा में ही 4 चक्कर लगाने पड़े। विमान में सवार 100 यात्रियों ने राहत की सांस ली।

'सहकार से समृद्धि': शाह की अध्यक्षता में सहकारी विकास निगम की बैठक

## सहकारी आंदोलन को दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाया सुदृढ़ीकरण व वित्तपोषण के विस्तार पर की चर्चा

वित्तीय एवं संस्थागत उपलब्धियों, सहकारी विकास पर की बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री के 'सहकार से समृद्धि' के विजन को साकार करने तथा देश में सहकारिता आधारित सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी विकास को गति देने की दिशा में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगमकी महापरिषद की 93वीं बैठक आज नई दिल्ली स्थित निगम के मुख्यालय में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय एवं संस्थागत



उपलब्धियों, सहकारी क्षेत्र में वित्तपोषण के विस्तार, नई बहुराज्यीय सहकारी संस्थाओं के विकास, ग्रामीण आजीविका के सुदृढ़ीकरण तथा निगम की भावी कार्ययोजना से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

### कार्यों और उपलब्धियों की सराहना की

शाह ने कहा कि 5 वर्षों में निगम ने अत्यंत सराहनीय कार्य किया है। निगम ने न केवल वित्तीय प्रदर्शन और निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में उल्लेखनीय प्रगति की है, बल्कि प्रति कर्मचारी लाभ में वृद्धि, ऋण स्वीकृतियों एवं संवितरण में विस्तार और नेट एनपीए को शून्य बनाए रखने जैसी अहम उपलब्धियां भी हासिल की हैं।

मुख्यमंत्री सुवेंदु ने घुसपैठियों को दी चेतावनी

उत्तर दिनाजपुर में बोले मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी

## जेल का चावल नहीं खिलाऊंगा, जहां से आए उसी रास्ते से वापस भेजूंगा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने घुसपैठ के मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए चेतावनी दी है। सुपेंदु ने कहा कि जिस रास्ते से



बांग्लादेश से आए हो, उसी रास्ते से वापस भेजूंगा। जेल में रखकर जेल का चावल नहीं खिलाऊंगा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को वापस भेजने से पहले होल्डिंग स्टेशन में रखा जाएगा। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सुवेंदु ने यह बात कही।

बंगाल की स्कूलों की किताबों में बदलाव

### 'पानी' की जगह 'जल', 'अब्बा' की जगह 'बाबा'

पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली बांग्ला भाषा की किताबों में जल्द बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। सीएम सुवेंदुअधिकारी की सरकार की ओर से गठित पाठ्यक्रम समीक्षा समिति ने किताबों में इस्तेमाल होने वाले कुछ शब्दों को बदलने, इतिहास के पाठ्यक्रम में संशोधन करने की सिफारिश की है। बांग्ला की किताबों में 'पानी' की जगह 'जल' और 'अब्बा' की जगह 'बाबा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके साथ ही हिंदू राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन को पाठ्यक्रम में शामिल करने और मुगल शासन तथा मार्क्सवादी विचारधारा से जुड़े कुछ हिस्सों को कम करने का फैसला किया गया है। कल्याणी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर देबाशीष चटर्जी इस पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तक समीक्षा समिति के प्रमुख हैं।

उत्तर प्रदेश चुनाव से पहले भाजपा ने किया मंथन

# 'कांग्रेस-इंदिरा' नहीं, ये अब 'इटैलियन कांग्रेस' बन गई

नवीन ने महासचिवों के साथ की बैठक, संगठन के कामकाज पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिवों के साथ बैठक की। इसमें संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों और आने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा हुई। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष, स्मृति ईरानी, विनोद तावड़े और सुनील बंसल समेत अन्य नेता शामिल हुए। इस बैठक के बाद नितिन नवीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

**चर्चा के विषय**

- आगामी कार्ययोजना और संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई
- आगामी विधानसभा चुनावों (2027) की तैयारियों और रणनीतियों पर मंथन हुआ
- इंडिया ब्लॉक की रैलियों और एसआईआर के विरोध से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया



### विपक्ष के अभियान का जवाब देने की कोशिश

ससे पहले बुधवार को नितिन नवीन ने भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत दिल्ली के चांदनी चौक में एक मार्च का नेतृत्व किया। यह मार्च ऐसे समय में निकाला गया, जब एसआईआर को लेकर राजनीतिक तनाव बढ़ रहा है और कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने 'वोट चोरी' के आरोप लगाए हैं। सत्ताधारी पार्टी ने अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट करके विपक्ष के अभियान का जवाब देने की कोशिश की है।

**चुनावी हार को नागरिकों द्वारा किया गया शुद्धिकरण कहा**

इसी प्रयास के तहत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन ने बुधवार को चांदनी चौक में मार्च का नेतृत्व किया। उन्होंने गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'कांग्रेस-आई' (जिसे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने जनवरी 1978 में बनाया था) का मतलब 'कांग्रेस-इंदिरा' नहीं, बल्कि 'इटैलियन कांग्रेस' है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस की चुनावी हार को नागरिकों द्वारा किया गया शुद्धिकरण करार दिया।




# महिलाओं पर विवादित बयान से भड़के नेता, सांसदों के बीच लात-घूंसे चले

एजेंसी ▶▶| येरेवन

आर्मेनिया की संसद में गुरुवार को सत्तारूढ़ दल और विपक्षी सांसदों के बीच मारपीट हो गई। विवाद महिलाओं पर दिए गए विवादित बयान से शुरू हुआ था। सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद तारोन चखोयान ने विपक्षी नेता नारेक कारापेटयन से माफी मांगने के लिए कहा था। चखोयान ने अपने भाषण में विपक्षी नेता कारापेटयन के चचेरे भाई सरगिस कारापेटयन के पुराने बयान का जिक्र करते हुए उनकी आलोचना की थी। सरगिस कारापेटयन ने एक पॉडकास्ट में महिलाओं की यौन संतुष्टि पर अपमानजनक टिप्पणी की थी।

### चखोयान से माफी मांगने को कहा

*सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद तारोन चखोयान ने संसद में इसी बयान का जिक्र करते हुए विपक्षी नेता नारेक कारापेटयन पर निशाना साधा। चखोयान ने सवाल उठाया कि इस टिप्पणी के लिए अब तक महिलाओं से माफी क्यों नहीं मांगी गई। इसी बात पर दोनों के बीच बहस शुरू हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई।*

### कॉरिडोर में भी की मारपीट

*संसद परिसर के कॉरिडोर में भी सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के सांसद एक-दूसरे से मारपीट करते नजर आए। सुरक्षाकर्मी मारपीट कर रहे सांसदों को रोकने की कोशिश करते रहे लेकिन सांसद नहीं रुके।*

### महिलाओं को लेकर की थी अपमानजनक टिप्पणी

*इसी साल जनवरी में एक समाजशास्त्री ने कहा था कि आर्मेनिया में अधेड़ उम्र की महिलाओं की राजनीति में दिलचस्पी बढ़ रही है। समाजशास्त्री ने इसकी वजह यौन असंतुष्टि बताया था। जब एक पॉडकास्ट में विपक्षी नेता कारापेटयन के चचेरे भाई सरगिस कारापेटयन से इस पर चर्चा हुई तो उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर देश में कोई भी महिला यौन संतुष्टि से वंचित नहीं रहेगी।*

## खबर संक्षेप

### भारत ने क्यूबा के पक्ष में मतदान किया

**न्यूयॉर्क।** भारत ने क्यूबा के खिलाफ अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक, वाणिज्यिक और वित्तीय



प्रतिबंधों को समाप्त करने की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासभा के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। भारत ने कहा कि कैरेबियाई देश को अपनी विकास आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करने के लिए इन प्रतिबंधों को हटाया जाना चाहिए। यूएन की 193 सदस्यीय महासभा ने बुधवार को इस प्रस्ताव को अपनाया, जिसमें 130 देशों ने पक्ष में मतदान किया, 17 ने विरोध में मतदान किया और 25 देश अनुपस्थित रहे।

### रक्षा राज्य मंत्री वीआईएसवी का उद्घाटन करेंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ 30 अक्टूबर को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में सेंटर फॉर ज्वाइंट



वारफेयर स्टडीज (सीईएनजेओडब्ल्यूएस) के सहयोग से रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की ओर से आयोजित किए जा रहे विश्व-2026 (वीआईएसवी-2026: विजन, इनोवेशन, सिनर्जी, वैल्यूज) का उद्घाटन करेंगे। 'रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन, वैश्विक साझेदारी को मजबूत करना' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश की स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी क्षमताओं को प्रदर्शित करना और मित्र भागीदार देशों के साथ संबंधों को मजबूत करना है।

### यूक्रेन के रेलवे स्टेशन पर हमला, 14 मौतें

**कीव।** यूक्रेन के मध्य में स्थित निप्रो शहर में गुरुवार सुबह रूसी ड्रोन ने रेलवे स्टेशन पर हमला



किया। अधिकारियों के मुताबिक, हमले में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हुए हैं। शहर के मेयर बोरिस फिलातोव ने कहा कि ड्रोन ने यात्रियों को ले जाने वाली इलेक्ट्रिक ट्रेन को निशाना बनाया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले को भयावह बताया। उन्होंने रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग की, ताकि ऐसे हमलों को रोका जा सके। यूक्रेन की सरकारी रेलवे कंपनी ने यह जानकारी दी।

### आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में राजनाथ सिंह की दो टूक

# आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति, तबाह किया आतंकी ढांचा

एजेंसी ▶▶| सेबू

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फिलीपींस के सेबू में आयोजित 'आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम प्लस)' को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति है। आतंकवादियों के खिलाफ भारत के दृष्टिकोण का एक बड़ा उदाहरण, हमने पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर में दिखाया था, जब हमने बड़ी संख्या में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया था।

यह राज्य-प्रायोजित आतंक के खिलाफ, भारत के स्पष्ट दृष्टिकोण की भी घोषणा की गई थी। आतंकवाद-निरोध के क्षेत्र में भारत का अनुभव, कक्षा या सैद्धांतिक ज्ञान भर नहीं है बल्कि यह दशकों तक जमीनी स्तर पर सीमा पार सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने का अनुभव हासिल हुआ है। आतंकवादियों के खिलाफ हमारी हर रणनीति, वास्तविक संचालन में परखी हुई है और अपनी सफलता साबित कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में विश्वास रखता है जो कि आपसी विश्वास, सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी पर आधारित हो। सहयोगात्मक भावना की यही इच्छाशक्ति ही, हमें शांति और व्यवस्था के समक्ष आ रही चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाएगी।

> राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद-निरोध के क्षेत्र में भारत का अनुभव, कक्षा या सैद्धांतिक ज्ञान भर नहीं है बल्कि यह दशकों तक जमीनी स्तर पर सीमा पार सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने का अनुभव हासिल हुआ है। आतंकवादियों के खिलाफ हमारी हर रणनीति, वास्तविक संचालन में परखी हुई है

*सामूहिक क्षमताओं और मजबूत करने की अपील*

*आसियान देशों के साथ साझा हितों के लिए तैयार*




बैठक को संबोधित करते राजनाथ सिंह

### हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता आवश्यक

*राजनाथ सिंह ने कहा कि आसियान के साथ हमारा जो दीर्घकालिक रणनीतिक जुड़ाव है, वह साझा हितों, आपसी सम्मान और व्यावहारिक सहयोग पर आधारित है। भारत अपने एडीएमएम-प्लस साझेदारों के साथ, अपनी व्यावहारिक और युद्ध-परीक्षित आतंकवाद विरोधी लड़ाई को साझा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। संयुक्त सैन्य अभ्यास, क्षमता-निर्माण कार्यक्रम और मजबूत खुफिया जानकारी साझा करने के माध्यम से हम अपनी सामूहिक क्षमताओं को और मजबूत कर सकते हैं। हम एक ऐसे इंडो-पैसिफिक का समर्थन करते हैं, जो सुरक्षित हो, मजबूत हो और जहां केवल शांति और स्थिरता की आकांक्षाएं नहीं बल्कि हमारे सामूहिक प्रयास के परिणाम हों। भारत ने हमेशा एशियाई केंद्र की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। हमने एक ऐसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की परिकल्पना की है, जो खुला हो, समावेशी हो और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर आधारित हो।*

### समुद्री क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन हो

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज, जब वैश्विक व्यापार मार्गों को अलग-अलग प्रकार के नए अंतर्राष्ट्रीय आदर्शों का सामना करना पड़ रहा है, तब समुद्री सुरक्षा के प्रति केवल बयान देना पर्याप्त नहीं है। भारत का कानून का नियम और विशेष रूप से समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन पर जोर देना, नेविगेशन और ओवरफ्लाइट की स्वतंत्रता को अवैध बनाना, किसी भी देश के खिलाफ नहीं है बल्कि इसका उद्देश्य सभी क्षेत्रीय हितधारकों के सामूहिक हितों की रक्षा करना है, जो खुले समुद्री मार्ग और स्थिर समुद्री शासन पर अड़े हुए हैं। हम समुद्री सुरक्षा, खोज और बचाव, मानवीय सहायता, व्यावसायिक संपर्क, क्षमता निर्माण और अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करते हैं और इन क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए, आसियान भागीदारों के साथ सामूहिक कार्य करने के लिए तत्पर हैं।

### रक्षा 'यूथ ब्रिज' स्थापित करने का प्रस्ताव

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की ओर से एक मजबूत रक्षा "यूथ ब्रिज" स्थापित करने का प्रस्ताव है। इस ढांचे का उद्देश्य लोगों से लोगों की कनेक्टिविटी, डिजिटल नवाचार और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना होगा। सदस्य देश हमारे युवाओं की जोड़ी को जोड़ने में मदद करें। हमारी अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने का यह दृष्टिकोण, इस बैठक का संयुक्त वक्तव्य 'युवा शांति और सुरक्षा' के साथ भी पूरी तरह से मेल खाता है। अपने विद्यार्थियों को एमबीएस कर, हम इस क्षेत्र का भविष्य तैयार कर रहे हैं। आज जब हम भारत और आसियान के सशक्तिकरण को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं, भारत का संकेत है कि हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारी युवा आबादी और उनकी ऊर्जा, गतिशीलता और आकांक्षाएं हैं। भारत और आसियान देशों की जनसंख्या, तुलनात्मक रूप से युवा है।

### राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बढ़ी मुश्किलें

# रूसी डीजल सौदे पर रोक के लिए सांसदों ने पेश किया बिल



डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से रूसी डीजल के आयात को दी गई छूट को रद्द करने के लिए डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन सांसदों ने मिलकर एक विधेयक पेश किया है। सांसदों का कहना है कि यह छूट वर्ष 2022 के उस कानून का उल्लंघन करती है, जिसके तहत रूसी तेल के आयात पर प्रतिबंध लगाया गया था। वॉशिंगटन राज्य की डेमोक्रेट सांसद मैरी ग्लूसेनकैंप पेरेज और पेंसिल्वेनिया के रिपब्लिकन सांसद ब्रायन फिट्जपैट्रिक तथा नेब्रास्का के रिपब्लिकन सांसद डॉन बेकन ने पिछले सप्ताह 'रॉनल्ड रीगन पीस थ्रू स्ट्रेंथ एक्ट' पेश किया। विधेयक का उद्देश्य अमेरिकी वित्त मंत्रालय की ओर से रूसी तेल के आयात को दी गई छूट को रद्द करना है। इसके पारित होने पर 'जनरल लाइसेंस 135 तत्काल प्रभाव से निष्प्रभावी हो जाएगा।' साथ ही, भविष्य में रूसी ऊर्जा उत्पादों के आयात की अनुमति देने वाली ऐसी छूट या सामान्य लाइसेंस जारी करने पर भी रोक लगाने का प्रस्ताव है।

### 2022 के कानून का उल्लंघन

विधेयक में अमेरिकी वित्त मंत्रालय को वर्ष 2022 के रूसी तेल आयात प्रतिबंध कानून का उल्लंघन करने वाले समझौतों पर सरकारी धन खर्च करने से रोकने का प्रावधान भी शामिल है। इसके अलावा, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को यूक्रेन की रक्षा में सहयोग देने और किसी भी व्यवधान की स्थिति में 24 घंटे के भीतर कांग्रेस की खुफिया समितियों को सूचित करने की जिम्मेदारी देने का प्रस्ताव है। पेरेज ने कहा कि राष्ट्रपति का रूसी तेल आयात करने का फैसला अमेरिकी राष्ट्रीय हितों, कांग्रेस की द्विदलीय सहमति और वर्ष 2022 में पारित कानून की अनदेखी करता है। यदि राष्ट्रपति वास्तव में ईंधन की कीमतें कम करना चाहते हैं, तो उन्हें ईरान में युद्ध समाप्त करने पर ध्यान देना चाहिए, न कि अमेरिकी करदाताओं का पैसा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तक पहुंचने देना चाहिए।



मैरी पेरेज

### पहले आलोचना, अब रूस की मदद



डॉन बेकन

वहीं, डॉन बेकन ने ट्रंप के पुराने रुख का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रपति पहले यूरोपीय देशों की रूसी ऊर्जा खरीद को लेकर आलोचना करते रहे हैं, लेकिन अब उनका प्रशासन रूस के लिए डीजल बेचने की राह आसान बना रहा है। यह विधेयक मध्य पूर्व में संघर्ष के कारण बढ़ी ईंधन कीमतों के बीच रूसी डीजल खरीदने के प्रशासन के फैसले के खिलाफ कांग्रेस की ताजा पहल है। रिपब्लिकन सीनेटर थॉम टिलिस भी आशंका जता चुके हैं कि ट्रंप संभवतः वर्ष 2022 के आयात प्रतिबंध का उल्लंघन कर रहे हैं। इस मामले का असर भारत-अमेरिका ऊर्जा संबंधों पर भी पड़ सकता है।

### भारत की समुद्र में बड़ी बादशाहत

# नौसेना को मिली बिना चालक वाली पहली 'स्वदेशी' नाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्तमान समय में युद्ध लड़ने के तरीकों में बड़ा बदलाव हो रहा है। ऐसे समय में भारत ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। भारत अब उन चुनिंदा देशों की लिस्ट में शामिल हो गया है जो अनमैन्ड सरफेस वेसल यानी यूएसवी बना सकते हैं। इसका मतलब है पानी पर चलने वाली ड्रोन नाव। जिसका इस्तेमाल रूस-यूक्रेन युद्ध और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में हो रहा है। यह उपलब्धि केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं है बल्कि आत्मनिर्भर



अनमैन्ड सरफेस वेसल

भारत मिशन के लिए भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है। पुणे की निजी रक्षा कंपनी सागर डिफेंस इंजीनियरिंग ने स्वदेशी अनमैन्ड सरफेस वेसल (यूएसवी) का निर्माण किया है।

### घर वापस आने का कर रहे इंतजार

# 6 महीने से कराची पोर्ट पर फंसे 6 भारतीय नाविक, लगाई गुहार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आठ महीने पहले 25 फरवरी को विनीत किशोर मिश्रा केवर नाम के जनरल कार्गो जहाज पर बतौर चीफ ऑफिसर सवार हुए थे।

ईरान और ओमान के समुद्री रास्तों से होते हुए यह जहाज 17 अप्रैल को पाकिस्तान के कराची बंदरगाह पर पहुंचा। तब से विनीत और उनके साथ पांच अन्य भारतीय नागरिक इस बंदरगाह पर फंसे हुए हैं और उनके घर वापसी को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। विनीत का परिवार उन्हें सुरक्षित घर वापस लाने की गुहार लगाते हुए पीएम नरेंद्र मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से लगातार मदद की अपील कर रहा है। विनीत यूपी के प्रयागराज के रहने वाले हैं और उनके दो बच्चे हैं। विनीत की पत्नी नेहा मिश्रा के अनुसार, कराची पहुंचते ही एक ईरानी कंपनी और बंदरगाह के अधिकारियों के बीच हुए विवाद के चलते जहाज को जब्त कर लिया गया।



विनीत मिश्रा

### अंतरिम सरकार के पूर्व प्रेस सचिव शफीकुल आलम का दावा

# बांग्लादेश में साजिश से गिराई गई हसीना सरकार तख्तापलट से 2 दिन पहले यूनुस छात्रों से मिले

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश में साजिश के तहत शेख हसीना की सरकार गिराई गई थी। उनके खिलाफ चल रहे आंदोलन के दौरान ही छात्र नेताओं ने इस बात पर चर्चा शुरू कर दी थी कि उनके बाद देश की कमान कौन संभालेगा। यह दावा अंतरिम सरकार के सलाहकार रहे मोहम्मद यूनुस के पूर्व प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने किया है। आलम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि छात्रों ने यूनुस से संपर्क करने में फ्रांस की न्यूज एजेंसी एफपी के पत्रकार कादरुद्दीन शिशिर की मदद ली थी।



शफीकुल आलम

### हसीना के भागने का वीडियो बनाने वाले अफसर की मौत



बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने का वीडियो रिकॉर्ड करने वाले पूर्व एयरफोर्स अधिकारी केएम तौसीफ सौरी की मौत हो गई है। उनका शव गुरुवार को ढाका की तुराग नदी में मिला। 28 साल के फ्लाइट लेफ्टिनेंट सौरी 27 अक्टूबर से लापता थे। परिवार ने आरोप लगाया है कि हसीना का वीडियो साझा करने के कारण उन्हें परेशान किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। अधिकारियों के मुताबिक मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी मौत डूबने से हुई, उन्होंने आत्महत्या की या उनकी हत्या की गई। आलम ने दावा किया कि सुरक्षा एजेंसियों को इस बातचीत की जानकारी नहीं थी। अगर अधिकारियों को इसका पता चल जाता तो शिशिर और एएफपी की पूरी टीम को खतरा हो सकता था।

## इजराइल में सत्ता की जंग तेज, पीएम नेतन्याहू ने लगाया चुनाव में धांधली का आरोप

एजेंसी एक हफ्ते में जांच रिपोर्ट सौंपेगी

# चुनाव आयोग ने जांच एजेंसी 'शिन बेट' को दिए गहन जांच के आदेश

एजेंसी ▶▶| यरूशलम

इजराइल में मंगलवार को चुनाव हुए। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया है कि अरब पार्टियों ने रिश्वत, धमकी, हिंसा और धोखाधड़ी के जरिए चुनाव को प्रभावित किया। उनके इस दावे के बाद इजराइल की चुनाव समिति ने इन आरोपों की जांच का आदेश दिया है। केंद्रीय चुनाव समिति के अध्यक्ष जस्टिस नोम सोलबर्ग ने देश की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के प्रमुख डेविड ज़िनी को इन आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने जांच पूरी कर एक हफ्ते के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। सोलबर्ग ने शिन बेट को लिखे पत्र में कहा कि उनके सामने चुनाव को गलत तरीके से प्रभावित करने के गंभीर आरोप आए हैं।



पीएम बेंजामिन नेतन्याहू

### न बीबी के साथ बैठूंगा न टिबी के साथ



यिस्राएल बेतेनु पार्टी के प्रमुख एविग्डोर लिबरमैन ने ऐलान किया है कि वे पीएम बेंजामिन नेतन्याहू (उर्फ़ 'बीबी') के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने साफ किया कि वे न तो बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार में बैठेंगे और न ही उनके नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी गठबंधन (लिकुड ब्लॉक) का हिस्सा बनेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वे विपक्षी खेमे की ऐसी किसी भी अल्पसंख्यक या वैकल्पिक सरकार का समर्थन नहीं करेंगे जो अरब पार्टियों (जैसे अहमद तिबी या मंसूर अब्बास के नेतृत्व वाली पार्टियों) के समर्थन पर टिकी हो।

### नेतन्याहू ने अरब पार्टियों पर लगाए गंभीर आरोप

लिकुड पार्टी के प्रमुख और मौजूदा पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया है कि अरब पार्टियों ने रिश्वत, धमकी, हिंसा और धोखाधड़ी के जरिए चुनाव को प्रभावित किया। उनका दावा है कि मतदाताओं को जुटाने के लिए प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर का भी इस्तेमाल किया गया। उनके मुताबिक, उनकी लिकुड पार्टी पुलिस, शिन बेट और केंद्रीय चुनाव समिति की कथित गड़बड़ियों से जुड़े सैकड़ों गवाहों के बयान और सबूत सौंप रही है।

### बहुमत के आंकड़े से दूर सभी गठबंधन

चुनाव के अनुमानित आंकड़े भी इजराइल की राजनीति में अनिश्चितता दिखा रहे हैं। नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को 26 सीटें मिलने का अनुमान है। इसके साथ यूनाइटेड तोराह जुडाइज्म, शस और ओत्जमा येहुदित जैसे सहयोगी दल हैं। पूरे गठबंधन को करीब 53 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है, जबकि सरकार बनाने के लिए 120 सदस्यीय नेसेट में कम से कम 61 सीटें चाहिए।

### आरोप बेबुनियाद: डीन लिवने



चुनाव आयोग ने चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। आयोग के कार्यवाहक महानिदेशक डीन लिवने ने कहा कि चुनाव कानून के मुताबिक हुआ और अब तक गड़बड़ी के कोई सबूत नहीं मिले हैं। लिवने ने कहा कि मतदान केंद्रों पर चुनाव की निष्पक्षता बनाए रखने के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### यहूदी राष्ट्रवादी दल न करें गठबंधन

नेतन्याहू ने यह भी दावा किया कि कुछ मतदान केंद्रों पर मतदाताओं और मतपेटियों में मिले लिफाफों की संख्या में अंतर था। नेतन्याहू ने संबंधित एजेंसियों से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने यहूदी राष्ट्रवादी दलों से अरब दलों के साथ गठबंधन न करने की अपील की।

### समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाएंगे साझा 'चुनौतियों' से निपटेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और ओमान ने समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने और साझा चुनौतियों से निपटने के लिए नौसैनिक समन्वय बढ़ाने पर चर्चा की। भारतीय नौसेना ने गुरुवार को बताया कि दोनों देशों के बीच नौसेना स्टाफ वार्ता का आठवां संस्करण 27 और 28 अक्टूबर को नई दिल्ली में आयोजित किया गया। वार्ता की सह-अध्यक्षता भारतीय नौसेना के कमोडोर (विदेशी सहयोग) कार्तिक श्रीमल और रॉयल नेवी ऑफ ओमान के संचालन एवं योजना महानिदेशक कमोडोर अहमद जुमा सलीम अल खत्री ने की।





## हिमेश ने क्लब में रोते दोस्त को देखकर बनाया सुपरहिट गाना

**नई दिल्ली।** कोमल नाहटा के 'गेम चेंजर्सः द म्यूजिक सीरीज' में हिमेश रेशमिया ने 'आशिक बनाया आपने' के पीछे की अनसुनी कहानी बयां की। उन्होंने कहा कि 'वह दर्द से रो रहा है।' इस अनुभव को याद करते हुए हिमेश ने कहा,'आशिक बनाया गाने के दौरान मैं अपने दोस्तों के साथ एक लाउंज में था। मेरे दोस्तों में से एक वहां डांस कर रहा था, रो रहा था और शराब पी रहा था। वह भी एक ही समय पर। बैकग्राउंड में एक बढ़िया संगीत बज रहा था, लेकिन शायद उस व्यक्ति की किसी से जुड़ी कोई बुरी याद थी, जिसकी वजह से वह भावुक हो गया था। उस पल मैंने जिस भावनात्मक जुड़ाव को महसूस किया, वही इस गाने की प्रेरणा बना।' उस समय तक किसी ने वास्तव में इस तरह का प्रयोग नहीं किया था।

लाइफ Style

## जान्हवी

### यह शर्मिंदगी हमेशा मेरे साथ रहेगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री जान्हवी कूपर हाल ही में शो 'कॉफी विद करण 9' में पहुंचीं। यहां उन्होंने अपनी फिल्म 'पेद्दी' में अपने किरदार के 'ऑब्जेक्टिफिकेशन' (वस्तु की तरह पेश किए जाने) पर बात की। उन्होंने माना कि वह'ऑब्जेक्टिफिकेशन ' को रोकने के लिए और बेहतर कर सकती थीं।

इस फिल्म से जुड़े विवाद में अपनी भूमिका की जिम्मेदारी ली है। बातचीत के दौरान, शो के होस्ट करण जौहर ने जान्हवी से उस आलोचना के बारे में पूछा, जो फिल्म में उनके किरदार को दिखाए जाने के तरीके को लेकर हुई थी। बुची बाबू सना के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राम चरण अहम किरदार में थे। इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में जान्हवी के किरदार को लेकर काफी विवाद हुआ था। आलोचना का जवाब देते हुए, जाह्नवी ने कहा कि यह बात उनके मन पर लगातार बोझ बनी हुई है। उन्होंने माना कि फिल्म में उनके किरदार को जिस तरह से पेश किया गया, उसे अलग तरीके से दिखाया जा सकता था। उन्होंने कहा, 'इस तरह की कहानी का हमारे समाज पर जो नकारात्मक असर पड़ सकता है, खासकर मेरे जेंडर पर, वह मेरे मन पर एक भारी बोझ की तरह है। यह शर्मिंदगी हमेशा मेरे साथ रहेगी। क्या मैं और कुछ कर सकती थी? क्या मैं और अधिक सतर्क रह सकती थी? बिल्कुल, हां। क्या यह हद से ज्यादा 'ऑब्जेक्टिफिकेशन' था? क्या इसने कहानी के जरिए यौन उत्पीड़न को भी बढ़ावा दिया? हां। लेकिन अब मैं बस इतना कर सकती हूं कि यह सुनिश्चित करूं कि ऐसा दोबारा न हो।'



## हॉलीवुड मसाला



### लौट रहा है रहस्मयी जंगल का रोमांच

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड सिनेमा के दिग्गज अभिनेता ड्वेन जॉनसन और उनकी लोकप्रिय फ्रेंचाइजी फिल्म जुमांजी को हर कोई पसंद करता है। लंबे समय से जुमांजी के आखिरी पार्ट जुमांजी ओपन वर्ल्ड का नाम चर्चा में बना हुआ है। इस बीच मेकर्स की तरफ से जुमांजी 5 का एक और नया ट्रेलर रिलीज किया गया है। जिसमें रहस्यमी जंगल के अंदर एक बार से धांसू एडवेंचर देखने को मिलेगा। सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट इंडिया जुमांजीः ओपन वर्ल्ड' को 25 दिसंबर 2026 को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज करेगी।



### भारत में पहले रिलीज होगी 'एवेंजर्स डूम्सडे'

**नई दिल्ली।** फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' अमेरिका में रिलीज होने से एक दिन पहले भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इससे भारत के दर्शकों को अमेरिकी दर्शकों से पहले मार्वल की इस बड़ी भिड़ंत को देखने का मौका मिलेगा। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लेखक माइकल वाल्ड्रॉन और स्टीफन मैकफीली हैं। इस अनाउंसमेंट के बाद साफ है कि फिल्म अमेरिका से पहले भारत में 17 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, विदेशों में फिल्म की रिलीज डेट 18 दिसंबर की है। फिल्म में क्रिस इवांस, क्रिस हेम्सवर्थ, पेड्रो पास्कल, एंथनी मैकी, पॉल रुड सहित कई बड़े सितारे नजर आएंगे। रॉबर्ट डाउनी जूनियर और क्रिस इवांस ने दिवाली के मौके पर भारतीय फैंस के लिए एक खास वीडियो मैसेज भेजा है। वीडियो मैसेज में दोनों कलाकारों ने कहा, 'नमस्ते इंडिया!



## रामायण का नया गाना जुड़ी जोड़ी रिलीज

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे फिल्म रामायणम की रिलीज डेट 5 नवंबर नजदीक आती जा रही है, ठीक वैसे-वैसे इसको लेकर नए-नए सरप्राइज भी सामने आ रहे हैं। करवाचौथ के शुभ अवसर पर अब रामायणम पार्ट-1 के मेकर्स की तरफ से फिल्म का नया गाना जुड़ी जोड़ी... को ऑडियो वर्जन में रिलीज कर दिया गया। जिसे संगीतकार और गायक ए आर रहमान ने अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर लॉन्च किया है। जिसे मशहूर गायिका श्रेया घोषाल ने अपनी सुरीली आवाज में गाया है। रामायणम का जुड़ी जोड़ी... अभिनेता रणबीर कपूर और साई पल्लवी पर फिल्माया जाएगा, इसका अंदाजा इसके पोस्टर को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है। इस गीत को श्रेया घोषाल ने अपनी मधुर आवाज में गाया है, जबकि संगीतकार ए आर रहमान ने इसकी धुनों को तैयार किया है।



## एक्शन व रोमांटिक फिल्म में आएंगे नजर

**मुंबई।** सुनील शेट्टी के बेटे और अभिनेता अहान शेट्टी फिल्म 'बॉर्डर 2' की सफलता के बाद एक बार फिर एक्शन के मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। अभिनेता अपनी अगली फिल्म 'सनकी' की शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन 'रुस्तम'फेम मशहूर निर्देशक टीनू सुरेश देसाई कर रहे हैं। ज्ञानेंद्र वासुदेव की तरफ से लिखी गई 'सनकी'मूल रूप से एक प्रेम कहानी है। इसमें दमदार और जबरदस्त एक्शन भी देखने को मिलेगा। फिल्म की शूटिंग 30 अक्टूबर से भोपाल में शुरू होगी। 'बॉर्डर 2' में अपने अभिनय और फिल्म को मिली शानदार सफलता के बाद अहान ने अपने अगले प्रोजेक्ट्स का चयन काफी सोच-समझकर किया है। अब वह 'सनकी'में एक नया किरदार निभाते हुए नजर आएंगे।

## टीवी मसाला



### रणबीर ने आलिया को प्रपोज करने का किस्सा किया शेयर

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर हाल ही में अमिताभ बच्चन के शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में नजर आए। यहां उन्होंने आलिया भट्ट को प्रपोज करने से जुड़ा दिलचस्प किस्सा साझा किया। रणबीर ने बताया कि साल 2022 में केन्या के मसाई मारा घूमने के दौरान उन्होंने आलिया को शादी के लिए प्रपोज करने का फैसला किया था। रणबीर ने कहा, 'मैंने पहले से ही जो गाइड है, उनको एक टिप दे दी थी कि आप कहीं जाके रोक देना बीच जंगल में। मैं एक अंगूठी लाया था कि मैं अपने घुटनों पर बैठकर प्रपोज करूंगा और आप दूर से फोटो खींचना, क्योंकि लड़कियों को फोटो का बहुत शौक होता है। इंस्टाग्राम पर डालने का, तो मैंने सोचा कि ये बहुत जरूरी है आलिया के लिए। रणबीर की यह बात सुनकर शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने भी मजाकिया अंदाज में कहा कि ऐसे खास पल का कोई सबूत तो होना ही चाहिए। इस पर रणबीर ने बताया कि उनके पास अंगूठी तो थी, लेकिन उस वक्त कुछ ऐसा हुआ, जो उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था। रणबीर ने कहा, 'वहां से करीब 100 फीट की दूरी पर तीन शेर खड़े थे। मेरी शेरनी मेरे सामने खड़ी थी और मैं चूहे की तरह घुटनों पर बैठकर उससे पूछ रहा था, 'बेबी, क्या तुम मुझसे शादी करोगी?' रणबीर ने आगे कहा कि यह उनकी जिंदगी के सबसे खास और अजीब अनुभवों में से एक था, जिसे वह हमेशा याद रखेंगे। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की प्रेम कहानी फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' की शूटिंग के दौरान शुरू हुई थी। कुछ साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने अप्रैल 2022 में शादी कर ली। नवंबर 2022 में उनके घर बेटी राहा का जन्म हुआ।

### यंग से हुई गुल्लू की हाथापाई

**नई दिल्ली।** सलमान खान का शो 'बिग बॉस 20' लगातार चर्चा में है। इसमें आए दिन कुछ ना कुछ ऐसा होता है, जो चर्चा में आ जाता है। ताजा मामला गुल्लू और यंग डीएसए की लड़ाई का है। दोनों के बीच जमकर हाथापाई हुई है। घर में खूब हंगामा मचा है। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल है। बताया जाता है कि एक टास्क के दौरान यंग और गुल्लू के बीच विवाद हुआ। टास्क में हर प्रतिभागी को एक बोर्ड के अंदर फिट होना था। जो प्रतिभागी बाहर रह जाता, वह टास्क से बाहर हो जाता। एक वीडियो में स्काउट, गुल्लू को बोर्ड से बाहर खींचते हुए दिख रहे हैं। इस पर यंग ने कहा, 'बेल बुद्धि को एकदम बढ़िया खींचा है।' इसके बाद यंग और गुल्लू में बहस हुई। यंग ने गुल्लू से कहा कि आपके जैसे बहुत से केलों को हम लोगों ने खा के छोड़ दिया। इसके बाद गुल्लू कहते हैं कि तेरे सर पे ये जो झाड़ लटक रही है, वह हर थप्पड़ के साथ झड़ सकती है, मगर दिक्कत ये है कि यहां कुछ हो नहीं सकता।



## दिवाली पर रणबीर की 'रामायण' से भिड़ेंगी ये तीन फिल्में

**नई दिल्ली।** दिवाली वाला वीकेंड सिनेप्रेमियों के लिए मजेदार होने वाला है। एक तरफ नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'रामायणः पार्ट 1' 5 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वहीं, इसके ठीक अगले दिन यानी 6 नवंबर को तीन और फिल्में बड़े पर्दे पर दस्तक देंगी। मतलब रणबीर कपूर, साई पल्लवी, यश और रवि दुबे जैसे सितारों से सजी 'रामायण'को इन फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर मुकाबला मिल सकता है।

**सीन** : आवेशम जैसी फिल्म बनाने वाले जिथु माधवन इस फिल्म से तमिल सिनेमा में कदम रख रहे हैं। यह एक साइकोलॉजिकल एक्शन-कॉमेडी फिल्म है, जिसमें सूर्या, नासलन और नज़िया नाजिम अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म को सूर्या और ज्योतिका के प्रोडक्शन हाउस 2D एंटरटेनमेंट और झगराम स्टूडियोज ने मिलकर बनाया है। फिल्म में सूर्या डीएसपी इनबराज पांडियन आईपीएस का किरदार निभा रहे हैं। कहानी एक बर्खास्त पुलिसकर्मी के खिलाफ केस चलाने में आने वाली मुश्किलों पर आधारित है। यह फिल्म 6 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**मूकुथी अम्मन 2** : नयनतारा की फिल्म 'मूकुथी अम्मन'के सीक्वल का भी दर्शकों को इंतजार है। सुंदर सी. के निर्देशन में बनी इस फैंटेसी-ड्रामा फिल्म में नयनतारा एक बार फिर अहम भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म की कहानी दो अलग-अलग समय की घटनाओं को जोड़ती है। इसमें शक्तिशाली ताकतों के बीच टकराव देखने को मिलेगा। रिपोर्ट्स के



मुताबिक, फिल्म में नयनतारा डबल रोल में नजर आ सकती हैं। वहीं, रेजिना कैसेंड्रा फिल्म में विलेन की भूमिका निभाएंगी। फिल्म की रिलीज डेट 6 नवंबर 2026 बताई जा रही है।

**द कैट इन द हैट** : दिवाली के लंबे वीकेंड पर बच्चों और परिवार के साथ देखने के लिए हॉलीवुड की एनिमेटेड फिल्म 'द कैट इन द हैट' भी रिलीज होने वाली है। वार्नर ब्रदर्स की यह फिल्म मशहूर लेखक डॉ. स्यूस की लोकप्रिय किताब पर आधारित है। फिल्म में मुख्य किरदार कैट इन द हैट को अभिनेता बिल हैडर ने अपनी आवाज दी है।

## सेलेब्स का करवा चौथ : प्रियंका के हाथ पिया के नाम की मेहंदी, प्रीति ने ढूंढा चांद

**नई दिल्ली।** गुरुवार को देश और विदेश में करवा चौथ की धूम रही। महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा। इस काम में फिल्मी सितारे भी पीछे नहीं रहीं। उन्होंने भी इस त्योहार में बढ़-चढ़कर हिस्सा लीं। कई सेलेब्स ने अपने फैंस को बधाई दी। कई सितारों ने अपनी शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं।

**प्रियंका** : प्रियंका चोपड़ा ने करवा चौथ पर्व मनाया। उन्होंने इस अवसर पर अपने पति के साथ तस्वीर शेयर की है। अभिनेत्री ने फैंस को अपनी मेहंदी दिखाई है और दुल्हन के जोड़े में एक तस्वीर शेयर की है। अभिनेत्री ने तस्वीर पर लिखा पिया के नाम की मेहंदी। करवा चौथ की शुभकामनाएं। एक और तस्वीर पर उन्होंने लिखा 'मैं हर साल फिल्मी लगती हूं।'

**प्रीति** : प्रीति जिंटा ने भी करवा चौथ का त्योहार मनाया। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'क्या ऐसा सिर्फ मुझे लग रहा है या चांद गायब हो गया है? क्या किसी ने ईस्ट कोस्ट पर चांद देखा है? मेरा करवा चौथ का व्रत है



और बादलों के बीच चांद लुका-छिपी खेल रहा है।'

**कृति** : अभिनेत्री कृति खरबंदा ने करवा चौथ की तैयारी के साथ मेहंदी लगवाते हुए तस्वीरें शेयर की हैं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'करवा चौथ वाइब्स पूरी तरह छाई हुई हैं! मेहंदी, खाना-पीना, परिवार के साथ मस्ती और ढेर सारा प्यार!

**हिना** : टीवी अभिनेत्री हिना खान ने करवा चौथ पर मेहंदी लगाईं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर ये तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में उन्होंने अपने पति का हाथ पकड़ा है। पोस्ट के कैप्शन में हिना ने लिखा, 'करवाचौथ की बधाई। अगर मेरी मेहंदी पसंद आई तो मुझे टैग करो।'

**महीप** : संजय कपूर की पत्नी महीप कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने करवा चौथ की झलक दिखाई है। इसे शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'पिछले कुछ वर्षों में मेरा करवा चौथ। ढेर सारी यादें। सभी खूबसूरत महिलाओं को करवाचौथ की बधाई।'

### 109 साल पहले आई थी 'फादर ऑफ इंडियन सिनेमा' की पौराणिक फिल्म

## 15 हजार रुपए में बनी थी पहली रामायण, बिना संवाद के दिखाई गई कहानी

*नई दिल्ली। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म रामायणम का नाम इस वक्त लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। जिसकी बड़ी वजह इसका 4000 करोड़ बजट है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि हिंदी सिनेमा के इतिहास में रामायण पर बनने वाली पहली फिल्म कौन सी थी और उसको कितनी लागत में तैयार किया गया था। फादर ऑफ सिनेमा के उपाधि से नवाजे गए महान फिल्मकार दादा साहेब फाल्के द्वारा उसका निर्माण किया गया था और वह 109 साल पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।*



### 1917 में पहली बार किया गया था प्रदर्शित

रामायण पर सदियों से फिल्मी जगत में फिल्में, धारावाहिक और वेब सीरीज बनती आ रही हैं। लेकिन, इसकी शुरुआत जिस फिल्म के जरिए हुई थी, जिसे साल 1917 में पहली बार सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया गया था। फिल्म का नाम था- लंका दहन। जी हां दादा साहेब फाल्के के निर्देशन में बनने वाली फिल्म लंका दहन रामायण महाकाव्य पर आधारित थी। जिसमें रामायण की कहानी पहली बार पर्दे पर पेश किया गया था।

### ये एक मूक फिल्म थी

ये एक मूक (साइलेंट) फिल्म थी, जिसमें बिना किसी संवाद के रामायण की पूरी कहानी की झलक सिर्फ सीन्स के आधार पर दिखाई गई थी। 109 साल पहले आई पौराणिक कहानी वाली फिल्म के बजट को लेकर कई तरह के दावे किए जाते हैं, जिनमें एक दावा सिनेमाई गलियारे में काफी चर्चित है, जो ये बताता है कि दादा साहेब फाल्के की लंका दहन का कुल बजट महज 15 हजार रुपए थे और इतनी रकम के साथ इस एपिक मूवी को बनाया गया था।

### सफल रही लंका दहन

कमाल की बात ये है कि उस वक्त लंका दहन कर्मिशयल तौर पर काफी सक्सेसफुल रही थी और बताया जाता है कि इस माइथोलॉजिकल मूवी ने 35 हजार रुपए से अधिक का कारोबार भी किया था। जिसके दम पर रामायण पर बनने वाली पहली फिल्म के तौर पर ये सफल रही।

### एक ही एक्टर बना था राम और सीता

लंका दहन फिल्म को लेकर कई तरह के किस्से सिनेमा जगत में प्रचलित हैं, जिनमें एक किस्सा ये भी है कि अभिनेता अण्णा सालुंके फिल्म में भगवान राम और माता सीता का किरदार निभाया था। उनके इस कारनामे को आज भी बॉलीवुड के इतिहास में याद किया जाता है।

करवा चौथ

# पत्नी ने पति को किडनी देकर बचाई जान, प्रत्यारोपण के बाद दोनों स्वस्थ



## गंभीर किडनी रोग से जूझ रहे पति को पत्नी ने दी किडनी

हरिभूमि, जबलपुर।

करवा चौथ के अवसर पर जबलपुर की रश्मि गुप्ता ने अपने पति दीपक गुप्ता को किडनी दान कर उनके उपचार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। लंबे समय से किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे शांतिनगर निवासी दीपक गुप्ता का मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल, जबलपुर में सफल किडनी प्रत्यारोपण किया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, प्रत्यारोपण के बाद रश्मि गुप्ता और दीपक गुप्ता दोनों स्वस्थ हैं। यह मामला जीवित अंगदान के महत्व और गंभीर किडनी रोग से पीड़ित मरीजों के उपचार में परिवार के सहयोग की भूमिका को सामने लाता है।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने किया सफल प्रत्यारोपण

मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल की नेफ्रोलॉजी एवं ट्रांसप्लांट यूनिट की टीम ने प्रत्यारोपण प्रक्रिया पूरी की। इसमें ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. राजेश पटेल, कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. विशाल वडेरा सहित अन्य चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों ने भूमिका निभाई। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक, उपचार के बाद दोनों की स्थिति स्वस्थ है।

### अस्पताल में 30 से अधिक किडनी प्रत्यारोपण

अस्पताल के डायरेक्टर राजीव बडेरिया ने बताया कि मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल में अब तक 30 से अधिक किडनी प्रत्यारोपण किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों के समन्वित प्रयासों से मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### अंगदान के प्रति जागरूकता का संदेश

किडनी प्रत्यारोपण गंभीर किडनी रोग से पीड़ित उपयुक्त मरीजों के लिए उपचार का महत्वपूर्ण विकल्प है। जीवित व्यक्ति द्वारा किडनी दान करने से जरूरतमंद मरीज को प्रत्यारोपण का अवसर मिल सकता है, हालांकि इसके लिए दाता और प्राप्तकर्ता की चिकित्सकीय जांच तथा निर्धारित मानदंडों का पूरा होना आवश्यक है।करवा चौथ पर पति की लंबी उम्र की कामना से जुड़े इस घटनाक्रम में रश्मि गुप्ता के अंगदान के निर्णय ने ध्यान आकर्षित किया है। सफल प्रत्यारोपण के बाद दोनों के स्वस्थ होने की जानकारी अस्पताल प्रबंधन ने दी है। यह घटना अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्रत्यारोपण उपचार के विकल्पों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के महत्व को रेखांकित करती है।

# रविंद्र तिवारी बने भाजयुमो के जिला अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा कुक्की को महामंत्री की जिम्मेदारी

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने की नियुक्ति, पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दी शुभकामनाएं

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने जबलपुर महानगर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने रविंद्र तिवारी को जबलपुर महानगर का जिला अध्यक्ष तथा श्रीकांत वर्मा कुक्की को जिला महामंत्री नियुक्त किया है। दोनों नियुक्तियों के बाद भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नेताओं ने उम्मीद जताई कि दोनों पदाधिकारी युवा मोर्चा के संगठन को मजबूत करने, युवाओं को पार्टी से जोड़ने और संगठन की गतिविधियों को गति देने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।





नवनियुक्त पदाधिकारियों को लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी एवं अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्रीकान्त साहू और प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वाणी अहलुवालिया सहित जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दीं।

**कुक्की के महामंत्री बनने से युवाओं में उत्साह -**

जिला अध्यक्ष के साथ महामंत्री बने श्रीकांत वर्मा कुक्की का नाम युवाओं में चर्चित माना जा रहा है, छात्र राजनीति से मुख्य धारा की राजनीति में आए श्रीकांत वर्मा को महामंत्री बनाए जाने से युवाओं में खास हर्ष दिखाई देने लगा है।

# कार में स्टंट करने वाले 5 वाहन मालिकों और चालकों पर केस

## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद बेलबाग पुलिस की कार्रवाई, 3 कारें जब्त

**जबलपुर। शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाकर लोगों की जान जोखिम में डालने वालों के खिलाफ जबलपुर पुलिस ने कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर खतरनाक तरीके से कारें चलाने का वीडियो वायरल होने के बाद बेलबाग पुलिस ने जांच कर पांच वाहनों के मालिकों और चालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने तीन कारें जब्त की हैं।**

पुलिस के अनुसार, 28 अक्टूबर को सोशल मीडिया पर कुछ कार चालकों द्वारा तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने का वीडियो सामने आया था। वीडियो की जांच के दौरान बेलबाग पुलिस ने आसपास की दुकानों से जानकारी जुटाई और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। इसमें घटनास्थल थाना बेलबाग क्षेत्र का होना पाया गया। इसके बाद वीडियो में दिखाई दे रहे वाहनों और उनके मालिकों तथा चालकों की पहचान की गई।

जांच में मारुति फ्रॉन्क्स कार क्रमांक एमपी 20 जेडपी 2660 के मालिक अभिजीत जाट निवासी दुर्गा मंदिर, बेलबाग और चालक 23 वर्षीय गौरव उर्फ प्रिंस विश्वकर्मा, निवासी बड़ी खेरमाई, हनुमानताल की पहचान हुई। दूसरी मारुति फ्रॉन्क्स कार क्रमांक एमपी 20 जेडजे 2375 के मालिक श्रीराम जाट निवासी बेलबाग और चालक पीयूष जाट निवासी कंजर मोहल्ला, बेलबाग बताए गए। वहीं, काले रंग की थार क्रमांक एमपी 20 जेडएक्स 9124 की स्वामिनी मीनाक्षी जाट निवासी बेलबाग और चालक सत्यजीत जाट निवासी कंजर मोहल्ला, बेलबाग की पहचान की गई।

इसके अलावा स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 20 जेडडी 3437 और फॉर्च्यूनर कार क्रमांक एमपी 20 सीएफ 2710 के चालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने संबंधित वाहन मालिकों और चालकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66(1)/192(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले में फ्रॉन्क्स कार क्रमांक एमपी 20 जेडजे 2375, थार क्रमांक एमपी 20 जेडएक्स 9124 और फ्रॉन्क्स कार क्रमांक एमपी 20 जेडपी 2660 जब्त की गई हैं। प्रकरण की विवेचना जारी है।

# 'जनसेवा सृजन संवाद' में पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से किया सीधा संवाद, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का दिया संदेश

# कानून, साइबर सुरक्षा और नागरिक कर्तव्यों का युवाओं को पढ़ाया पाठ

**जबलपुर।** युवाओं को कानून, सुरक्षा और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय (पीएमसीओई), जबलपुर के प्रेक्षागृह में 'जनसेवा सृजन संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय तथा शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के संयुक्त सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर सुरक्षित समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका रेखांकित की।कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा एवं शासकीय महाकौशल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने की। शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत सैलेट, एएसपी शहर डॉ. आयुष जाखड़, एएसपी ग्रामीण अनु बेनीवाल, एएसपी जोन-5 अंजना तिवारी, सीएसपी ओमती सोनू कुर्मी, सीएसपी आधारताल राजेश्वरी कौरव तथा रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।




### साइबर अपराधों से सतर्क रहने की दी सीख

संवाद के दौरान पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान, न्याय व्यवस्था, नागरिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, सामाजिक सुरक्षा, साइबर अपराधों और आपातकालीन सहायता सेवाओं की जानकारी दी। विद्यार्थियों को साइबर ठगी से बचने, ऑनलाइन गतिविधियों में सतर्कता बरतने और किसी भी आपात स्थिति में उपलब्ध सहायता सेवाओं का उचित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जागरूकता, कानून के प्रति सम्मान और जिम्मेदार व्यवहार से ही सुरक्षित समाज की नींव मजबूत हो सकती है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. अलकेश चतुर्वेदी एवं शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत सैलेट ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास केवल शैक्षणिक ज्ञान तक सीमित नहीं है। उन्हें सामाजिक दायित्वों, संवैधानिक मूल्यों और नागरिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाना भी आवश्यक है। पुलिस अधिकारियों ने युवाओं से सजग, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज में सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया।

### पुलिस और युवाओं के बीच बेहतर समन्वय पर जोर

कार्यक्रम के आयोजन एवं समन्वय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-5 अंजना तिवारी की विशेष भूमिका रही। उन्होंने महाविद्यालय प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), रेडक्रॉस समिति एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त प्रयासों से संपन्न हुआ। इसमें डॉ. आनंद तिवारी, डॉ. रानू रहंगडाले, डॉ. महेंद्र कुशवाहा, डॉ. अजय ठाकुर, डॉ. अनिल बिंजिया, डॉ. मुकेश एवं डॉ. रचना सांचा सहित दोनों महाविद्यालयों के प्राध्यापकों और आयोजन समितियों का सहयोग रहा। मंच संचालन भूगोल विभाग के प्राध्यापक एवं रेडक्रॉस समिति की सह-संयोजक डॉ. रानू रहंगडाले ने किया। 'जनसेवा सृजन संवाद' युवाओं और पुलिस के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बना। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को कानून के प्रति सजग रहने, सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने और सुरक्षित एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया।

# सब्जी धोने और खाना बनाने में इस्तेमाल किया जा रहा था बाथरूम का पानी

**जबलपुर।** त्यौहारों पर दूषित और मिलावटी खाद्य सामग्री के विक्रय पर सख्ती से लगाम लगाने के कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने गुरुवार को साऊथ सिविल लाईन, गौरीघाट एवं रामपुर स्थित तीन प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण कर मिलावट की आशंका पर खाद्य पदार्थों के सेम्पल परीक्षण हेतु लिए हैं।राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान साऊथ सिविल लाईन स्थित सिद्धि विनायक रेस्टोरेंट में लायसेंस की शर्तो का उल्लंघन पाये जाने पर पंजीयन निरस्त कर उसे सील करने की कार्यवाही भी की।खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता ने बताया कि अभियान के अंतर्गत साउथ सिविल लाइन स्थित सिद्धि विनायक रेस्टोरेंट और किचन की जांच शिकायत के आधार पर की गई थी। इस प्रतिष्ठान में अत्यंत गंदगी युक्त अस्वच्छ परिस्थिति में भोजन का निर्माण एवं संग्रह पाया गया। मौके पर किचन में बाथरूम का पानी सब्जी धोने और खाना बनाने में उपयोग करना पाया गया। रेस्टोरेंट संचालक द्वारा बताया गया उक्त किचन से खाना तैयार कर खाने के पैकेट रेलवे में सप्लाई किये जाते हैं। यहाँ से पनीर, दाल एवं चावल के सैंपल जांच हेतु लिये गये तथा लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन में एफएसएसएआई का लाइसेंस निलंबित कर रेस्टोरेंट को सील कर दिया गया है।खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को ग्वारीघाट स्थित न्यू केशरवानी स्वीट्स की जांच की गई। यहां से नारियल बर्फी, मगज के लड्डू के सेम्पल लिए गए। इसी प्रकार रामपुर स्थित मेंधु कलश स्वीट का निरीक्षण कर आटा के लड्डू और पेड़ा के सैंपल लिये गए। अभियान के तहत गुरुवार को लिए गये सभी नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कारवाई की जाएगी कारवाई निरंतर जारी रहेगी।

### पंजीयन निलंबित कर रेस्टोरेंट को किया सील

# आजाद नगर हत्याकांड के मुख्य आरोपी के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**जबलपुर।** रांझी थानांतर्गत गोकलपुर वार्ड के आजाद नगर में विगत दिनों धार्मिक आयोजन के दौरान हुए खूनी संघर्ष और पारस यादव की मौत के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। हत्याकांड के मुख्य आरोपी समीर बंशकार और उसके परिजनों के कथित अवैध निर्माणों पर गुरुवार को जिला प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में शासकीय भूमि पर बने मकानों और दुकानों सहित चिह्नित अतिक्रमणों को हटाकर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने की कार्यवाही की।

प्रात जानकारी के अनुसार वारदात के बाद की गई प्रशासनिक जांच में ज्ञात हुआ था कि मुख्य आरोपी समीर बंशकार और उसके परिजनों ने नगर निगम के क्षेत्रीय कार्यालय, वाचनालय और दुर्गा मंदिर के सामने स्थित खाली शासकीय भूमि पर कथित तौर पर दुकानें और मकान बना रखे थे। इसके अलावा क्षेत्र में सुअर पालन किए जाने की बात भी सामने आई थी। पंप हाउस पर कब्जा कर अवैध रूप से रहने और शासकीय क्वार्टरों पर भी कब्जा होने की जानकारी भी मिली थी। लिहाजा पूरी छानबीन के बाद इन अतिक्रमणों को चिह्नित करने के बाद प्रशासन ने गुरुवार को कार्रवाई शुरू की। प्रशासन की इस कार्रवाई को रविवार रात हुई वारदात के बाद क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा की गई मांगों से जोड़कर देखा जा रहा है।गौरतलब हो कि रविवार रात रांझी आजाद नगर क्षेत्र में नवरात्र के बाद भंडारे का आयोजन चल रहा था। इसी दौरान कुछ युवक तेज रफ्तार से बाइक लेकर वहां से निकले। स्थानीय लोगों ने उन्हें वाहन धीरे चलाने की हिदायत दी, जिससे नाराज होकर बाइक सवार युवक वहां से चला गया। आरोप है कि कुछ ही देर बाद वह अपने अन्य साथियों के साथ लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर वापस पहुंचा और विवाद शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए लोगों को भी चोटें आईं। इस दौरान चाकू से किए गए वार में दो लोगों के पैरों में गंभीर चोटें आईं, जबकि 50 वर्षीय पारस यादव के सिर में गंभीर चोट लग गई। उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां चिकित्सकों ने वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा था। सोमवार रात उपचार के दौरान पारस यादव की मौत हो गई। पारस यादव की मौत के बाद आक्रोशित क्षेत्रीय नागरिकों ने व्हीकल मोड़ पर शव रखकर प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने और वारदात में शामिल आरोपियों के अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाने की मांग की थी। इस दौरान प्रशासन की ओर से 24 घंटे के भीतर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था।

# सफाई व्यवस्था सुधारने निगमायुक्त का अल्टीमेटम, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का 24 घंटे में निराकरण, सफाई मित्रों को उपकरण और समय पर वेतन देने के निर्देश

**जबलपुर।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम आयुक्त अग्रिम कुमार ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और मैदानी कार्यों में सुधार के लिए 15 दिन की समय-सीमा तय करते हुए कहा कि लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नियमित मॉनिटरिंग, मजबूत टीम गठन और कार्यों के सत्यापन के जरिए जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि सफाई कार्य निर्धारित बीट प्लान और चेकलिस्ट के अनुसार कराए जाएं। प्रत्येक क्षेत्र की जिम्मेदारी तय करने, इन-आउट कंप्लायंस सुनिश्चित करने, नजरी नक्शे तैयार करने और मौके पर कार्यों का वेरिफिकेशन करने की व्यवस्था बनाई जाए। कचरे को निर्धारित स्थलों पर एकत्रित कर उसका उचित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा शहर के सभी क्षेत्रों में बेहतर सफाई व्यवस्था बनाए रखी जाए।



### गंदगी फैलाने वालों पर स्पॉट फाइन

निगमायुक्त ने कहा कि बार-बार समझाइश देने के बावजूद सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार स्पॉट फाइन की कार्रवाई की जाए। सफाई संबंधी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का 24 घंटे के भीतर निराकरण करने और किए गए कार्यों का सत्यापन करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने सफाई मित्रों को आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने तथा उन्हें समय पर वेतन देने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना पूर्व सूचना या वैध आधार के अवकाश पर रहने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सभी कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्य पूरा करने और मैदानी स्तर पर सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए।

### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी और सौरभ मिश्रा, उपायुक्त संभव अयाची तथा स्वास्थ्य अधिकारी अभिनव मिश्रा सहित सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक और स्वच्छता निरीक्षक उपस्थित रहे। निगमायुक्त ने स्वास्थ्य अमले को 15 दिनों में अपेक्षित सुधार लाने और कार्यों की नियमित समीक्षा के माध्यम से जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# भेड़ाघाट - भिटोनी समपार रेल फाटक आज से 3 नवंबर तक बंद रहेगा

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के अंतर्गत भेड़ाघाट–भिटोनी खंड में समपार फाटक क्रमांक 308 (किमी 971/31–972/01), दिघौरा गेट पर रेल पटरियों के अनुरक्षण कार्य के चलते सड़क यातायात अस्थायी रूप से बंद रहेगा।रेलवे प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार, समपार फाटक क्रमांक 308 पर अप एवं डाउन रेल पटरियों का आवश्यक अनुरक्षण कार्य किया जाना है। इस कार्य के लिए 30 अक्टूबर 2026 को प्रातः 08:00 बजे से 03 नवंबर 2026 को सायं 20:00 बजे तक उक्त समपार फाटक सड़क यातायात के लिए पूर्णतः बंद रहेगा। इस अवधि में सड़क उपयोगकर्ताओं के आवागमन हेतु वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में समपार फाटक क्रमांक 307 (सहजपुर) एवं समपार फाटक क्रमांक 309 (सिहोदा गाँव) निर्धारित किए गए हैं। सड़क उपयोगकर्ता इन वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर अपने गंतव्य तक पहुँच सकते हैं।

# 10 साल की बेदाग सेवा के बाद हटाए गए आरक्षक को राहत बर्खास्तगी आदेश खारिज

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण कानूनी फैसले में पुलिस विभाग के एक आरक्षक को बड़ी राहत दी है। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने बालाघाट जिले के आरक्षक नंदकिशोर लिल्हारे की बर्खास्तगी के आदेश को निरस्त करते हुए उन्हें सेवा में बहाल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि मामूली और पुराने आपराधिक मामलों में पूर्व में ही बरी हो चुके व्यक्ति को, जिनकी जानकारी को लेकर प्रक्रिया अपनाई गई हो और जिसने 10 साल तक 119 पुरस्कारों के साथ उत्कृष्ट सेवा दी हो, केवल तकनीकी आधार पर सेवा से हटाना अनुचित है। मामले के अनुसार, आरक्षक लिल्हारे पर 2011 में भर्ती के समय चरित्र सत्यापन प्रपत्र में पुराने मामलों की पूर्ण प्रविष्टि न करने का आरोप लगा था, जिसके आधार पर उसे सेवा से हटा दिया गया था। हालांकि, डीआईजी ने अपील पर राहत देते हुए सजा कम की थी, लेकिन एडीजी ने स्वतः संज्ञान लेते हुए उसे दोबारा बर्खास्त कर दिया था। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि कम उम्र में हुई मामूली घटनाओं और बरी हो चुके मामलों को आधार बनाकर इस तरह कठोर कार्रवाई करना मनमाना और कानून के विपरीत है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता को तत्काल आरक्षक के पद पर बहाल किया जाए तथा उसे निरंतरता, वरिष्ठता और अन्य सभी काल्पनिक व परिणामी लाभ (बिना एरियर के) प्रदान किए जाएं।



पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला उपवास

# बादलों के पहरे में रहा चांद, रात में हुए दर्शन

## चंद्रमा को अर्घ्य देकर महिलाओं ने खोला करवा चौथ का व्रत

हरिभूमि, जबलपुर।

पति की दीर्घायु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ गुरुवार को महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा। दिनभर निर्जला उपवास करने के बाद महिलाओं को रात में चंद्र दर्शन के लिए इंतजार करना पड़ा। आसमान में बादल छाए रहने के कारण निर्धारित समय रात 8:15 बजे तक चांद दिखाई नहीं दिया। इसके बाद रात करीब 9 बजे चंद्रमा के दर्शन हुए। महिलाओं ने चंद्रदेव को अर्घ्य अर्पित किया, चलनी से पति का दीदार किया और परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत का पारण किया।

### चंद्र दर्शन के लिए देर तक करना पड़ा इंतजार

करवा चौथ पर चंद्र दर्शन का विशेष महत्व है। गुरुवार को आसमान में बादल छाए रहने से महिलाओं को चांद निकलने के लिए निर्धारित समय के बाद भी इंतजार करना पड़ा। रात करीब 9 बजे चंद्रमा दिखाई देने पर महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए अपना व्रत पूरा किया।

### बाजारों में रही चहल-पहल, महिलाओं ने की खरीदारी

करवा चौथ के अवसर पर शहर के बाजारों में अच्छी चहल-पहल देखने को मिली। महिलाओं ने पूजा सामग्री, उपहार और नए परिधानों की खरीदारी की। हाथों में मेहंदी लगवाने के साथ चूड़ियों, बिंदियों और अन्य श्रृंगार सामग्री से सजने-संवरने की तैयारियां की गईं। पर्व को लेकर बाजारों में उत्साह का माहौल रहा।

### शिव-पार्वती की पूजा का भी है विधान

पंडित एवं ज्योतिषाचार्य पी.एल. गौतमाचार्य ने ईएमएस को बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार करवा चौथ का व्रत दांपत्य जीवन में प्रेम, सामंजस्य और सुख-समृद्धि की कामना से जुड़ा है। इस दिन मिट्टी के करवे में पूजन सामग्री रखकर पूजा की जाती है तथा चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित किया जाता है। व्रत में माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा का भी विधान है।

### अखंड सौभाग्य की कामना से रखा जाता है व्रत

करवा चौथ कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। धार्मिक परंपराओं में माता पार्वती को अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर महिलाएं पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ व्रत रखती हैं। गुरुवार को बादलों के कारण चंद्र दर्शन में देरी हुई, लेकिन चांद दिखाई देने के बाद महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर व्रत संपन्न किया।

## महिलाओं को चांद ने कराया लम्बा इंतजार

# चांद का दीदार कर पति की लंबी उम्र की कामना की



सिहोरा। हिंदू धर्म में करवा चौथ का विशेष महत्व है. इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र,अच्छी हेल्थ और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए व्रत रखती हैं तथा सोलह श्रृंगार कर पूजा की थाली सजाती हैं और करवा माता की कथा सुनती हैं।नगर में करवा चौथ का पर्व आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। महिलाओं ने चलनी की ओट से चांद के साथ पति का दीदार कर उनकी लंबी आयु के लिए कामना की वहीं पति ने भी पत्नी के लिए उपहार के रूप में साड़ी व सोने-चांदी के जेवरात दिए।

पर्व को लेकर सुबह से ही बाजार में काफी चहल-पहल देखी गई। महिलाओं द्वारा करवा चौथ के व्रत के पूजन के लिए सामग्री खरीदी गई वहीं श्रंगार के सामान की भी जमकर खरीदी की गई। ब्यूटी पार्लर में भी अच्छी खासी भीड़ देखी गई पुरुषों द्वारा भी उपहार की खरीदी की गई। जेवरात की दुकान के साथ ही कपड़ों व श्रृंगार के सामान की दुकानों पर भी ग्राहकी नजर आई।जिसके चलते नगर के हृदय स्थल झंडा बाजार उपनगर खितोला बाजार में अनेक बार जाम की स्थिती निर्मित हुई।इसके अलावा ब्यूटी पार्लर तथा मेंहदी लगवाने लम्बी लम्बी कतार लगी रही।इसी प्रकार नगर के प्रतिष्ठित फेमिली रेस्टारेंट में भी करवा चौथ पर आफर के चलते काफी चहल पहल रही। करवा चौथ पर सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। शाम होते ही महिलाओं को चांद निकलने का इंतजार रहा। चंद्र दर्शन के साथ ही महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और छलनी से चांद देखने के बाद पति का चेहरा देखकर व्रत खोला। इस दौरान मंदिरो घरों और कॉलोनियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।महिलाओं ने सुबह से ही व्रत की तैयारियां शुरू कर दी थी। शाम को पारंपरिक परिधान और सोलह श्रृंगार कर पूजा की थाली सजाई। चांद निकलने पर महिलाओं ने दीपक जलाकर चंद्रमा को अर्घ्य दिया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद पति के हाथों पानी पीकर व्रत का पारण किया। करवा चौथ के अवसर पर कई घरों में पति भी पत्नी के साथ पूजा में शामिल हुए। व्रत खोलने के बाद पतियों ने अपनी पत्नी को पानी पिलाया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। कुछ परिवारों में इस अवसर पर उपहार देने की परंपरा भी निभाई गई। त्यौहार ने पति-पत्नी के बीच प्रेम, विश्वास और आपसी सहयोग का संदेश दिया।महिलाओं ने बताया कि करवा चौथ उनके लिए केवल व्रत नहीं, बल्कि पति की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली की कामना से जुड़ा पर्व है।

# भाजपा ग्रामीण की बैठक में 'लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ' अभियान पर चर्चा



**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर ग्रामीण की बैठक में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान की रूपरेखा, संगठन की मजबूती और जनसंपर्क गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, जिला प्रभारी मनीषा सिंह, जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, पनागर विधायक सुशील इंदु तिवारी, बरगी विधायक नीरज सिंह, सिहोरा विधायक संतोष वरकड़े, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नंदनी मरावी, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोटिया, पूर्व जिला अध्यक्ष रानू तिवारी, कार्यक्रम प्रभारी अभिषेक सिंह हरी, जिला महामंत्री रूपेश पटेल, कृष्णशिखर सिंह, राजेश दाहिया एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। जिला उपाध्यक्ष राजेश राय, आशीष पटेल, पुष्पराज सिंह, कार्यालय मंत्री ओम दुबे, नरेंद्र पटेल, नीता जैन, दिनेश पटेल, विश्वजीत सिंह, ओम नारायण दुबे, अभिजीत चौधरी, नीलू बाजपेई, अतुल त्रिपाठी, पलाश दुबे, श्रीकांत परिहार, प्रिंच पटेल और अंचल साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी सहभागिता की।

# नर्मदा परिक्रमा की तैयारियां तेज, स्वामी राघव देवाचार्य बने संरक्षक



जबलपुर।

आगामी 23 नवंबर 2026 को बैकुंठ चतुर्दशी पर महर्षि गौतम आश्रम, गोपालपुर, भेड़ाघाट से आयोजित होने वाली नर्मदा परिक्रमा की तैयारियों को लेकर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, स्नेह नगर में श्री नर्मदा संकीर्तन परिक्रमा समिति की बैठक हुई। संकीर्तनाचार्य पंडित मनमोहन दुबे के सानिध्य में परम पूज्य श्रीमद् जगद्गुरु स्वामी राघव देवाचार्य जी महाराज को समिति का संरक्षक नियुक्त किया गया। संगठन विस्तार के तहत 27 पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए।

संयोजक संजय गौतम, सह-संयोजक सत्य प्रकाश नामदेव, उप-संयोजक विवेक अग्रवाल, मुख्य व्यवस्थापक अवधेश खरे, सह-व्यवस्थापक नवीन श्रीवास्तव, प्रशासनिक प्रभारी शंकर नामदेव, सह-प्रशासनिक प्रभारी शशांक अग्रवाल (राजू), जनसंपर्क अधिकारी मोहित कुमार लोधी, प्रचार-प्रसार संयोजक देवव्रत सोनी, सह-संयोजक पवन साहू, कार्यालय प्रमुख अतुल कुमार पटेल, मंच व्यवस्था प्रमुख अरविंद अग्रवाल एवं सह-प्रमुख आकाश अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई।

बैठक में अध्यक्ष देवेंद्र त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मोहित तिवारी, सचिव देवेंद्र नेमा, पप्पू चौबे, विशाल पंड्या और अजय पांडे उपस्थित रहे। समिति ने हरिनाम संकीर्तन तथा नर्मदा संरक्षण एवं स्वच्छता के लिए जनजागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

# पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तीन कार्मिक सेवानिवृत्त

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तीन कार्मिक 30 अक्टूबर को अपनी दीर्घ सेवाओं के उपरांत सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इनमें रीवा में कार्यपालन अभियंता (एसटीएम-एसटीसी) संभाग में पदस्थ ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह 16 वर्ष 10 माह की सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त होंगे। वहीं, प्रबंध संचालक कार्यालय में निज सहायक सूर्यकांत शुक्ला 41 वर्ष की सेवा तथा ईईक्यूएएल, जबलपुर में परीक्षण पर्यवेक्षक ग्रेड-एक के पद पर पदस्थ अशोक कुमार झारिया 38 वर्ष 6 माह की सेवा के बाद सेवानिवृत्त होंगे। कंपनी ने तीनों कार्मिकों की सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# करवा चौथ पर विभिन्न समुदायों की महिलाओं ने की सामूहिक पूजा



**जबलपुर।** बराट रोड निवासी हरप्रीत जैन के निवास पर करवा चौथ के अवसर पर महिलाओं के फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा सामूहिक पूजा एवं थाली मनसने का कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। साईं मंदिर से पधारे पंडित जी ने विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। पंजाबी, अग्रवाल, सिंधी सहित विभिन्न समुदायों की महिलाओं ने एकजुट होकर अपने सुहाग की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में प्रियंका कल्चुरिया अग्रवाल, एनी मक्कर, अंकिता महोबे, कोमल अदनानी, वर्षा गोलछा, श्वेता अग्रवाल, श्वेता विजन, नवलीन आलुवालिया, गुरशीन राणा, शालिनी नारंग, शिवाली मंचंदा और अंजली समदड़िया सहित अनेक महिलाओं ने सहभागिता की। आयोजन का उद्देश्य भारतीय परंपराओं को संजोने के साथ मित्रता, एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत करना रहा।




**श्रीमती भागवती देवी**- वेस्ट लैंड खमरिया बैंक ऑफ इंडिया के पास निवासी श्री राम वचन की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती देवी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भगवान दास गुप्ता**- पूर्वी करियापाथर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री भगवान दास गुप्ता (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती नीलिमा सिकदार**- टेलीग्राफ गेट नं. 4 साईं मंदिर के पास निवासी श्री शंभूनाथ सिकदार की धर्मपत्नी श्रीमती नीलिमा सिकदार (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भरत चक्रवर्ती**- बंबा देवी शीतलामाई निवासी श्री भरत चक्रवर्ती का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुकेश कुमार राजभर**- तकिया मोहल्ला सदर निवासी श्री रम्मू लाल राजभर के पुत्र श्री मुकेश कुमार राजभर (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीना कुशवाहा**- कैलाश नगर सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री छेदी लाल कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती मीना कुशवाहा (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती विमला बाई समद**- पूर्वी घमापुर सर्वोदय स्कूल के पास कांचघर रोड निवासी श्री पंचम लाल समद की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई समद (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दुर्गा प्रसाद प्रजापति**- गोपाल होटल आशा चक्की के पास सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री दुर्गा प्रसाद प्रजापति (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भरत सिंह**- यादव मोहल्ला रामपुर निवासी श्री भरत सिंह (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जुगिया बाई**- बेलबाग टोरिया निवासी श्री घासीराम डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती जुगिया बाई (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सितारा देवी दुबे**- पोलीपाथर नर्मदा नगर निवासी श्री लक्ष्मी प्रसाद दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती सितारा देवी दुबे (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता रिछारिया**- छोटा फुहारा मिलौनीगंज निवासी श्री उपेंद्र कुमार रिछारिया की धर्मपत्नी श्रीमती गीता रिछारिया (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नारायण सिंह**- पुरानी बस्ती रांझी निवासी श्री नारायण सिंह (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रमोद गुप्ता**- सरकारी कुआं शीतलामाई वार्ड निवासी श्री प्रमोद गुप्ता (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रशांत पासी**- बगीचा नं. 5 सदर निवासी श्री मुरारी लाल पासी के पुत्र श्री प्रशांत पासी (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री घसीटे रैकवार**- द्वारका नगर लालमाटी रैकवार धर्मशाला के पास निवासी श्री घसीटे रैकवार (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती नीलू कोल**- संत नगर लाइन पार पोलीपाथर निवासी श्री संदीप कोल की धर्मपत्नी श्रीमती नीलू कोल (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# विशेष अभियान-6 में रेलवे ने पार किए प्रमुख लक्ष्य, 5884 स्टेशनों पर रेल जन संवाद



**जबलपुर।** भारतीय रेल ने विशेष अभियान-6 के तहत स्वच्छता, स्क्रैप निपटान, ई-कचरा प्रबंधन, लंबित मामलों के निराकरण और प्रक्रिया सरलीकरण में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। 2 से 31 अक्टूबर 2026 तक चल रहे इस अभियान के अंतर्गत 22 अक्टूबर को देशभर के 5,884 रेलवे स्टेशनों पर रेल जन संवाद आयोजित किया गया। इसमें यात्रियों से स्वच्छता, यात्री सुविधाओं और सेवा वितरण को बेहतर बनाने के लिए सुझाव लिए गए। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार ने नई दिल्ली में हितधारकों से संवाद किया, जबकि डीएआरपीजी के सचिव ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में भाग लिया। अभियान के तहत प्राप्त सुझावों के आधार पर स्थानीय समस्याओं की पहचान कर यात्री सेवाओं में सुधार पर जोर दिया जा रहा है। रेलवे का लक्ष्य स्वच्छता, संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और लंबित मामलों के समयबद्ध निराकरण की प्रभावी व्यवस्थाओं को आगे भी बनाए रखना है।

# जनेकृविवि के बोर्ड सदस्यों ने क्रॉप क्वालिटी लैब और फूड प्रोसेसिंग यूनिट का किया अवलोकन

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय की बोर्ड बैठक के बाद कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के साथ बोर्ड सदस्यों ने एनएबीएल प्रत्यायित क्रॉप क्वालिटी लैबोरेटरी एवं जवाहर फूड प्रोसेसिंग यूनिट का भ्रमण किया। इस दौरान सदस्यों ने प्रयोगशाला में गुणवत्ता परीक्षण, विभिन्न जांच प्रक्रियाओं और विश्वसनीय विश्लेषण संबंधी कार्यों की जानकारी प्राप्त की। वहीं, फूड प्रोसेसिंग यूनिट में खाद्य उत्पादों के निर्माण, प्रसंस्करण गतिविधियों और उद्यमिता विकास से जुड़े कार्यों का अवलोकन किया। भ्रमण का उद्देश्य विश्वविद्यालय में खाद्य गुणवत्ता परीक्षण, अनुसंधान, खाद्य प्रसंस्करण एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण से संबंधित गतिविधियों से बोर्ड सदस्यों को परिचित कराना रहा।



### यूजीसी समानता नियमों के विरोध में रैली, सौंपा ज्ञापन




सिहोरा। यूजीसी समानता रेगुलेशन के विरोध में सर्वोदय ब्राह्मण समाज सिहोरा एवं सवर्ण समाज गोसलपुर के संयुक्त तत्वावधान में रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। बस स्टैंड से शुरू हुई रैली तहसीली मार्ग होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची, जहां अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने प्रस्तावित नियमों को वापस लेने की मांग करते हुए इनके संभावित प्रभावों पर चिंता जताई। समाज के प्रतिनिधियों ने आशंका व्यक्त की कि नियमों के कुछ प्रावधानों से एकतरफा कार्रवाई और सामाजिक तनाव की स्थिति बन सकती है। रैली में डॉ. नागेन्द्र कुररिया, केके कुररिया, राकेश पाठक, शीतल प्रसाद दुबे, राजेश कुररिया, विष्णु दत्त गौतम, प्रवीण कुररिया, रामनिरंजन दुबे, रवि तिवारी, दीपक तिवारी, महेश तिवारी, लक्ष्मण पालीवाल, रामरुद्र तिवारी, केके दुबे, शिवकुमार तिवारी, राजीव तिवारी, मुकेश तिवारी, पप्पू चौहान, कमलेश दुबे, विजय दुबे, श्याम सुंदर, केजी पाठक, आलोक पांडे, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**CHANGE OF NAME**

I, **ANNAPURNA MISHRA** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **15723612H** Rank **LOC HAV** Name **MANOJ KUMAR PANDEY** presently, residing at **VILL-NAUN KALA, PO-NAUN KALA, TEH- HANUMANA, DISTT- REWA (MADHYA PRADESH)-486335** I, have changed of my name from **ANNAPURNA MISHRA** (Name as per my Husband, Army service records) to **ANNAPURNA PANDEY** (name as per my **AADHAR CARD NO. 4120 6514 2741 AND PAN CARD NO. ESCPP8530G)** vide affidavit dated **29/10/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

**CORRECT NAME**
**ANNAPURNA PANDEY**
**INCORRECT NAME**
**ANNAPURNA MISHRA**

**CHANGE OF NAME**

I, ABDUL MALIK ANSARI S/O MUSTAQ AHMAD ANSARI DECLARE THAT MY MINOR DAUGHTER WAS KNOWN AS AZZA SHERIN,I HAVE CHANGED THE SPELLING OF HER FIRST NAME AND HENCEFORTH SHE SHALL BE KNOWN AS AZZA SHIREEN ANSARI D/O ABDUL MALIK ANSARI RESIDENT OF 444/1,PARWEEN PARSHAD KI GALI, BENI SINGH KI TALIYA, ASHFAQULLA KHAN WARD, JABALPUR, 482001, MADHYA PRADESH.

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/182/2026-27
दिनांक:- 29/10/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राहुल होलानी पिता बलदेव प्रसाद होलानी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के दु.नं. ए/114 ब्लॉक ए समपत्ति के पिन क्रमांक 90003664491 पर प्रथम तल 355 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज नमिता मोखालाल गुप्ता पिता विकास गुप्ता का नाम हटाये जाने एवं आवेदक का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/184/2026-27
दिनांक:- 29/10/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संतोष बैरागी पिता भगवान दास बैरागी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक 55/1, 552 का भाग समपत्ति के पिन क्रमांक 1000378807 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 1250 वर्गफुट व्यावसायिक 1250 वर्गफुट व्यावसायिक प्रथम तल 1250 वर्गफुट स्वयं का रहवास विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री/ श्रीमति भगवान दास ठाकुर पिता/पति भैयालाल ठाकुर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/184/2026-27
दिनांक:- 29/10/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बानें शालिनी फर्नांडिस पति लिनुस फर्नांडिस ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के फ्लेट नं. 412 ब्लॉक जी चतुर्थ तल दत्त गार्डन समपत्ति के पिन क्रमांक 1004468177 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1300 वर्गफुट चतुर्थ तल 1300 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री/ श्रीमति सुनील कुमार जैन पिता/पति सुगमचंद जैन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

# आईपीओ के नियम बदलने की तैयारी, विदेशी निवेशकों की एंट्री 5 दिन में?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों और कंपनियों के लिए नियमों में बदलाव की तैयारी है। बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने कहा कि सेबी मेनबोर्ड आईपीओ और फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) के नियमों की समीक्षा कर रहा है। इसके अलावा, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रजिस्ट्रेशन में लगने वाला समय घटाकर पांच कारोबारी दिन तक लाने का लक्ष्य है। पांडे ने कहा कि सेबी ऐसे सिस्टम पर भी काम कर रहा है, जिसमें थर्ड-पार्टी एजेंसियां जांचेंगी कि आईपीओ से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी ने बताए गए उद्देश्य के मुताबिक किया है या नहीं। उन्होंने बिना आर्थिक गतिविधियों वाली कुछ लिस्टेड कंपनियों को बाजार के लिए जोखिम बताते हुए ऐसी कंपनियों को हटाने की बात भी कही।

### शेयर बाजार की असली परीक्षा

सेबी चेयरमैन ने कहा कि भारतीय पूंजी बाजार की असली परीक्षा ये है कि वो देश की इकोनॉमी को कितन प्रभावी तरीके से पूंजी उपलब्ध कराते हैं। बाजार का काम सिर्फ शेयरों की खरीद-बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि बचत करने वालों की पूंजी को उन कारोबारों तक पहुंचाना भी है, जिन्हें विकास के लिए पैसे की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय परिवार अब देश के पूंजी बाजार के लिए फंड का अहम स्रोत बनते जा रहे हैं। बैंक अब भी जरूरी हैं, लेकिन कंपनियों को इक्विटी, कॉरपोरेट बांड और दूसरे निवेश माध्यमों से भी पूंजी मिलती है। पांडे के मुताबिक, वैकल्पिक निवेश फंड ऐसे कारोबारों को पूंजी देते हैं, जिन्हें लंबे समय के निवेश की जरूरत होती है।

## सेबी चेयरमैन ने बताया, नियामक फॉलो ऑन नियमों की समीक्षा कर रहा




### शेयर बाजार में 15 करोड़ से ज्यादा निवेशक

पांडे ने भारतीय पूंजी बाजार के आकार का जिक्र करते हुए बताया कि देश में इक्विटी मार्केट कैपिटलाइजेशन करीब 470 लाख करोड़ रुपए है। बकाया कॉरपोरेट बांड का आकार करीब 61 लाख करोड़ रुपए और म्यूचुअल फंड की एसेट्स अंडर मैनेजमेंट करीब 83 लाख करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि भारतीय सिक्योरिटी मार्केट में अब 15 करोड़ से ज्यादा यूनिक निवेशक हैं। ये आंकड़ा बाजार में बढ़ती भागीदारी को दिखाता है। हालांकि, निवेशकों की संख्या बढ़ने के साथ ये सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि लोग जोखिम और निवेश से जुड़े नियमों को समझकर फैसला लें।

### विदेशी निवेशकों की एंट्री 5 दिन में कराने का लक्ष्य

सेबी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया आसान बनाने पर काम कर रहा है। पांडे के मुताबिक, नियामक का लक्ष्य एफपीआई ऑनबोर्डिंग में लगने वाला समय महीनों से घटाकर पांच कारोबारी दिन तक लाना है। इस कदम से विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय बाजार में निवेश शुरू करने की प्रक्रिया तेज हो सकती है। हालांकि, पांच कारोबारी दिन का समय सेबी का लक्ष्य है।

## कच्चे तेल के दाम का निवेशकों पर सकारात्मक असर

# बैंक, अन्य शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 905 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



कच्चे तेल के दाम में नरमी के बीच बैंक और दैनिक उपयोग का उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को जोरदार तेजी आई। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 905 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 22,900 अंक के पार पहुंच गया।

बीएसई सेंसेक्स 905.01 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,151.04 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 237.90 अंक यानी 1.05 प्रतिशत के लाभ बढ़त के साथ 22,936.75 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स में सबसे ज्यादा पांच प्रतिशत की तेजी आई। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़कर 3,682.44 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जिससे कंपनी का शेयर लाभ में रहा। इसके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, पावर ग्रिड, इटर्नल, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, एनटीपीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि. और इन्फोसिस के शेयर भी बढ़त में रहे।

### छोटी कंपनियों के शेयरों में आई तेजी

नायर ने कहा, ''दैनिक उपयोग के उपभोक्ता सामान, वित्तीय, सूचना प्रौद्योगिकी, रियल एस्टेट और बिजली क्षेत्रों की अगुवाई में यह तेजी आई। मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी तेजी आई, जो बाजार में व्यापक स्तर पर मजबूती का संकेत है।''

### कंपनियों के लाभ मार्जिन पर दबाव पड़ सकता है

नायर ने कहा कि कुछ कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजों और घरेलू मांग बने रहने से बाजार की बुनियादी स्थिति को समर्थन मिल रहा है। हालांकि, लागत ऊंची रहने से कंपनियों के लाभ मार्जिन पर दबाव पड़ सकता है। ब्रेंट कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, रुपये के मूल्य में गिरावट, घरेलू बॉण्ड प्रतिफल में वृद्धि और मौजूदा वैश्विक अनिश्चितता बाजार के लिए प्रमुख जोखिम बने हुए हैं।

### एशियाई बाजार में रहा मिलाजुला असर

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं, जापान का निक्की बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

## टीवीएस मोटर ईवी दोपहिया की उत्पादन क्षमता बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के एन राधाकृष्णन ने कहा है कि कंपनी इलेक्ट्रिक स्कूटर की मजबूत मांग को पूरा करने के लिए मार्च 2027 के अंत तक इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की विनिर्माण क्षमता बढ़ाकर 80,000 इकाई प्रति माह करने की योजना बना रही है। के एन राधाकृष्णन ने निवेशकों से कहा, हम अपनी क्षमता भी बढ़ा रहे हैं। अभी हम लगभग 60,000-65,000 इकाई की क्षमता पर काम कर रहे हैं। हमने इसे अगले स्तर पर ले जाते हुए लगभग 80,000 इकाई करने की योजना बनाई है। दोपहिया वाहन बाजार में इलेक्ट्रिक वाहन की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। कुल दोपहिया वाहन बाजार में इनकी हिस्सेदारी लगभग 11-12 प्रतिशत है, जबकि स्कूटर खंड में यह 20 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

## ऊर्जा बचाने, अपशिष्ट कम करने वाले कर्मियों की मांग बढ़ी

# कंपनियों में हरित कौशल वाले कर्मियों की मांग बढ़ी : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कंपनियों में ऊर्जा बचाने, अपशिष्ट कम करने और परिचालन दक्षता बढ़ाने में मदद करने वाले कर्मचारियों की मांग बढ़ रही है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में हरित कौशल वाले कर्मचारियों की भर्ती 31 प्रतिशत बढ़ गई है। पेशेवर नेटवर्किंग मंच लिंक्डइन की 'वैश्विक हरित कौशल रिपोर्ट 2026' के मुताबिक, देश के कार्यबल में हरित कौशल वाले कर्मचारियों की हिस्सेदारी 29 प्रतिशत बढ़ी है। इस तरह हरित कौशल वाले कर्मचारियों की मांग और उनकी उपलब्धता दोनों बढ़ रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में हरित कौशल वाले कर्मचारियों की एक बड़ी संख्या ऐसे पदों पर भर्ती हो रही है, जिनके पदनाम पारंपरिक रूप से पर्यावरण से नहीं जुड़े हैं। कंपनियां लागत घटाने, दक्षता बढ़ाने और पर्यावरण पर अपना प्रभाव कम करने में मदद करने वाले कर्मचारियों की तलाश कर रही हैं।

■ हरित कौशल वाले कर्मियों की मांग 31 प्रतिशत बढ़ी

लिंक्डइन की मानव संसाधन प्रमुख (भारत) सुसैन मैथ्यू ने कहा, ''देश में हरित करियर की शुरुआत का पर्यावरण से जुड़े पद के रूप में होना ही जरूरी नहीं है। नियोक्ता ऐसे लोगों को चाहते हैं जो परिचालन को अधिक सुरक्षित, कम खर्चीला और दक्ष बना सकें। इसके लिए स्थिरता से जुड़ी टीमों के अलावा अन्य विभागों में भी नियुक्तियां की जा रही हैं।'' रिपोर्ट के मुताबिक, युवा कर्मचारी हरित करियर में विशेष रुचि दिखा रहे हैं, लेकिन उनके लिए ऐसे अवसर तलाशना चुनौती बना हुआ है।

### निर्माण क्षेत्र में 11 प्रतिशत मांग बढ़ी

इसके बाद तेल, गैस एवं खनन क्षेत्र में 12 प्रतिशत और निर्माण क्षेत्र में 11 प्रतिशत भर्तियां हरित कौशल वाले कर्मचारियों की हुईं। ऊर्जा क्षेत्र के कार्यबल में भी बदलाव आ रहा है। वर्ष 2021 के बाद से भारत में लिंक्डइन के उन सदस्यों की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत बढ़ी है, जो नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में काम कर रहे हैं। वहीं, तेल एवं गैस क्षेत्र में काम करने वाले सदस्यों की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत घटी है।

### बंधन बैंक के मुनाफे में पांच गुना की वृद्धि

**नई दिल्ली।** बंधन बैंक का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध मुनाफा पांच गुना होकर 622 करोड़ रुपये हो गया। गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों में कमी आने से बैंक के मुनाफे में यह बढ़ोतरी हुई। बैंक ने एक साल पहले की समान तिमाही में 122 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। बंधन बैंक ने शेयर बाजार को दी नियामकीय सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 6,458 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 5,900 करोड़ रुपये थी।


पंजीयन क्रमांक 14/61
**जबलपुर गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या.**
201, प्लाट नं. 3 / 4, साउथ सिविल लाइंस, जबलपुर

क्रमांक : **सूचना** दिनांक :.....

जबलपुर गृह निर्माण सहकारी समिति पंजी. क्र. 14/61 के संचालक मंडल का कार्यकाल दिनांक 21/01/26 को पूर्ण हो चुका है। जिसके पुनः कराये जाने है, जिसके लिए सभी संस्था सदस्यों के आधार नंबर, मोबाइल नंबर सूची में दर्ज किया जाना आवश्यक है। अतः संस्था के समस्त सदस्यों से अनुरोध है कि वे दिनांक 10/11/26 तक संस्था कार्यालय में समय प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक संपर्क कर आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर प्रदान करें। यदि कोई सदस्य संस्था कार्यालय आने में असमर्थ हैं, तो वे 9770898335 मोबाइल नंबर पर प्रबंधक महोदय को आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर भेज सकते हैं।

दिनांक :29/10/2026
स्थान : जबलपुर
प्रबंधक

**पश्चिम मध्य रेल**
सामग्री प्रबंधक विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'–निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/37/2026)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई–खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए बेबसाईट https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 38262410 | कास्ट स्टील बोल्स्टर विथ लाइनर फॉर CASNUB 22 HS बोगीज | 204 नंबर्स | 20/11/2026 |
| 2 | 38264177 | Spares ऑफ APM (EL-60) कन्सिसटिंग ऑफ 18 आइटम्स | 1782 सेट्स | 24/11/2026 |
| 3 | 38265020 | MAN होल बॉडी विथ DIAPHRAGM विथ 12 NOS. स्टड इन असेंबल्ड कंडीशन | 800 नंबर्स | 25/11/2026 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता.)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**
इंजीनियरिंग निर्माण शाखा
एकल निविदा

मुख्य अभियंता (क्रय)/मुख्य पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु CPCWCR-17-2026, Dated: 27-10-2026, के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदाएँ बन्द होने की तारीख 30/10/2026 एवं समय 17:00 बजे तक है। निविदाए पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **निविदा क्रमांक :** CPCWCR-17-2026, Dated : 27-10-2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित : 1)** सतना–पन्ना नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत देवेन्द्रनगर–सकारिया रोड खंड में तटबंध (embankment) को चौड़ा करना ताकि ढलान (slope) स्थिर रहे। इसमें अर्थवर्क (मिट्टी का काम) ढलान की सुरक्षा गैवियन का काम और अन्य सहायक कार्य शामिल हैं। **2)** सकारिया रोड स्टेशन पर गुड्स शेड में गुड्स प्लेटफॉर्म को चौड़ा करना गुड्स शेड तक पहुँचने के लिए सड़क (Approach road) बनाना तथा CGS कार्यालय व्यापारियों के लिए कमरा (Marchant room) और मजदूरों के लिए कमरा (Labour room) की व्यवस्था करना। यह सब देवेन्द्रनगर–सकारिया रोड खंड को चालू करने के सिलसिले में किया जा रहा है।, **निविदा का अनुमानित मूल्य :** रु. 432943759.78, **निविदा फार्म की (कीमत रुपये) :** रु. 0.00, **बयाना राशि (रुपये में) :** रु. 8658900.00, **कार्य समापन अवधि (माह) :** 04 माह, **ई–निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 30/10/2026, 17:00 बजे बंद एवं 17:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय–समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा (हस्ता.)
उप मुख्य इंजीनियर (क्रय)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला कटनी (म.प्र.)**
Email-deo.mpedktn@mp.gov.in
निविदा सूचना क्र./आब/2026/1738 **विज्ञप्ति** कटनी, दिनांक 27.10.2026

वित्तीय वर्ष 2026-27 की शेष अवधि माह दिनांक 02.11.2026 से लेकर मार्च 31.03.2027 तक के लिये आबकारी विभाग मे अपराध नियंत्रण एवं प्रवर्तन कार्य हेतु मासिक किराये पर 03 वाहनो के अनुबंध हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों / संस्थाओं से ई-टेण्डर निविदायें जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय ओल्ड कलेक्ट्रेट कचहरी परिसर कटनी में दिनांक 02.11.2026 को समय 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र रुपए 1000/- (एक हजार रुपए मात्र) का भुगतान ई चालान (शीर्ष 0039-00-800-0761 अन्य प्राप्तियां) के माध्यम से जमा कर निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है। प्राप्त निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष दिनांक 02.11.2026 दिनांक को समय 2.30 बजे खोली जावेगी। निविदादाता की अनुपस्थिति ई-टेण्डर खोलने की प्रक्रिया को बाधित नहीं करेगी। वाहन की उच्च गुणवत्ता तथा भौतिक स्थिति के आधार पर उक्त वाहनो को प्राथमिकता दी जावेगी। वाहन को मासिक किराये पर अनुबंधित किये जाने हेतु पंजीकृत फर्म / संस्था द्वारा क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में वाहन टेक्सी कोटे में रजिस्टर्ड होना अनिवार्य होगा। निविदा से संबंधित शर्तों एवं निबंधनों की जानकारी कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(सुश्री विभा मरकाम)
G-20694/26 जिला आबकारी अधिकारी जिला कटनी

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा**
**जिला विदिशा (म.प्र.)**
नगर पालिका भवन, पुराना मेला ग्राउण्ड, शा. राजीव गांधी जनचिकित्सालय के पीछे, वार्ड क्र 15 गंजबासौदा
Email_cmoganjbasoda@mpurban.gov.in ☎ 07594-221104

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
क्र/SWM/2026/ गंजबासौदा दिनांक .....

नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा का आमंत्रण किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है –

| ई-निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_545656_1 | SELECTION OF AN AGENCY NON-PROFIT ORGANIZATION FOR PROVIDING END-TO-END MANAGEMENT OF SOLID WASTE IN NAGAR PALIKA PARISHAD GANJBASODA | 8835490.00 | 66300.00 | 10000.00 | 16.11.2026 |

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड, करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी mptenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा की स्वास्थ्य शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर बेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गंजबासौदा

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, साउथ सिविल लाईन जबलपुर**
NIT No.29/2026/Centralized Tender/G/CE(B)/Date 21/10/2026
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि ई.एम.डी.) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWPIU_544480_1 | शासकीय विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में 06 क्लास रूम, 10 प्रयोगशाला, परीक्षा हॉल एवं केंटीन ब्लॉक का निर्माण कार्य । (प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 1150.19 | 1000000.00 | 30000.00 | 18 |
| 2 | 2026_PWPIU_544483_1 | शासकीय डिग्री महाविद्यालय मंझौली जिला जबलपुर में 04 क्लास रूम एवं कनेक्टिंग कॉरिडोर शेड का निर्माण कार्य । (प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 290.96 | 290960.00 | 15000.00 | 12 |
| 3 | 2026_PWPIU_545215_1 | शासकीय विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में 100 सीटर कन्या छात्रावास का निर्माण कार्य । (प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 552.47 | 552470.00 | 20000.00 | 15 |

1- निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http:// mptender.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेगे। 2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट/ कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 24.10.2026 समय 9.00 से दिनांक 13.11.2026 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4 - निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-20682/26 कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुर

**GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH**
**Technical Education, Skill Development & Employment Department**
**CHAIRMAN COUNSELLING COMMITTEE, MADHYA PRADESH**
**(Directorate of Technical Education M.P.)**
**(A Committee under the Technical Education, Skill Development & Employment Department, Government of Madhya Pradesh)**
**Office of the Chairman, Counselling Committee, Madhya Pradesh Bhopal (M.P.)**

**CORRIGENDUM**
**EXTENSION OF LAST DATE**

**RFP Ref. No. : 4/Acad./H/2026/Couns./809** **Date of Issue : 29.10.2026**

With reference to the advertisement published for "Appointment of Legal Advisory Firms & Advocates for Litigation Quality Assurance (Independent Second-Level Review and Quality Assurance Legal Consultant)" published on Date 06.10.2026, it is hereby informed that the last date for submission of Request for Proposal (RFP) is extended by **7 (seven) days, i.e., up to 04.11.2026 (6:00 PM).**

Interested Legal Advisory Firms, Law Chambers, and Advocates are requested to submit their RFP/Technical Proposals in a duly sealed envelope as per the details given below :-

| | |
|---|---|
| Submission Address | Office of the Chairman Counselling Committee, First Floor, Tagore Hostel No. T2, Shyamla Hills, Bhopal, 462002, Madhya Pradesh. |
| Office Timings for Submission of Proposal | **10:00 AM to 6:00 PM (Working days i.e., Monday to Friday).** |
| Mode of Submission (Physical Copy Only) | RFP/Technical Proposals shall be submitted in a duly sealed envelope in physical form only, at the office mentioned above. |
| Contact & Queries | **Email : dte.helpcenter@mp.gov.in** |
| Website | The detailed RFP document and terms & conditions are available on the official website : **dte.mponline.gov.in** |

All other terms and conditions of the original advertisement shall remain unchanged.

**CHAIRMAN, COUNSELLING COMMITTEE**
M.P. Madhyam/128854/2026 **MADHYA PRADESH, BHOPAL**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय वनमण्डल अधिकार दक्षिण (उत्पा.) वनमण्डल बालाघाट म. प्र.**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या/ ई-टेंडरिंग / 2026-27 /3027 बालाघाट दिनांक- 23/10/2026

दक्षिण उत्पादन वनमण्डल बालाघाट के अतंर्गत गर्रा एवं लांजी डिपो में घोष विक्रय एवं निविदाओं के समय ठेकेदारों / संविदाकारों हेतु की जाने वाली टैंट व्यवस्था आदि हेतु ई-निविदा प्रस्तावित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | प्रदाय की जाने वाली समाग्री | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | गर्रा एवं लांजी डिपो में घोष विक्रय एवं निविदाओं के समय ठेकेदारों / संविदाकारों हेतु की जाने वाली टेंट व्यवस्था आदि हेतु ई-निविदा प्रस्तावित की जाती है। | 1. सिलिंग 15X15 फुट<br>2. साईडिंग 10X10 फुट<br>3. मेटिंग 15X30 फुट<br>4. दरी 10X10 फुट<br>5. टेबल 2.5X4 विथ टेबल क्लाथ 15 नग<br>6. कुर्सी (फायरवर)<br>7. साउण्ड सिस्टम विथ माईक चैनल<br>8. पेडेस्टल पंखा ( आवयश्कतानुसार )<br>9. कूलर ( आवयश्कतानुसार)<br>10. लाईट ( आवयश्कतानुसार)<br>11. जनरेटर डीजल सहित | आवश्यकतानुसार |

ऊपर दी गयी समस्त सामग्री हेतु प्रदायकताओं से ई-निविदा आमांत्रीत की जाती है। ई-निविदा संबंधित समस्त जानकारी एवं दस्तावेज www.mptender.gov.in पर प्रकाश दिनांक 24/10/26 से दिनांक 05/11 26 तक समय सांय 05:00 बजे तक देखी / प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Published Date | 24/10/2026 | 3:00 |
| 2 | Document Sale Start Date | 24/10/2026 | 6:00 |
| 3 | Bid Submission Start Date | 24/10/2026 | 6:00 |
| 4 | Bid Submission End Date | 03/11/2026 | 17:00 |
| 5 | Bid Opening Date | 05/11/2026 | 12:00 |

G-20677/26 वनमण्डलाधिकारी दक्षिण उत्पादन वनमण्डल बालाघाट

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**
**लोककर्म विभाग / निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्यो के लिए ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_539981_1<br>पी.आर.ओ.-716<br>दिनांक 29/10/2026 | महर्षि सुदर्शन वार्ड 64 के अंतर्गत विभिन्न स्थलो पर सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य | 02 माह<br>8.38 लाख | 2000/-<br>8380/- | 13/11/2026 |
| 2. | 2026_UAD_539981_2<br>पी.आर.ओ.-716<br>दिनांक 29/10/2026 | लाला लाजपत राय वार्ड अन्तर्गत विभिन्न स्थलो पर नाली निर्माण एवं कर्बड नाली निर्माण का कार्य । | 02 माह<br>8.45 लाख | 2000/-<br>8450/- | 13/11/2026 |
| 3. | 2026_UAD_539981_2<br>पी.आर.ओ.-716<br>दिनांक 29/10/2026 | संभाग क्र. 10 रांझी अंतर्गत संभागीय कार्यालय का उन्नयन कार्य । | 02 माह<br>6.79 लाख | 2000/-<br>6790/- | 13/11/2026 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, सिवनी (म.प्र.)**
**निर्माण भवन, प्रथम तल, कलेक्टर कैम्पस, जिला सिवनी (मध्यप्रदेश)**
दूरभाष क्र. 07692-225559 E-mail:-dpepiu.seoni@mp.gov.in, dpepiuseoni@gmail.com

एनआईटी नं.- 29/2026 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/जी/मु.अ. (भ) जबलपुर दिनांक 21.10.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. मे) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWPIU_544768_1 | जिला जेल सिवनी मे एच टाईप मल्टीस्टोरी (12 नग आवासग्रह) एवं एच टाईप सिंगल स्टोरी (4 नग आवासगृह) के निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | सिवनी (म.प्र.) | 269.69 | 270000.00 | 15000.00 | 12 माह |

1-निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन लाईन पोर्टल पर केडिट/डेबिट/कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3-निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 24.10.2026 से दिनांक 13.11.2026 तक खरीदा जा सकेगा। अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी -20683/26 स्वच्छता ही सेवा
कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग सिवनी (म.प्र)

चिंतन

# ठगी मामलों में जिम्मेदारी से नहीं बच सकते बैंक

डिजिटल बैंकिंग ने लेन-देन को जितना आसान बनाया है, साइबर अपराधियों ने भी उसी रफ्तार से लोगों की जमा-पूंजी पर सेंध लगाने के तरीके खोज लिए हैं। मोबाइल की एक घंटी, वीडियो कॉल पर पुलिस की वर्दी और गिरफ्तारी का डर दिखाकर लोगों को उनकी जीवनभर की कमाई से वंचित किया जा रहा है। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी अब केवल साइबर अपराध की समस्या नहीं, बल्कि बैंकिंग व्यवस्था की सुरक्षा और जवाबदेही की भी गंभीर परीक्षा है। सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए बैंकों की जिम्मेदारी पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उनकी लापरवाही से ठगी होती है तो उन्हें पीड़ितों को हर्जाना देना चाहिए। यह टिप्पणी बैंकिंग प्रणाली को उसकी बुनियादी जिम्मेदारी याद दिलाती है। ग्राहकों के धन की सुरक्षा केवल खाताधारक की सतर्कता पर नहीं छोड़ी जा सकती। आंकड़े समस्या की गंभीरता को रेखांकित करते हैं। वर्ष 2026 में अब तक डिजिटल अरेस्ट के 22 हजार से अधिक मामले सामने आए हैं और 800 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी हुई है। वर्ष 2025 में ऐसे 58,239 मामलों में लगभग 1,211 करोड़ रुपये गंवाए गए। ये आंकड़े बताते हैं कि जागरूकता अभियान और लगातार सामने आ रही खबरों के बावजूद अपराधियों का जाल कमजोर नहीं पड़ा। सवाल यह है कि जब डिजिटल लेन-देन का पूरा तंत्र बैंकों की निगरानी में संचालित होता है, तब असामान्य और संदिग्ध लेन-देन को समय रहते पकड़ने की व्यवस्था कितनी प्रभावी है? कोई खाताधारक अचानक अपनी जमा-पूंजी कुछ ही मिनटों में दूसरे खातों में भेजने लगे, किसी खाते में असामान्य रकम आने और तत्काल आगे हस्तांतरित होने का सिलसिला शुरू हो जाए या किसी खाते का इस्तेमाल लगातार संदिग्ध लेन-देन के लिए हो, तो बैंकिंग प्रणाली को सतर्क होना चाहिए। बैंक अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते। असामान्य लेन-देन पर तत्काल अतिरिक्त सत्यापन, ग्राहक से स्वतंत्र माध्यम से संपर्क, संदिग्ध खातों की त्वरित जांच और ठगी की आशंका होने पर धन हस्तांतरण को अस्थायी रूप से रोकने की प्रभावी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। ऐसे मामलों में पुलिस, साइबर अपराध इकाइयों, बैंकों और भुगतान सेवा प्रदाताओं के बीच तत्काल सूचना साझा करने का तंत्र भी जरूरी है। बैंकों की जवाबदेही तय करने के मामले में भी स्पष्ट नियम जरूरी हैं। यदि जांच में साबित हो कि बैंक ने निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया, संदिग्ध गतिविधियों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की या शिकायत मिलने के बाद धन रोकने में अनुचित देरी की, तो पीड़ित को मुआवजा दिया जाना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक को इस दिशा में ठोस नियम बनाने चाहिए, ताकि ग्राहकों को मुआवजे के लिए भटकना न पड़े। दूसरी ओर, डिजिटल अरेस्ट के नाम पर भयभीत किए जा रहे लोगों को यह समझाना भी जरूरी है कि पुलिस, सीबीआई या अन्य जांच एजेंसियां वीडियो कॉल पर किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं करतीं और न ही गिरफ्तारी से बचने के लिए किसी खाते में रकम जमा कराने की वैध प्रक्रिया है। अपराधी सरकारी प्रतीकों, फर्जी पहचान और मनोवैज्ञानिक दबाव का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में लोगों को अनजान वीडियो कॉल पर भरोसा नहीं करना चाहिए, न ही ओटीपी, बैंक विवरण या गोपनीय जानकारी साझा करनी चाहिए। यदि ग्राहक को यह आशंका रहने लगे कि उसकी जीवनभर की कमाई कुछ मिनटों में गायब हो सकती है और उसके बाद उसे केवल शिकायतों के चक्कर लगाने पड़ेंगे, तो डिजिटल बैंकिंग की विश्वसनीयता प्रभावित होगी।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अब जीएसटी सुधारों का नया दौर

> एक नवंबर से भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों का नया दौर आकार लेने जा रहा है। इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि भारत के अप्रत्यक्ष कर (इन डायरेक्ट टैक्स) ढांचे में 1 जुलाई 2017 को लागू हुई जीएसटी कर प्रणाली भारत के आर्थिक इतिहास का एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो रही है और अब इससे भारत की आर्थिक मजबूती का एक नया अध्याय लिखा जाएगा। 'एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार' के विजन के साथ शुरू हुई यह व्यवस्था विगत वर्षों में निरंतर प्रशासनिक, तकनीकी और प्रक्रियागत सुधारों से गुजरते हुए अब अपने सबसे परिपक्व चरण में प्रवेश कर रही है।

एक नवंबर से भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों का नया दौर आकार लेने जा रहा है। इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि भारत के अप्रत्यक्ष कर (इन डायरेक्ट टैक्स) ढांचे में 1 जुलाई 2017 को लागू हुई जीएसटी कर प्रणाली भारत के आर्थिक इतिहास का एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो रही है और अब इससे भारत की आर्थिक मजबूती का एक नया अध्याय लिखा जाएगा। 'एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार' के विजन के साथ शुरू हुई यह व्यवस्था विगत वर्षों में निरंतर प्रशासनिक, तकनीकी और प्रक्रियागत सुधारों से गुजरते हुए अब अपने सबसे परिपक्व चरण में प्रवेश कर रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नई दिल्ली में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों ने कर व्यवस्था को अधिक सरल, पारदर्शी, नागरिक-अनुकूल और व्यवसाय-सुगम बनाने की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ दिया है।

1 नवंबर से लागू होने वाले जीएसटी के चरणबद्ध बदलाव और फिर एक अप्रैल 2027 के भावी जीएसटी रोडमैप से जीएसटी प्रणाली करदाताओं को नौकरशाही के जटिल जाल से राहत दिलाने, कार्यशील पूंजी (वर्किंग कैपिटल) के प्रवाह को गति देने और भरोसे पर आधारित प्रशासन (ट्रस्ट-बेस्ड गवर्नेंस) को स्थापित करने के मद्देनजर मील का पत्थर बनने जा रही है। यह सर्वविदित है कि भारत में जीएसटी का वर्तमान स्वरूप रातों-रात तैयार नहीं हुआ, बल्कि यह पिछले चार दशकों में किए गए क्रमिक आर्थिक एवं प्रशासनिक सुधारों का प्रतिफल है। भारत में आधुनिक अप्रत्यक्ष कर सुधारों की नींव 1976 में एल. के. झा समिति की सिफारिशों से पड़ी, जिसने तत्कालीन जटिल उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) को समाप्त कर संशोधित मूल्य वर्धित कर लागू करने का सुझाव दिया था। इसके उपरांत वर्ष 1987 में मॉडवैट लागू होने के साथ ही भारतीय कर व्यवस्था में पहली बार इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की अवधारणा ने मूर्त रूप लिया, जिसने कर पर कर (कैस्केडिंग इफेक्ट) के बोझ को कम किया। 2000 के दशक की शुरुआत में डॉ. विजय केलकर टास्क फोर्स ने देश में एक एकीकृत 'नेशनल जीएसटी मॉडल' का प्रस्ताव रखा, जिसने व्यापक कर सुधारों का खाका खींचा। फिर राज्यों के वित्त मंत्रियों के अधिकार प्राप्त समूह ने रेवेन्यू न्यूट्रल रेट, प्लेस ऑफ सप्लाई नियमों और अंतरराज्यीय लेन-देन के लिए क्लियरिंग हाउस मैकेनिज्म पर काम किया। आखिरकार, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और आवश्यक संवैधानिक संशोधन के माध्यम से 1 जुलाई 2017 से पूरे देश में एकीकृत जीएसटी कानून लागू किया गया। निसंदेह जीएसटी लागू होने के बाद से भारत का कर आधार (टैक्स बेस) तेजी से विस्तृत हुआ है और संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) के डिजिटलीकरण, ई-वे बिल और ई-इन्वॉयसिंग जैसे तकनीकी नवाचारों ने कर चोरी पर अंकुश लगाकर असंगठित क्षेत्र को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। इन सुधारों के कारण राजस्व संग्रह में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है; जहां वित्तीय वर्ष 2017-18 के शुरुआती दौर में औसत मासिक संग्रह




लगभग 90,000 करोड़ रुपये प्रति माह रहता था, वहीं सितंबर 2026 में यह बढ़कर 2,00,000 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। यह ऐतिहासिक राजस्व संग्रह भारतीय अर्थव्यवस्था की आंतरिक मजबूती, कर अनुपालन में आई पारदर्शिता और कर प्रणाली की उच्च दक्षता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि जीएसटी परिषद की हालिया बैठक में करीब 9 वर्षों के अनुभवों के आधार पर दूरगामी सुधारों को हरी झंडी दी गई है। इनसे नए रिफंड आवेदनों को पूरी तरह से डिजिटल और जोखिम मूल्यांकन आधारित ऑटोमेटेड सिस्टम पर स्थानांतरित कर दिया गया है, जिससे रिफंड पावती की अवधि घटेगी और दावा की गई राशि बिना किसी अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप के सीधे कारोबारियों के बैंक खातों में जमा होगी। इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर से जूझ रहे उद्योगों को बड़ी राहत देते हुए 90 प्रतिशत तक का अस्थायी रिफंड तुरंत स्वीकृत करने की व्यवस्था की गई है, जिससे एमएसएमई और विनिर्माण इकाइयों की फंसी हुई पूंजी तुरंत अनलॉक होगी। सामान की बिक्री के बाद दी जाने वाली छूट (पोस्ट-सेल डिस्काउंट) और क्रेडिट नोट से जुड़े अनुपालन नियमों को व्यावहारिक और लचीला बनाया गया है, जिससे व्यापारी अपनी वास्तविक कर देनदारी का सटीक संतुलन बना सकेंगे। कर प्रशासन में पारदर्शिता लाने और व्यापारियों में विश्वास जगाने के लिए कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। एक ऐतिहासिक कदम के तहत जीएसटी अधिकारियों की सीधी गिरफ्तारी की शक्तियों को सीमित कर दिया गया है; अब अधिकारी महज कानून का हवाला देकर कारोबारियों को गिरफ्तार नहीं कर सकेंगे और इसके लिए अदालत से पूर्व आदेश प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अभियोजन (प्रॉसिक्यूशन) की सीमा को बढ़ाए जाने से छोटे और ईमानदार व्यापारियों में फैला 'टैक्स टेरर' का डर समाप्त होगा। इसके अतिरिक्त, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से व्यापार करने वाले छोटे व असंगठित विक्रेताओं के लिए पंजीकरण और अनुपालन की शर्तों को बेहद आसान बनाया गया है, जिससे वे वेयरहाउस का उपयोग कर बिना जटिल कागजी कार्रवाई के व्यापार कर सकेंगे। छोटे विवादों से राहत देते हुए 10,000 रुपये से कम की कुल कर देनदारी पर अब कारण बताओ नोटिस (शो कॉज नोटिस) जारी न करने और धारा 125 के तहत सामान्य जुर्मानों की सीमा घटाने के फैसले लिए गए हैं। कर ढांचे को व्यावहारिक बनाने के लिए कर दरों और स्लैब का पुनर्गठन एक अत्यंत प्रभावी कदम सिद्ध हुआ है। जीएसटी के शुरुआती वर्षों में मुख्य रूप से चार कर स्लैब (5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, और 28 प्रतिशत) तथा विभिन्न उपकर (सेस) प्रभावी थे, जिन्हें बाद में जीएसटी परिषद द्वारा व्यापक समीक्षा के बाद पुनर्गठित कर मुख्य रूप से दो प्रमुख स्लैब- 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के अंतर्गत सुव्यवस्थित किया गया। निसंदेह जीएसटी संबंधी हालिया सुधार सराहनीय हैं, परंतु जीएसटी को पूर्णतः गुड एंड सिंपल टैक्स बनाने के लिए अभी भी कुछ महत्वपूर्ण मोर्चों पर काम किया जाना शेष है। पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस, बिजली और एविएशन टर्बाइन फ्यूल को अभी भी जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है, जब तक ये वस्तुएं जीएसटी के तहत नहीं आतीं, तब तक समूची मूल्य श्रृंखला में इनपुट टैक्स क्रेडिट का निर्बाध प्रवाह संभव नहीं है। उम्मीद करें कि एक नवंबर से चरणबद्ध तरीके से लागू हो रहे सुधारों और एक अप्रैल 2027 से लागू होने वाले जीएसटी के दीर्घकालिक सुधारों से जीएसटी प्रक्रियाओं के सरलीकरण और कर आतंक की समाप्ति से उद्योग-कारोबार जगत लाभान्वित होगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विधान परिषद चुनाव

बाल मुकुन्द ओझा



# भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए खतरे की घंटी

देश के 4 राज्यों की 28 विधान परिषद सीटों के चुनाव नतीजों ने भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों में खलबली मचा दी है। भाजपा ने प्रतिष्ठा वाली सीटों पर हार के मद्देनजर आत्म चिंतन और विश्लेषण शुरू कर दिया है। बैठकों का दौर चल रहा है। कांग्रेस अपनी बुरी हार के बावजूद एक नवम्बर की रैली में व्यस्त है। कांग्रेस ने 12 सीटों पर चुनाव लड़ा और महज एक सीट पर विजय हासिल की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस की बैलेट पेपर पर हार से तंज कसते हुए कहा, चार बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक में विधान परिषद चुनाव में 28 सीटों पर मतदान पर्ची से हुए। अनुमान लगाइए कि इनमें कांग्रेस को कितनी सीट मिली हैं। वहीं कांग्रेस ने पलटवार करते हुए बनारस और नागपुर की हार पर भाजपा को आईना दिखाया है। दोनों पार्टियां एक-दूसरे पर हमलावर हो रही हैं। कर्नाटक में सत्तारूढ़ होने के बावजूद कांग्रेस ने चारों सीटें गंवा दी।

इनमें एक सीट पहले कांग्रेस के पास थी। वहीं भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बनारस संसदीय सीट पर हुए स्नातक और शिक्षक दोनों सीटों पर शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। यही नहीं, आरएसएस मुख्यालय की नागपुर सीट भी भाजपा ने कांग्रेस के हाथों गंवा दी। नागपुर आरएसएस का मुख्यालय होने के अलावा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का भी गृह क्षेत्र है। हालांकि भाजपा ने अपने सहयोगी दलों के साथ 28 में से 16 सीटों पर जीत हासिल की है। अकेले भाजपा को इनमें से 13 सीटें मिली हैं। उसकी सहयोगी जदयू, जदएस और शिवसेना (शिंदे) को एक-एक सीट मिली है। इसी के साथ ईवीएम के स्थान पर बैलेट पेपर से चुनाव कराने के नतीजे भी कांग्रेस को मुफीद नहीं रहे। चुनावों में क्षेत्रीय पार्टियों ने भाजपा को कड़ी टक्कर दी, जबकि कांग्रेस बुरी तरह पिछड़ गई। यूपी में कुछ ही माह बाद विधान सभा चुनाव होने जा रहा है। इस दृष्टि से इन चुनावों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक की 28 सीटों के लिए हुए चुनाव में बीजेपी ने सबसे ज्यादा सीटों पर जीत हासिल की, जबकि सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस महज एक सीट पर जीत हासिल कर पाई है। यह कांग्रेस के लिए झटके की तरह है। वहीं बीजेपी भले ही सबसे ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही हो, लेकिन वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की 2 सीट और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के संसदीय क्षेत्र नागपुर की स्नातक सीट से हार गई। यूपी में 11 सीटों पर विधान परिषद के चुनाव हुए थे। इनमें से छह सीटों पर भाजपा जीती है और पांच सीटें मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी ने जीती हैं। पहले सपा के पास तीन सीटें थीं और दो सीटों पर निर्दलीय जीते थे। इस बार सपा ने पांच सीटें जीती हैं। सपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी की स्नातक और शिक्षक दोनों सीटों पर जीत दर्ज की है। स्नातक सीट पर आशुतोष सिन्हा ने भाजपा के केदारनाथ सिंह को हराया तो शिक्षक सीट पर लाल बिहारी यादव ने प्रमोद मिश्रा को हराया। इसके अलावा राजधानी लखनऊ में सपा की कांति सिंह और इलाहाबाद-झांसी सीट पर सपा के मानसिंह यादव जीते। शिक्षक क्षेत्र में सपा ने आगरा और वाराणसी दो सीटों पर जीत हासिल की। गोरखपुर सीट पर कांटे की टक्कर में भाजपा के ध्रुव त्रिपाठी सिर्फ 307 वोट से जीते। भाजपा को शिक्षक क्षेत्र में मेरठ और लखनऊ में जीत मिली है, जबकि स्नातक क्षेत्र में आगरा और मेरठ-सहारनपुर में जीत मिली है। बिहार में आठ सीटों पर चुनाव हुए थे, जिनमें से चार सीटें एनडीए के खाते में गई हैं, जबकि चार सीटें अन्य को मिली हैं। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा 30 साल के बाद हारी है। राजद के डॉक्टर संजीव ने भाजपा को नवल किशोर यादव को हराया। भाजपा ने कोशी स्नातक, दरभंगा स्नातक, तिरहुत शिक्षक सीट पर जीत हासिल की है। जनता दल को सिर्फ एक पटना स्नातक की सीट मिली है।

दरभंगा शिक्षक सीट जनसुराज के सुरेश राय ने जीती है। सारण शिक्षक और तिरहुत स्नातक सीट पर निर्दलीय जीते हैं। महाराष्ट्र विधान परिषद की पांच सीटों के नतीजे आ गए थे। इनमें से दो सीटें सत्तारूढ़ गठबंधन यानी भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति ने जीती हैं और तीन सीटें विपक्ष यानी महाविकास आघाडी के खाते में गई हैं। पुणे शिक्षक सीट पर भाजपा के कौस्तुभ गावडे और अमरावती शिक्षक सीट पर एकनाथ शिंदे की शिव सेना के किरण सरनाइक जीते हैं। महाविकास अघाड़ी में दोनों सीटें शरद पवार की एनसीपी को मिली हैं। छत्रपति संभाजीनगर स्नातक सीट और पुणे स्नातक सीट उनके उम्मीदवार जीते हैं। नागपुर स्नातक सीट कांग्रेस ने जीत ली है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# खोने के डर को मन पर हावी न होने दें



संकलित

दर्शन

कई बार छोटी-छोटी बातें भी मन को इतना परेशान कर देती हैं कि जरूरी काम करना मुश्किल हो जाता है। किसी बात के बिगड़ने का डर हो या कुछ खोने की चिंता, मन लगातार उलझा रहता है। ऐसे में श्रीमद्भगवद्गीता की सीख जीवन को देखने का नजरिया बदल सकती है। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए मनुष्य को सुख-दुख और लाभ-हानि में संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया है। भगवान श्रीकृष्ण की सीख के अनुसार, मनुष्य की चिंता का एक बड़ा कारण किसी चीज को खोने का डर है। जब हम किसी उपलब्धि, रिश्ते या सुख-सुविधा से बहुत ज्यादा जुड़ जाते हैं, तो उसे खोने की आशंका परेशान करने लगती है। कई बार मनुष्य किसी चीज को हासिल करने के बाद भी उसके छिन जाने की चिंता में रहता है। इसलिए जीवन में जो कुछ मिला है, उसका आनंद लें, लेकिन उसे हमेशा अपने पास बनाए रखने की जिद ना करें। यही सोच मन को हल्का रखने में मदद करती है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने हर परिस्थिति में संतुलित रहने की सीख दी है। जीवन में कभी मन के मुताबिक परिणाम मिलते हैं, तो कभी निराशा हाथ लगती है। अगर हर अच्छी बात पर जरूरत से ज्यादा खुश और हर परेशानी में टूटने लगेंगे, तो मन हमेशा बेचैन रहेगा। इसलिए सुख मिलने पर अहंकार ना करें और दुख आने पर हिम्मत ना हारें। समय के साथ परिस्थितियां बदलती रहती हैं। इस बात को समझने वाला व्यक्ति मुश्किल समय में भी धैर्य बनाए रखता है।

# दूसरों से सीखिए, नकल मत कीजिए



संकलित

प्रेरणा

जिंदगी में हम सभी किसी ना किसी से प्रभावित होते हैं। कोई अपने माता-पिता से कुछ सीखता है, कोई शिक्षक से, तो कोई किसी सफल व्यक्ति को देखकर आगे बढ़ने की कोशिश करता है। दूसरों की अच्छी आदतों और विचारों से सीखना गलत नहीं है। परेशानी तब शुरू होती है, जब हम सीखने के बजाय उसी व्यक्ति की नकल करने लगते हैं। स्वामी विवेकानंद की एक सीख इसी बात की ओर ध्यान दिलाती है। उनका संदेश था - दूसरों से जो भी अच्छा है, उसे सीखो, लेकिन उसे अपनी तरह से अपनाओ, किसी और जैसे मत बनो।' इस विचार में सीखने के साथ-साथ अपनी पहचान बनाए रखने की बात भी कही गई है। हर इंसान के पास कुछ ना कुछ ऐसा जरूर होता है, जिससे हम सीख सकते हैं। किसी का अनुशासन अच्छा हो सकता है, किसी की मेहनत, किसी का धैर्य तो किसी की सोचने का तरीका हमें प्रभावित कर सकता है। विवेकानंद की सीख है कि ऐसी अच्छी बातों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मन को खुला रखें और जहां से अच्छी बात मिले, उसे सीखने की कोशिश करें। ज्ञान किसी एक व्यक्ति या जगह तक सीमित नहीं होता है। किसी की बात अच्छी लगी, तो उसे तुरंत अपनी जिंदगी का नियम बना लेना जरूरी नहीं है। हर व्यक्ति की परिस्थितियां अलग होती हैं। जो तरीका किसी दूसरे के लिए सही है, जरूरी नहीं कि वह आपके लिए भी उसी तरह काम करे। इसलिए किसी अच्छी बात को पहले समझना चाहिए। फिर देखना चाहिए कि उसे अपनी जिंदगी और परिस्थितियों के हिसाब से कैसे अपनाया जा सकता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी**

कम करें, पुनः उपयोग करना, रीसायकल करना एक ऐसा टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन है, जो सामाजिक रूप से स्वीकार्य और पर्यावरण के अनुकूल है। अपशिष्ट उत्पाद आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। यह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाले प्रदूषण का कारण बनता है। कम करना, पुनः उपयोग करना और रीसायकल करना भूमि, वायु और जल प्रदूषण के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक को खत्म करने के तीन बेहतरीन तरीके हैं। कम करने का मतलब है कि अपशिष्ट की मात्रा कम हो जाती है। अपशिष्ट में कमी का सीधा मतलब है उन चीजों को कम करना जिन्हें हम उपयोग करते हैं और केवल वही उपयोग करते हैं जो आवश्यक है।

- नेहा, रोहतक

## ट्रेंड

### आयुष्मान वय वंदना योजना



हमारे बुजुर्गों के लिए सम्मानजनक जीवन, बेहतर स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता रही है। इस दिशा में, 29 अक्टूबर 2024 को 'आयुष्मान वय वंदना योजना' की शुरुआत के आज दो साल पूरे हो गए हैं।

- **जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

### टाटा को बर्बाद कर रहे



टाटा को आपराधिक तरीके से बर्बाद किया जा रहा है, और किसी भी कारोबारी नेता में एक शब्द बोलने की हिम्मत नहीं है। आप कब तक चुप रहेंगे? क्या तब तक, जब तक वे आप पर पूरी तरह कब्जा न कर लें? भारतीय कारोबार मोदी और शाह के खिलौने नहीं हैं।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### मतदान रोकने की साजिश



वाराणसी में मतदान को रोकने या धीमा करने के पीछे की साजिश को सब समझते हैं, लेकिन बीजेपी इसमें कामयाब नहीं होगी। वाराणसी में बीजेपी की हार राष्ट्रीय खबर न बन जाए, इसे रोकने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।

- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

### अधिकार की रक्षा



1 नवंबर को 'इंडिया' रामलीला मैदान में एकजुट होकर खड़ा होगा। 'वोट चोरी' के खिलाफ यह लड़ाई, हर भारतीय के चुनने के अधिकार की रक्षा करने की लड़ाई है। बंगाल और अन्य राज्यों में हुई 'वोट लूट' पर जवाब चाहिए, खामोशी नहीं!

- **ममता बनर्जी,** पूर्व सीएम, प. बंगाल

## करंट अफेयर

# मंदिर पर गोलीबारी, दक्षिण एशियाई समुदाय में चिंता



शिकागो के पास एक हिंदू मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की साजिश को नाकाम किए जाने के बाद क्षेत्र के दक्षिण एशियाई समुदाय में डर का माहौल है, जिसने आस्था और पारिवारिक समारोहों के आमतौर पर उल्लासपूर्ण मौसम को फीका कर दिया है। अभियोजकों के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में, जब 11 अक्टूबर को नवरात्र का त्योहार शुरू होने पर श्रद्धालु हिंदू मंदिरों में इकट्ठा हुए थे, तब एलेक्जेंड्रोस पापोराकिस इलिनॉय के ऑरोरा स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी (बालाजी) मंदिर पहुंचा और पार्किंग क्षेत्र में बैठ गया, लेकिन राइफल जाम होने के कारण गोली चलाए बिना ही भाग गया। अभियोजकों ने बताया कि पापोराकिस (19) को उसी दिन शिकागो से करीब 64 किलोमीटर दूर इलिनॉय के पैलेटाइन स्थित उसके घर के पास गिरफ्तार किया गया। 'टैको बेल' के एक कर्मचारी ने अधिकारियों को उसकी भारतीय लोगों को मारने की योजना के बारे में सूचना दी थी। उस पर आतंकवादी धमकी देने और अवैध रूप से आग्नेयास्त्र रखने के गंभीर आरोप हैं। उसे शुक्रवार को फिर अदालत में पेश होना है। दक्षिण एशियाई समुदाय को एकजुट करने वाले गैर-लाभकारी संगठन 'द शिकागो कसम' की कार्यकारी निदेशक आशा राव ने कहा कि समुदाय के लोग इस घटना से स्तब्ध और आक्रोशित हैं।

## ऑफ बीट

# ब्रिटिश पीएम बर्नहम आएंगे भारत, मजबूत होंगे रिश्ते



ब्रिटिश प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम भारत का दौरा करने के इच्छुक हैं और जल्द ही उनकी यात्रा हो सकती है। एक शीर्ष राजनयिक ने बृहस्पतिवारक को दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी का उल्लेख करते हुए यह जानकारी दी। भारत में कार्यवाहक ब्रिटिश उच्चायुक्त बेन मेलर ने यहां बताया कि पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के दौरान, बर्नहम ने भारत आने की अपनी इच्छा जताई थी। मेलर ने कहा, मुझे पता है कि एंडी बर्नहम भारत आने के लिए बहुत उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, जब बर्नहम ने प्रधानमंत्री का पद संभाला था, उसके तुरंत बाद उनकी प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत हुई थी और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के सामने सीधे तौर पर यह बात रखी थी। मुझे यकीन है कि हम जल्द ही ऐसा होता हुआ देख पाएंगे। इस साल 20 जुलाई को बर्नहम को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। भारत-ब्रिटेन आर्थिक संबंधों पर, मेलर ने कहा, ''मुझे पूरा भरोसा है कि जैसे-जैसे ब्रिटेन और भारत की अर्थव्यवस्थाएं बढ़ेंगी, हम दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करने के लक्ष्य को पार कर लेंगे। उन्होंने कहा कि मुक्त व्यापार समझौता 100 दिन पहले लागू हुआ, लेकिन असल में इस पर एक साल से कुछ समय पहले ही हस्ताक्षर किए गए थे तथा तब से अब तक 12 अरब पाउंड के नए समझौते हो चुके हैं।

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## तकनीक में एक कदम और आगे मप्र विधानसभा पेपरलेस होगा अगला सत्र

# जनसमस्याओं को हल करने में अधिक सक्षम होगी ई-विधानसभा, डिजिटाइजेशन से तेजी से होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र विस के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि पहले जब विधायकों को प्रश्न लिख कर जमा करने होते थे, तब विस के एक सत्र में औसत 700 प्रश्न तक आया करते थे। ऑनलाइन व्यवस्था होने के बाद एक सत्र में प्रश्नों की संख्या चार हजार तक पहुंच गई है जो हर सदस्य के क्षेत्र की आवाज हैं। जब इतनी बड़ी संख्या में समस्याएं सरकार तक पहुंचती है और इनका निराकरण करने के लिए व्यवस्थाओं को अधिक सक्षम बनाती है। मप्र विस के अध्यक्ष तोमर ने राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन नेवा के अंतर्गत विधायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए यह विचार व्यक्त किए।

**नेवा का विधायकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न**

**समस्या हल करने व्यवस्थाओं को बनाते हैं सरल**



मप्र विधानसभा में मौजूद सदस्यगण।

### हमें आगे बढ़ाना है तो युग के साथ

अपने मुख्य उद्बोधन में विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि लंबे समय से हम सब लोग डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया पर काम कर रहे थे, प्रसन्नता है कि अब यह कार्य अंतिम चरण में है। हम सभी जानते हैं कि अगर हमें आगे बढ़ाना है तो युग के साथ प्रतिस्पर्धा करनी होगी। जब भी कोई नई तकनीक आती है तो एक पक्ष उस नई विधा का विरोध करता है और एक पक्ष उसे नई विधा को अस्त्र बनाकर प्रतिस्पर्धा में अन्य लोगों के साथ विजय प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूरदृष्टि वाले नेता हैं। अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के शुरुआती दौर में जब उन्होंने डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया का लक्ष्य रखा तो इन्हें नारा माना गया।

### तब मेरे लिए भी तकनीक का उपयोग आसान नहीं था

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने तकनीक के विस्तार पर अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब वे केंद्र सरकार में मंत्री बने तो प्रधानमंत्री मोदी को तकनीकी के प्रति बहुत सजग पाया। उनकी कोशिश रहती थी कि उनके साथ काम करने वाले अधिकारी, मंत्री व सांसद भी उतनी दक्षता से तकनीक का उपयोग करें। तोमर ने कहा कि तब मेरे लिए भी तकनीक का उपयोग आसान नहीं था। मैं बहुत धीरे-धीरे सीख रहा था।

### नेवा के उपयोग पर प्रकाश डाला

लोक लेखा समिति के अध्यक्ष भंवर सिंह शेखावत ने नेवा के उपयोग पर प्रकाश डाला तथा इसे बेहतर तथा व्यापक बनाने के लिए सुझाव दिए। प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष अजय विश्नोई ने नेवा की विषयवस्तु तथा महत्व को विस्तार से बताया। विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि ई विधानसभा होने के बाद विधानसभा के कार्य में कुशलता और पारदर्शिता आ सकेगी।

### पहले सत्र में इन विधायकों का दिया गया प्रशिक्षण

विधानसभा क्रमांक के हिसाब से पहले दिन प्रथम सत्र में एक से 50 संख्या वाले विधायकों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें सरला विजेन्द्र रावत, अम्बरीष शर्मा, केशव देसाई, डॉ. सतीश सिकरवार, मोहन सिंह राठौड़, फूल सिंह बरैया, रमेश प्रसाद खटिक, कैलाश कुशवाहा, प्रीतम लोधी, महेन्द्र रामसिंह यादव, ऋषि अग्रवाल, पन्नालाल शाक्य, प्रियंका पेंची, जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, ब्रजेन्द्र सिंह यादव, एडवोकेट श्रीमती निर्मला सप्रे, इंजीनियर प्रदीप लारिया, वीरेन्द्र सिंह लोधी, नितेन्द्र ब्रिजेन्द्र सिंह राठौड़, अनिल जैन, जयन्त मलैया, हरदीप सिंह डंग, इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, रामनिवास शाह, श्रीमती मनीषा सिंह, शिवनारायण ज्ञानसिंह, संदीप जायसवाल, अभिलाष पाण्डेय, अशोक ईश्वरदास रोहाणी, संजय उईके, विश्वनाथ सिंह, कंचन मुकेश तन्वे, भंवरसिंह शेखावत, श्याम बरडे।

## संस्कृति मंत्री ने सुनी भाजपा कार्यकर्ताओं की विभिन्न समस्याएं



**समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश**

**भोपाल।** प्रदेश के संस्कृति मंत्री के मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं एवं सुझावों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जिन प्रकरणों में विभाग की कार्रवाई आवश्यक है, उन्हें शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। मंत्री लोधी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्राप्त जनसमस्याओं का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर उसके समाधान का प्रयास किया जाएगा। आमजन की जनसमस्याओं का समाधान और उन्हें शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित करना मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के नेतृत्व में संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## शहरी विकास मॉडल पर मंथन, मृगांका सक्सेना ने किया पैनल का संचालन

# भविष्य में शहरों का सुनियोजित विकास आवश्यक, कॉन्क्लेव में बोले मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए शहरों का नियोजन समुचित प्रकार से किया जाना बहुत जरूरी हो गया है। बुधवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में 'मध्यप्रदेश अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' (रोड टू ग्लोबल ग्रोथ समिट 2027) हुई। कॉन्क्लेव में शहरी विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों, शैक्षणिक संस्थानों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता से 4 महत्वपूर्ण पैनल चर्चाओं (डिस्कशन) का आयोजन किया गया।

इन चर्चाओं में सुनियोजित शहरी विकास, आधुनिक अधोसंरचना, डिजिटल तकनीक, जलवायु अनुकूल शहरों के निर्माण, जल सुरक्षा, संसाधन प्रबंधन तथा शहरी निवेश एवं वित्तपोषण की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्रथम पैनल चर्चा में 'महानगरों से आगेः पुनर्घनत्वीकरण, ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट एवं ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स के माध्यम से शहरी विकास' विषय पर मंथन हुआ। पैनल का संचालन हैबिटेट टेक्टोनिक्स आर्किटेक्चर एंड अर्बनिज्म की संस्थापक भागीदार श्रीमती मृगांका सक्सेना ने किया।

**विकास के बिना बेहतर जीवन सुविधाओं वाले शहरों का निर्माण संभव नहीं**


सीएम ने अर्बन इनोवेशन गैलरी में प्रदर्शनी का किया अवलोकन।

### मानकों के अनुरूप एकीकृत मास्टर प्लानिंग

*डेला ग्रुप के अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक जिमी मिस्त्री ने मानव-केंद्रित शहरी विकास पर जोर देते हुए टीओडी, टीडीआर एवं एफएसआई मानकों के अनुरूप एकीकृत मास्टर प्लानिंग और दक्ष आर्किटेक्चर की सहभागिता को आवश्यक बताया। मेडुला सॉफ्ट टेक्नोलॉजीज के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शांतनु शर्मा ने यातायात की वास्तविक मांग के अनुरूप नगर नियोजन, शहरी घनत्व के बेहतर प्रबंधन तथा लास्ट माइल कनेक्टिविटी पर जोर दिया।*

पैनल प्रमुख एवं मप्र मेट्रो के प्रबंध संचालक कृष्ण चैतन्य ने कहा कि सुनियोजित विकास के बिना बेहतर जीवन सुविधाओं वाले शहरों का निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने स्वच्छता, हरित ऊर्जा, बेहतर कनेक्टिविटी, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस तथा औद्योगिक एवं आर्थिक कॉरिडोर को शहरी विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। साथ ही टीडीआर नियमों एवं ऑनलाइन टीओडी पोर्टल की जानकारी दी। नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल, मप्र के अध्यक्ष विवेक दमानी ने नगर नियोजन में विकासकर्ताओं एवं उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखने तथा परियोजनाओं की समयबद्ध स्वीकृति के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की आवश्यकता बताई।

### आवश्यकताओं के अनुरूप लचीले नगर नियोजन पर जोर

नीति आयोग की कार्यक्रम निदेशक सुश्री एना रॉय ने शहरी विकास योजनाओं में अभिसरण एवं समन्वय की आवश्यकता बताते हुए मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप लचीले नगर नियोजन पर जोर दिया। द्वितीय पैनल चर्चा में 'सुधारों एवं डिजिटल सक्षमता के माध्यम से शहरी शासन की पुनर्कल्पना' विषय पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, ई-गवर्नेंस, डेटा प्रबंधन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं नागरिक-केंद्रित सेवाओं के विस्तार पर चर्चा हुई।

### भोपाल की विकास योजना पर क्रेडाई ने उठाए सवाल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में आर्थिक विकास के रोडमैप को लेकर अब राजधानी भोपाल की उपेक्षा का सवाल उठने लगा है। इंदौर आर्थिक क्षेत्र-2047 की रिपोर्ट जारी होने के बाद क्रेडाई भोपाल ने राज्य सरकार से पूछा है कि जब अक्टूबर 2025 में भोपाल और इंदौर दोनों को ग्रोथ हब पहल के पहले चरण में शामिल किया गया था, तो भोपाल की आर्थिक विकास योजना अब तक सार्वजनिक क्यों नहीं हुई? संगठन ने सवाल उठाया है कि विकास की इस प्रक्रिया में राजधानी की प्राथमिकताएं और परियोजनाएं आखिर कब सामने आएंगी। बुधवार को इंदौर में आयोजित अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर आर्थिक क्षेत्र-2047 की रिपोर्ट जारी की। क्रेडाई भोपाल ने इस पहल का स्वागत किया, लेकिन साथ ही भोपाल के रोडमैप में हो रही देरी पर जवाब मांगा।

### तैयार होगा मास्टर प्लान

राज्य सरकार और नीति आयोग की संयुक्त पहल के तहत इंदौर के आठ और भोपाल के छह जिलों की आर्थिक प्रोफाइल, प्राथमिक परियोजनाएं और विस्तृत विकास योजना तैयार की जानी थी। इसके लिए अगले वित्त वर्ष की शुरुआत तक आर्थिक मास्टर प्लान तैयार करने का लक्ष्य भी बताया गया था।

## शौर्य और गौरवपूर्ण होंगे आर्मी डे परेड सहित अन्य कार्यक्रम

# मुख्य सचिव बर्णवाल ने की आर्मी डे परेड की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने आगामी 15 जनवरी को भोपाल में आर्मी डे परेड के मुख्य आयोजन और इससे पूर्व होने वाले अन्य कार्यक्रमों को शौर्य और गौरवपूर्ण तरीके से मनाने के लिए सभी संबंधित विभाग को उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन मार्गों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे नागरिकों को असुविधा न हों। उन्होंने निर्देश दिए कि वैकल्पिक मार्गों का सुधार कार्य करें और आवश्यक संकेत लगाएं, जिससे नागरिकों को बिल्कुल भी असुविधा नहीं हो। मुख्य सचिव बर्णवाल ने बुधवार को मंत्रालय में विभिन्न विभागों के साथ आयोजन स्थलों की व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, आवास, प्रोटोकॉल एवं प्रचार-प्रसार आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की तथा अब तक की गयी तैयारी की जानकारी ली।

### शिफ्टिंग की कार्रवाई तय समय-सीमा में कर ली जाए

मुख्य सचिव बर्णवाल ने निर्देश दिए कि आर्मी डे परेड के मुख्य आयोजन के लिए भेल स्थित कालीबाड़ी मार्ग पुनरूद्धार और रिसर्फेसिंग सहित विद्युत लाइनों के शिफ्टिंग की कार्रवाई तय समय-सीमा में कर ली जाए। लोक निर्माण विभाग ने आश्वस्त किया कि ये सभी कार्य आगामी एक दिसंबर तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। बैठक में बताया गया कि मुख्य आयोजन के लिए अतिविशिष्ट, विशिष्ट अतिथियों सहित लगभग 45 हजार दर्शकों के लिए बैठक, पेयजल, शौचालय, बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा की व्यवस्थाएं किए जाने की योजना बनाकर लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा समन्वय से कार्य प्रारम्भ किया गया है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम और एयर-शो

टीटी नगर स्टेडियम में शौर्य संस्कृति कार्यक्रम तथा भोपाल अपर लेक में होने वाले एयर शो के लिए भी सेना के अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मुख्य सचिव बर्णवाल ने निर्देश दिए कि उक्त कार्यक्रमों में यातायात, पार्किंग, प्रवेश, निकास एवं समग्र सुरक्षा व्यवस्था की कार्य-योजना तैयार कर पुलिस आयुक्त भोपाल और ट्रैफिक पुलिस प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। मुख्य सचिव ने तीनों कार्यक्रमों के लिए अतिथियों के आवागमन एवं बैठक आदि व्यवस्था के लिए आरक्षित स्थानों की जानकारी ली और बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए कहा।

## कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्रों को मिलेगा लाभ

# जिला प्रशासन-एडु रोबोवर्स के बीच समझौता ज्ञापन पर हुए साइन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुर

छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। कलेक्टर रोहित व्यास के प्रयासों से जिला प्रशासन और एडु रोबोवर्स के बीच गैर-वित्तीय सहयोग के आधार पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके तहत जिले के तीन सरकारी स्कूलों में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को एक वर्ष तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस पहल के माध्यम से विद्यार्थी केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि तकनीक का व्यावहारिक उपयोग करना भी सीखेंगे। प्रशिक्षण के दौरान वे इंटरनेट ऑफ थिंग्स की मदद से सेंसर, मोटर और विभिन्न उपकरणों को आपस में जोड़कर स्मार्ट सिस्टम तैयार करना सीखेंगे। इसके साथ ही विद्यार्थी कृषि, जल संरक्षण, वन, पर्यावरण और ऊर्जा जैसे स्थानीय विषयों पर आधारित वास्तविक प्रोजेक्ट भी तैयार करेंगे। इससे जिले के ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने में मदद मिलेगी।

### विशेष ट्रेनर किए जाएंगे नियुक्त

कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए एडु रोबोवर्स की ओर से प्रत्येक स्कूल में एक विशेष ट्रेनर नियुक्त किया जाएगा। ट्रेनर सप्ताह में दो दिन विद्यार्थियों की कक्षाएं लेंगे और विद्यालय के शिक्षकों को भी आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इससे स्कूलों में आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण को बढ़ावा मिलेगा और शिक्षक भी नई तकनीकों से परिचित हो सकेंगे। यह व्यवस्था विद्यालयों में दीर्घकालिक शिक्षण क्षमता को मजबूत बनाएगी। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी का 'स्टूडेंट टेक्नोलॉजी पासपोर्ट' तैयार किया जाएगा। इसमें विद्यार्थी के कौशल, मूल्यांकन और तैयार किए गए प्रोजेक्ट्स का रिकॉर्ड रखा जाएगा। संस्था द्वारा कार्यक्रम की प्रगति की मासिक रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी। प्रशिक्षण के अंत में विद्यार्थी अपने द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन भी करेंगे। स्थानीय समस्याओं के समाधान की प्रेरणा कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि आज का दौर तकनीक का है और आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा रोबोटिक्स जैसे कौशल हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर, उन्हें स्वयं करके सीखने और आसपास की समस्याओं के समाधान खोजने के लिए प्रेरित करना है।

## नारकोटिक्स और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# कार से हेरोइन और अवैध देसी पिस्टल बरामद

**बालोद।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और बालोद पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक कार से हेरोइन (चिट्टा) और अवैध देसी पिस्टल बरामद की है। मामले में दल्लीराजहरा निवासी 25 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कार, मोबाइल फोन, नशीले पदार्थ और हथियार समेत कुल 11 लाख 83 हजार रुपये की सामग्री जब्त की है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण के निर्देश पर 28 अक्टूबर की रात मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने नया बस स्टैंड के पीछे खड़ी टाटा हेक्सा कार की तलाशी ली। इस दौरान कार के डैशबोर्ड से 6.40 ग्राम हेरोइन और एक देसी पिस्टल बरामद हुई। कार चालक लीनेश बंसोड़ उर्फ बाड़ (25), निवासी दल्लीराजहरा को मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बालोद थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 22(ख) और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब इस मामले में नशीले पदार्थ और अवैध हथियार की सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों और संपर्कों की जानकारी जुटा रही है।

## कॉपी-पेन लेने गई थी छात्रा, पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

# 13 साल की बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म तीन युवकों पर वारदात करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले के रनचिरई थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में 13 वर्षीय स्कूली छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गांव के ही तीन युवकों पर नाबालिग को जबरन एक मकान में बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायत के मुताबिक, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा आठवीं में पढ़ने वाली पीड़िता 14 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे कॉपी-पेन लेने के लिए घर से निकली थी। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। रात करीब 11 बजे परिजनों को सूचना मिली कि गांव के कुछ युवक बच्ची को अचेत अवस्था में एक परिचित के घर लेकर पहुंचे हैं। परिजन फौरन मौके पर पहुंचे और उसे गुंडरदेही अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद अगले दिन उसे घर लाया गया।

### घटना के बाद डरी-सहमी रहने लगी पीड़िता



घटना के बाद से ही पीड़िता गहरे सदमे में थी और गुमसुम रहने लगी थी। परिजनों के बार-बार पूछने और ढांढस बंधाने पर 26 अक्टूबर को उसने पूरी घटना बयां की। पीड़िता ने बताया कि गांव के दो युवक उसे डरा-धमकाकर एक मकान की पहली मंजिल पर ले गए, जहां उन्होंने अपने तीसरे साथी को भी बुला लिया। इसके बाद कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर तीनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले का खुलासा होने के बाद पीड़िता की मां ने परिजनों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ रनचिरई थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 70(2), 65(1), 137(2), 127(2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4(2) व 6 के तहत प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## नागरिकों को सस्ता, अच्छा इलाज उपलब्ध कराने के लिए फाउंडेशन को दी बधाई

## सीएम ने इंदौर में हुए शंकरा आई फाउंडेशन के स्वर्ण जयंती समारोह में की सहभागिता

# परमार्थ ही सच्ची मानव सेवा, शंकरा आई फाउंडेशन ने पांच दशकों में लाखों परिवारों के जीवन में लौटाई गई रौशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति में जीवात्मा की सेवा को ही सर्वोच्च धर्म माना गया है। शंकरा आई फाउंडेशन ने पांच दशकों से निष्ठा और समर्पण के साथ जरूरतमंदों की नेत्र चिकित्सा कराकर 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के संकल्प को साकार किया है। किसी व्यक्ति की आंखों की रौशनी लौटने से उसके जीवन में ही नहीं, पूरे परिवार में खुशियां लौट आती हैं।

डॉ. यादव बुधवार को इंदौर में हुए शंकरा आई फाउंडेशन के स्वर्ण जयंती समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने फाउंडेशन के संस्थापक एवं मैनेजिंग ट्रस्टी पद्मश्री डॉ. आरवी रमानी, सह-संस्थापक डॉ. राधा रमानी सहित फाउंडेशन के सभी समर्पित चिकित्सकों और कर्मठ कर्मचारियों को 50 वर्षों की सफल सेवा यात्रा पूर्ण करने पर मप्र सरकार की ओर से बधाई दी।


इंदौर में शंकरा आई फाउंडेशन के स्वर्ण जयंती समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### छोटी शुरुआत, सेवा का व्यापक विस्तार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मई 1977 में कांची के शंकराचार्यों से प्रेरणा लेकर डॉ. आर.वी. रमानी और डॉ. राधा रमानी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में जरूरतमंदों की सेवा के उद्देश्य से एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की शुरुआत की थी। आज यह पहल देश के दस राज्यों तक पहुंच चुकी है। फाउंडेशन के 14 सुपर स्पेशियलिटी नेत्र अस्पतालों में प्रतिदिन एक हजार से अधिक मरीजों को उपचार की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन में लगभग 80 प्रतिशत लोगों का नेत्र उपचार निःशुल्क किया जाता है, शेष 20 प्रतिशत लोग ही भुगतान कर उपचार प्राप्त करते हैं।

### नेत्रदान के प्रति जागरूकता जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेत्रदान के प्रति समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान के जरिए इस पुनीत कार्य का संदेश जन-जन तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि स्वर्ण जयंती समारोह इस संस्थान को भविष्य के लिए नए लक्ष्य तय करने का भी समय है। मुख्यमंत्री ने कामना करते हुए कहा कि शंकरा आई फाउंडेशन अपने पूर्ण सेवाभाव के साथ आगे बढ़ते हुए अधिकाधिक जरूरतमंदों तक गुणवत्तापूर्ण नेत्र उपचार की सुविधा पहुंचाएं। इससे पहले उप-मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राजेन्द्र शुक्ल ने भी वर्चुअली जुड़कर शंकरा आई फाउंडेशन के स्वर्ण जयंती समारोह को वर्चुअली संबोधित किया।

## शादी का प्रलोभन देकर नर्स का दैहिक शोषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शादी का प्रलोभन देकर नर्स से एक साल तक दैहिक शोषण का मामला सामने आया है। नर्स ने जब शादी की बात आई तो आरोपी ने मोबाइल बंद कर लिया। पीड़िता ने मंगलवारा पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। 34 साल की महिला प्राइवेट अस्पताल में नर्स है। एक साल पहले उसकी असद से पहचान हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उससे शादी करने का भरोसा दिलाया। आरोप है कि इसी बहाने वह महिला को मिलने के लिए होटल बुलाने लगा। वहां जबरदस्ती की। इसके बाद शादी का वादा दोहराकर वह महिला का शोषण करता रहा।



# 80 साल से प्रशांत महासागर में डूबे जहाजों से रिस रहा काला जहर

**न्यूयार्क।** द्वितीय विश्व युद्ध के समय प्रशांत महासागर में डूबे सैकड़ों युद्धपोत आज भी समुद्र के सीने पर गहरे जख्म की तरह मौजूद हैं। इन जहाजों के जंग लगे स्टील के ढांचे धीरे-धीरे टूट रहे हैं। इनके फ्यूल टैंकों से लगातार जहरीला तेल समुद्र के पानी में रिस रहा है। सामान्य तौर पर पेट्रोलियम से भरा यह कचरा समुद्री जीवों के लिए मौत का सामान माना जाता है। माइक्रोनेशिया के पास समुद्र तल पर पड़े दो जापानी जहाजों के ईंधन की जांच कर रहे वैज्ञानिकों को बिल्कुल अप्रत्याशित नतीजे मिले हैं। वैज्ञानिकों ने पाया कि इस काले और बेहद जहरीले ईंधन के भीतर बैक्टीरिया की एक पूरी दुनिया बस चुकी है।

### ऑपरेशन हेलस्टोन में डूब गए थे दर्जनों जहाज

अमेरिकी वायुसेना ने 1944 में ऑपरेशन हेलस्टोन के तहत इस पूरे बेस को तबाह कर दिया था। इस हमले के बाद दर्जनों जहाज समुद्र में डूब गए थे। आज इस इलाके में करीब 2 लाख टन से ज्यादा डूबे हुए जहाजों का मलबा मौजूद है। जहाजों के गलते हुए टैंकों से दशकों से लगातार तेल बाहर निकल रहा है। यह रिसाव स्थानीय मछलियों और पूरे मरीन इकोसिस्टम को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। पेट्रोलियम हाइड्रोकार्बन पानी में घुलकर टार बॉल्स बना देते हैं, जिससे जलीय जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।



### ईंधन में वैज्ञानिकों को क्या मिला?

फिजी की यूनिवर्सिटी ऑफ द साउथ पैसिफिक के शोधकर्ताओं ने इस समस्या की जड़ तक जाने का फैसला किया। उन्होंने चुउक लैगून की गहराई में मौजूद दो मशहूर जापानी जहाजों पर फोकस किया। इनमें पहला जहाज ऑयल टैंकर शिंकोकू मारु था और दूसरा पूर्व पैसेंजर-कार्गो जहाज कियोसुमी मारु था। इन दोनों जहाजों से अलग-अलग तरह का ईंधन समुद्र में रिस रहा था। शोधकर्ताओं की टीम ने इन दोनों जहाजों के मलबे से ईंधन के सैंपल इकट्ठा किए. इसके अलावा शिंकोकू मारु के तेल और समुद्री पानी के संपर्क वाली सीमा से भी नमूने लिए गए। इन सभी सैंपल्स को गहराई से जांचने के लिए लैब भेजा गया। वैज्ञानिक मुख्य रूप से दो चीजों की तलाश कर रहे थे। पहला ईंधन की रासायनिक बनावट और दूसरा उसमें रहने वाले बैक्टीरिया।

## रोचक खबरें



# 92 की उम्र में पहली बार बना दादा गिनीज बुक में दर्ज हुआ रिकॉर्ड

**वॉशिंगटन।** जिंदगी कब और कौन सा सरप्राइज दे दे, यह कोई नहीं जानता. उम्र तो बस एक नंबर हैइस बात को अमेरिका के रहने वाले 92 साल के एक बुजुर्ग ने सच साबित कर दिखाया है। नॉर्मन टूसिग्नेंट ने इस उम्र में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। लेकिन खास बात यह है कि उन्हें यह रिकॉर्ड अपनी उम्र के लिए नहीं, बल्कि 92 साल की उम्र में पहली बार दादा बनने के लिए मिला है।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की रिपोर्ट के मुताबिक, आम तौर पर लोग 92 साल की उम्र में परपोते-परपोतियों या उनके भी बच्चों को खिलाने की उम्र में होते हैं। लेकिन 22 सितंबर 2022 का दिन नॉर्मन के परिवार के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं था। इस दिन उनके घर एक नन्हीं परी का जन्म हुआ, जिसका नाम मैडिसन रखा गया। जब मैडिसन का जन्म हुआ, तब नॉर्मन की उम्र ठीक 92 साल और 24 दिन थी। इस उम्र में पहली बार दादा बनने की खुशी ने इस परिवार की दुनिया ही बदल दी।

### 92 वें जन्मदिन पर मिला गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का ताज

इस अनोखी घटना के बाद नॉर्मन के परिवार ने इसके बारे में रिसर्च की और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से संपर्क किया. आखिरकार जब अगस्त 2026 में नॉर्मन अपना 96वां जन्मदिन मना रहे थे, तब उन्हें आधिकारिक तौर पर 'दुनिया के सबसे उम्रदराज पहले बार बने दादा' के खिताब से नवाजा गया।

### किस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा?

नॉर्मन टूसिग्नेंट से पहले यह अनोखा रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के चार्ल्स स्मिथ के नाम दर्ज था। नॉर्मन ने उनसे लगभग छह महीने के अंतर से इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और नया इतिहास रच दिया।

# 29 वर्षीय तेलंगाना के युवक ने जीते 240 करोड़ रुपए

**अबू धाबी।** अबू धाबी में रहने वाले एक भारतीय युवक की रातोंरात किस्मत बदल गई। युवक ने लॉटरी में 240 करोड़ रुपए जीत लिए, जिसके बाद उसने भारत और यूईए में प्रॉपर्टी खरीदी है अपने और अपने भाई के लिए गाड़ियां ली हैं, अपनी मां के लिए सोने के गहने खरीदे हैं और अपने पिता के लिए खेती की जमीन ली है। इस दौरान भारतीय युवक ने बाली से एम्स्टर्डम तक घूम लिया, लेकिन आज वो एक ऐसी बात कह रहे हैं जिसे सुनकर आप हैरान रह जाएंगे। 29 वर्षीय अनील कुमार बोल्ला अबू धाबी में आईटी सेक्टर में नौकरी करते हैं। उन्होंने पिछले साल अक्टूबर 2025 में लॉटरी में किस्तम आजमाई और अपनी मां का बर्थडे का नंबर 11 चुना। पर शायद ही उन्हें इस बात का अंदाजा रहा होगा कि यही नंबर उनकी किस्मत बदल देगा और अनिल ने यूएई लॉटरी में 100 मिलियन दिरहम का जैकपॉट जीत लिया। मतलब 240 करोड़ रुपए उन्हें लॉटरी में मिल गए। अनिल बोल्ला ने बताया कि उनके लिए सबसे बड़ा इनाम यह है कि उन्हें अपने परिवार के साथ बिताने के लिए ज्यादा समय और आजादी मिल गई है। सबसे अहम बात यह है कि मैं अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिता पा रहा हूं।



### परिवार अभी पुराने घर में ही रहता

बोल्ला का परिवार आज भी तेलंगाना में आज भी उसी घर में रहता है, जिसे वे अपने पिता का 'सपनों का घर' बताते हैं। उन्होंने अपने पिता को खेती की जमीन भी दी, ताकि वे ऑर्गेनिक फार्मिंग (जैविक खेती) में अपनी रुचि को आगे बढ़ा सकें। उन्होंने एक 'आईफोन 17 एयर' और चार-पांच महंगी घड़ियां खरीदी हैं। अनिल ने कहा कि मेरी खुशी हमेशा मेरे परिवार से जुड़ी है। मैंने उनके लिए जो कुछ भी किया है, वह मेरे लिए बहुत खास है। खुद के लिए कुछ करने की तुलना में, उनके लिए किए गए कामों से मुझे सबसे ज्यादा खुशी मिलती है।

### कई देशों में घूम चुके हैं अनिल

लॉटरी में मिली रकम से अनिल ने यूएई और भारत में प्रॉपर्टी खरीदी है। वह यूएई में रहना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने कुछ अन्य बिजनेस और मौकों की तलाश भी शुरू कर दी है। साथ ही भारत के साथ भी अपने रिश्ते मजबूत बनाए रखना चाहते हैं। लॉटरी जीतने के बाद से पिछले 12 महीनों में अनिल देशों में घूमने जा चुके हैं।

# चीन के रेस्टोरेंट ने परोसी अजीब डिश 'कॉकरोच एग टार्ट'

**बीजिंग।** चीन के एक रेस्टोरेंट ने सबको चौंका दिया है। सोशल मीडिया पर एक अजीब डिश वायरल हो रही है, जिसे देखकर कोई भी हैरान रह जाए। मीठे और मलाईदार एग टार्ट के ऊपर बड़े-बड़े कॉकरोच जैसे कीड़े सजाकर परोसे जा रहे हैं। यह सुनकर ही अजीब लगता है, लेकिन चीन में यह डिश काफी ट्रेंड कर रही है और लोग इसे खूब चाव लेकर खा भी रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह मामला चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के शुंडे इलाके के एक रेस्टोरेंट का है। अक्टूबर 2026 में इस रेस्टोरेंट ने 'वॉटर रोच एग टार्ट' नाम से एक नई डिश शुरू की। दिखने में यह बड़े कॉकरोच जैसा लगता है। इसे देखकर लोग कह रहे हैं कि इसे देखना भी मुश्किल है। लेकिन, रेस्टोरेंट के मालिक पैन का कहना है कि यह कॉकरोच नहीं, बल्कि पानी में मिलने वाला डाइविंग बीटल है। इसके 3 पीस की कीमत करीब 28 युआन यानी लगभग 350 रुपए है और रोजाना करीब 20 सेट बिक जाते हैं।

**यह डिश कैसे बनती है ?-** इस डिश को बनाने का तरीका भी हैरान करने वाला है। पहले इन कीड़ों की बदबू निकालने के लिए एक खास प्रक्रिया की जाती है। फिर इन्हें तय तापमान पर तेल में तला जाता है, ताकि ये कुरकुरे हो जाएं। कीड़ों के पंखों को वैसा ही रखा जाता है ताकि उनका असली रूप बना रहे। आखिर में इन तले हुए कीड़ों को मीठे एग टार्ट के ऊपर रख दिया जाता है। रेस्टोरेंट मालिक का कहना है कि इसका स्वाद ऐसा लगता है जैसे मीठे टार्ट पर कोई कुरकुरी चिप्स रखी हो।

**पुरानी चीनी दवा से है कनेक्शन-** रिपोर्ट के मुताबिक, भले ही आज के लोगों के लिए यह अजीब लगे, लेकिन दक्षिणी चीन में इन कीड़ों को खाने की पुरानी परंपरा है। पारंपरिक चीनी दवा में इन्हें सेहत के लिए अच्छा माना जाता है। कहा जाता है कि ये शरीर से गंदगी निकालने और खून के बहाव को बेहतर करने में मदद करते हैं। इसी वजह से ग्वांगझोउ और हांगकांग जैसे दूर के इलाकों से लोग इसका स्वाद लेने और वीडियो बनाने आ रहे हैं।



# चीन के सीक्रेट स्पेसप्लेन पर नया खुलासा

## अमेरिका ने जारी की सैटेलाइट तस्वीर, पेलोड दरवाजे दे सकते हैं मिशन का सुराग

**बीजिंग।** अमेरिकी सैन्य खुफिया एजेंसी ने चीन के सीक्रेट स्पेस प्लेन की तस्वीर जारी की है। यह तस्वीर वैंटोर के वर्ल्डव्यू 3 सैटेलाइट से 90 किलोमीटर की दूरी से ली गई है। पर्यवेक्षकों ने पहले भी ऑर्बिट में शेनलोंग की तस्वीरें ली हैं, लेकिन वैंटोर की यह नई तस्वीर इस अंतरिक्ष यान के बारे में ज्यादा और स्पष्ट जानकारी देती है। इसमें इसे कक्षा (ऑर्बिट) में दूसरे अंतरिक्ष यान से जुड़ा हुआ देखा जा सकता है। यह अमेरिका-चीन की अंतरिक्ष में तेज होती प्रतिस्पर्धा को दिखाता है। इस नई तस्वीर का रिजॉल्यूशन 4.5 सेंटीमीटर प्रति पिक्सेल है। तस्वीर को डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी की नई रिपोर्ट में शामिल किया गया है, जो अंतरिक्ष में विरोधी ताकतों से जुड़े खतरों का आकलन करती है। तस्वीर में रोबोटिक शेनलोंग स्पेस प्लेन एक उपग्रह (सैटेलाइट) से जुड़ा दिखा है, जिसके सोलर पैनल खुले हैं। इस उपग्रह की पहचान के बारे में पता नहीं चल पाया है।




### मिशन के बारे में मिलेगी जानकारी?

तस्वीर में शेनलोंग के पेलोड-बे के दरवाजे खुले हैं। पेलोड दरवाजे इस बात का सुराग दे सकते हैं कि शेनलोंग मिशन में क्या कर रहा है, जिसे फरवरी 2026 में लॉन्च किया गया था। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी का कहना है कि शेनलोंग उन तकनीकों का परीक्षण करता है, जो भविष्य में अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए सुविधाजनक और किफायती राउंड ट्रंप के तरीकों का रास्ता तैयार करेंगी। पर्यवेक्षकों ने शेनलोंग को कक्षा में कुछ चीजें छोड़ते हुए देखा है। जून में अमेरिकी अंतरिक्ष खुफिया कंपनी लियोलैब्स ने बताया था कि उसने इस स्पेस प्लेन के पास एक नई वस्तु का पता लगाया है। शेनलोंग के तीसरे मिशन के दौरान भी ऐसा हुआ था, जो 2024 में पूरा हुआ। 2023 में अपने दूसरे मिशन के दौरान भी इस स्पेस प्लेन ने एक वस्तु छोड़ी थी।

### तस्वीर में क्या दिखा है-

तस्वीरों में एक छोटा, शटल जैसा अंतरिक्ष यान दिखाई देता है, जिसमें छोटे पंख हैं। इसमें दो वर्टिकल टेल और बीच में खुला 'पेलोड बे' (सामान रखने की जगह) है। चीन के इस यान के पिछले हिस्से में दोनों तरफ सोलर पैनल लगे हैं। इस यान का डिजाइन काफी हद तक अमेरिकी 'एक्स-37बी' जैसा ही है। बीजिंग के यानों में हथियार लगे होने या आक्रामक मिशन का सबूत नहीं मिला है।

### चीन और अमेरिका के बीच चल रही स्पेस रेस

अमेरिका भी एक गुप्त रोबोटिक स्पेस प्लेन बोइंग के 'एक्स-37बी' का संचालन करता है। अमेरिका ने इसकी क्षमताओं या मिशनों के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं दी है। फरवरी 2025 में अमेरिकी स्पेस फोर्स ने अंतरिक्ष में मौजूद एक्स-37बी की पहली तस्वीर जारी की थी। ये दिखाता है कि चीन और अमेरिका के बीच स्पेस रेस (अंतरिक्ष दौड़) चल रही है, जिसमें दोनों देश एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश कर रहे हैं।



### चीन के स्पेसप्लेन प्रोग्राम

चीन ने 2020 से अब तक चार ज्ञात ऑर्बिटल मिशन पूरे किए हैं। इनमें प्रायोगिक (एक्सपेरिमेंटल) फिर उपयोग योग्य (रीयूजेबल) अंतरिक्ष यान शामिल है। चीन का सबसे नया मिशन 7 फरवरी, 2026 को शुरू हुआ। यह यान अभी भी कक्षा (ऑर्बिट) में मौजूद है। चीन के पास दो मुख्य स्पेसप्लेन मॉडल- शेनलोंग और तेंग्युन हैं।

# 35 लाख का चैंपियन भैंसा हुआ चोरी ढूंढने वाले को मिलेगा 1 लाख का इनाम

**चंडीगढ़।** पंजाब के कपूरथला जिले से एक बेहद हैरान करने वाली खबर सामने आई है। जिले काला संघिया में बीते कई दिनों से रात के समय लोगों की भैंस चोरी होने का सिलसिला जारी है। अब विगत रात एक खूह से भैंसा चोरी हो गया। मालिक कमलजीत सिंह को सुबह जानकारी मिली कि उनका भैंसा चोरी हो गया है, तो उन्होंने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। सबसे बड़ी बात यह है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाला है और अपने राजा को ढूंढने वाले को एक लाख का इनाम देने की घोषणा की है। इसके कारण पोस्ट वायरल हो गई है। काला संघिया में खूह पर रखे पशुओं में से राजा नाम के झोटे (भैंसा) को चोरों ने चोरी कर लिया। भैंसे के मालिक का कहना है कि वह पंजाब के गांवों में होने वाली हल्ट दौड़ में काफी मशहूर था।



### डेढ वर्ष की उम्र से ही हाल्ट दौड़ में हिस्सा ले रहा था राजा

भैंसे के मालिक ने बताया कि डेढ़ वर्ष की उम्र से ही उसे हाल्ट दौड़ प्रतियोगिता में शामिल किया था। वह प्रतियोगिता में शामिल होता था तो उसके कद काठ को देखकर लोग चौंका जाते थे। अब वह 19 साल का हो गया था। उसने पंजाब के कई गांवों में हाल्ट दौड़ में अपना बेहतरनी प्रदर्शन किया और प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया। खाने में उसे देसी घी व दूध दिया जाता था। उसकी कीमत 35 लाख रुपए आंकी जा चुकी है।

# 450 करोड़ में बिका डायनासोर का दुर्लभ कंकाल

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के मशहूर सोथबी ऑक्शन हाउस में विज्ञान और इतिहास की दुनिया का एक बड़ा सौदा देखने को मिला है। नैनोटाइरैनस डायनासोर का एक बेहद दुर्लभ कंकाल 47.3 मिलियन डॉलर यानी करीब 450 करोड़ रुपए में बिका है। इस कंकाल को वैज्ञानिकों ने 'जोडी' नाम दिया है। यह अब तक का दुनिया का दूसरा सबसे महंगा बिकने वाला फॉसिल बन गया है। नीलामी के दौरान छह बड़े खरीदारों के बीच करीब 12 मिनट तक जबर्दस्त जंग देखने को मिली। पहले इस जीवाश्म के 57 करोड़ से 85 करोड़ रुपए के बीच बिकने का अनुमान लगाया गया था। लेकिन, अंतिम बोली ने सभी पुराने अनुमानों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। करीब 9.6 फीट ऊंचे और 19.6 फीट लंबे इस कंकाल में कुल 191 हड्डियां सुरक्षित बची हैं। इसकी खोपड़ी लगभग पूरी तरह सुरक्षित है।



सोथबी ऑक्शन में जब जोडी की बोली शुरू हुई तो वहां मौजूद लोगों की सांसें थम गईं। छह बड़े दावेदार इस ऐतिहासिक कंकाल को हासिल करने के लिए आमने-सामने थे। सिर्फ 12 मिनट के भीतर बोलियां तेजी से ऊपर चढ़ने लगीं। अंत में यह कंकाल 450 करोड़ रुपए में एक अनजान खरीदार के नाम हो गया। इस कंकाल ने जीवाश्म की दुनिया में नया इतिहास रच दिया है। इससे पहले जुलाई में टी-रेक्स का एक कंकाल गस करीब 476 करोड़ रुपये में बिका था। वह दुनिया का सबसे महंगा फॉसिल बना था। जोडी आकार में गस के मुकाबले आधा है। इसके बावजूद इसकी इतनी ऊंची कीमत लगने की मुख्य वजह इसकी दुर्लभता है। दुनिया में इस प्रजाति के गिने-चुने कंकाल ही अब तक मिल सके हैं।

जीवाश्म विज्ञान में नैनोटाइरैनस प्रजाति के अस्तित्व को लेकर लंबे समय से बहस चल रही है। वैज्ञानिक कई सालों तक इसे केवल टी-रेक्स का छोटा बच्चा मानते रहे थे। हाल के वर्षों में नए अध्ययनों से यह बात सामने आई है कि यह एक अलग प्रजाति का वयस्क डायनासोर था।

### कैसे बाहर आया यह 6 करोड़ साल पुराना खजाना?

इस बेहद दुर्लभ कंकाल की खोज साल 2019 में मोंटाना के एक खेत में जोडी पियर्सन नाम की महिला ने की थी. उन्हीं के सम्मान में इस जीवाश्म का नाम जोडी रखा गया था। इसके बाद डायनासोर काउबॉय के नाम से मशहूर क्लेटन फिप्स ने जमीन खोदकर इसे बाहर निकाला. यह कंकाल अमेरिका के मोंटाना में स्थित मशहूर हेल क्रीक फॉर्मेशन से मिला है। यह इलाका डायनासोर के अवशेषों का सबसे बड़ा खजाना माना जाता है। साल 1902 में टी-रेक्स का पहला कंकाल भी इसी जगह से खोजा गया था। इसी इलाके से फिप्स ने साल 2006 में ड्यूलिंग डायनासोर नाम का मशहूर फॉसिल भी खोजा था। वह जीवाश्म इस समय नॉर्थ कैरोलिना के विज्ञान संग्रहालय में सुरक्षित रखा गया है।

## खच्चर पहुंचाते हैं चिट्ठियां और सामान!

# 3000 फीट गहरी खाई में बसा है ये गांव, सिर्फ 208 लोग रहते हैं यहां

**न्यूयार्क।** दुनिया में जब भी किसी गांव का जिक्र होता है, तो आंखों के सामने खेत-खलिहान, कच्चे रास्ते और सुकून भरी जिंदगी की तस्वीर आने लगती है। लेकिन, क्या आपने कभी ऐसे गांव के बारे में सुना है, जहां पहुंचने के लिए आपको ऊंची पहाड़ियों और गहरी खाइयों के बीच से गुजरना पड़े? जहां न गाड़ियों का शोर सुनाई देता है और न ही सड़कों पर ट्रैफिक नजर आता है। हैरानी की बात यह है कि यह गांव किसी दूरदराज के गरीब देश में नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे ताकतवर देशों में शामिल अमेरिका में है। यहां लोग जमीन की सतह से करीब 3000 फीट नीचे रहते हैं और आज भी चिट्ठियां पहुंचाने के लिए खच्चरों का सहारा लिया जाता है।





अमेरिका के एरिजोना राज्य में मौजूद ग्रैंड कैनियन दुनिया के सबसे मशहूर प्राकृतिक पर्यटन स्थलों में से एक है। इसकी विशाल चट्टानों और अनोखे नजारों को देखने के लिए हर साल लाखों लोग यहां पहुंचते हैं। इसी इलाके में हवासू कैनियन के पास सुपाई नाम का एक ऐतिहासिक गांव बसा है। यह ग्रैंड कैनियन के भीतर करीब 3000 फीट की गहराई में स्थित है। यहां की आबादी लगभग 208 लोगों की बताई जाती है। सुपाई की सबसे खास बात यह है कि यह आधुनिक शहरों की तरह सड़कों के जाल से नहीं जुड़ा है।

गांव तक पहुंचने का रास्ता इतना कठिन है कि यहां जाने के लिए हेलिकॉप्टर, खच्चर या पैदल यात्रा का सहारा लेना पड़ता है। गांव की सबसे नजदीकी सड़क भी करीब आठ मील (12.87 किलोमीटर) दूर है।

### आज भी खच्चरों के जरिए पहुंचती हैं चिट्ठियां

आज के दौर में जब कुछ ही सेकंड में मोबाइल पर मैसेज पहुंच जाता है, तब सुपाई गांव की डाक व्यवस्था किसी पुराने जमाने की याद दिलाती है। यहां चिट्ठियों और सामान को लाने-ले जाने के लिए खच्चरों का इस्तेमाल किया जाता है। डाक और दूसरी जरूरी चीजें खच्चरों पर लादकर गांव तक पहुंचाई जाती हैं। यहां की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि सामान्य डाक गाड़ियों के लिए गांव तक पहुंचना आसान नहीं है। यही वजह है कि खच्चर यहां के लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बने हुए हैं।

### नीले-हरे पानी के झरने बनाते हैं इसे जन्नत जैसा

सुपाई गांव सिर्फ अपनी अनोखी डाक व्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए भी जाना जाता है। ऊंची चट्टानों से घिरे इस इलाके में कई खूबसूरत झरने हैं। यहां के पानी का रंग फिरोजी या नीला-हरा दिखाई देता है, जो इस जगह को बेहद खास बनाता है। इस इलाके में बारिश काफी कम होती है। इसके बावजूद यहां के झरनों और पानी के स्रोतों में बहता पानी लोगों को हैरान कर देता है। पानी के इस खास रंग के पीछे चट्टानों और जमीन में मौजूद मिनरल्स की भूमिका होती है। कैल्शियम कार्बोनेट जैसे पदार्थ और पानी में मौजूद मिनरल्स के कारण प्रकाश का रिफ्लेक्शन अलग तरीके से होता है।

**अपनी लार से बनाती है नेस्ट**

# सोने से भी महंगा बिकता है इस चिड़िया का घोंसला

**नई दिल्ली।** आज के दौर में सोना खरीदना हर किसी के बस की बात नहीं रह गई है। बढ़ती कीमतों के चलते लोग गहने खरीदने से पहले कई बार सोचते हैं। भारत में सोने को कीमती संपत्ति और निवेश का भरोसेमंद विकल्प माना जाता है। लेकिन, क्या आपने कभी ऐसी चिड़िया के बारे में सुना है, जिसका घोंसला भी लाखों रुपए में बिक सकता है। दुनिया में स्विफ्टलेट नाम की एक छोटी-सी चिड़िया पाई जाती है, जिसके घोंसले की अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी मांग है।



**अंधेरी जगहों पर बनाती है घोंसला**

आमतौर पर चिड़ियों को पेड़ों की टहनियों, पत्तियों और सूखी घास से घोंसला बनाते देखा जाता है। लेकिन, स्विफ्टलेट चिड़िया अपने मुंह से निकलने वाली लार की मदद से घोंसला तैयार करती है। इसकी लार हवा के संपर्क में आकर सूख जाती है और धीरे-धीरे एक मजबूत, कप जैसी संरचना बना लेती है। स्विफ्टलेट अक्सर ऊंची चट्टानों, गुफाओं और अंधेरी जगहों पर अपना घोंसला बनाती है। इसे तैयार करने में कई दिन लग सकते हैं। घोंसले की खास बनावट और खाद्य पदार्थ के रूप में इसकी मांग ने इसे बेहद कीमती बना दिया है।

### आखिर क्यों लाखों में बिकता है इसका घोंसला?

स्विफ्टलेट के घोंसले का इस्तेमाल खासतौर पर दक्षिण-पूर्व एशिया और चीन में लोकप्रिय बर्ड्स नेस्ट सूप बनाने के लिए किया जाता है। चीन, हांगकांग और सिंगापुर जैसे बाजारों में इसे एक महंगे व्यंजन के तौर पर परोसा जाता है। इसकी गुणवत्ता, शुद्धता और उपलब्धता के आधार पर कीमत अलग-अलग हो सकती है। अच्छी गुणवत्ता वाले घोंसलों का एक किलोग्राम लाखों रुपये तक में बिक सकता है। परंपरा कहती है इस सूप को सेहत, त्वचा की चमक और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए फायदेमंद माना जाता रहा है। इसके घोंसलों में प्रोटीन और कुछ अन्य जैविक घटक पाए जाते हैं। हालांकि, इसके सेवन से मिलने वाले कई बड़े स्वास्थ्य लाभों के समर्थन में वैज्ञानिक प्रमाण अभी सीमित हैं। इसलिए इसे किसी बीमारी का इलाज समझना सही नहीं है।

### मप्र - छग में हीरो मोटोकॉर्प का बड़ा दांव

**1,999 से शुरुआती डाउन पेमेंट में मिलेगी स्प्लेंडर और एचएफ डीलक्स**

# 10 हजार रुपए तक के ऑफर से ग्राहकों को लुभाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज.भोपाल/रायपुर

त्योहारी सीजन के बीच दो दिवसीय रवि और सोम पुष्य नक्षत्र (1 और 2 नवंबर को) के बीच नई बाइक या स्कूटर खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों के लिए खास अवसर है। भारतीय परंपरा में इस नक्षत्र को खरीदारी और नई शुरुआत के लिए शुभ माना जाता है। ऐसे में ग्राहक अपनी पसंद, जरूरत और बजट के अनुसार नया दोपहिया वाहन घर लाने की तैयारी कर सकते हैं। बेहतर माइलेज वाली बाइक से लेकर स्टाइलिश मोटरसाइकिल और आधुनिक फीचर्स वाले स्कूटर तक, बाजार में ग्राहकों के पास कई विकल्प मौजूद हैं। इसके चलते मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में दोपहिया वाहनों की बिक्री बढ़ाने के लिए हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी रणनीति तेज कर दी है। कंपनी ग्रामीण और अर्ध-शहरी बाजारों में मजबूत मांग का फायदा उठाने पर ध्यान दे रही है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए 10,000 रुपए तक के त्योहारी लाभ, कम डाउन पेमेंट और आसान फाइनेंस जैसी योजनाओं को प्रमुखता दी जा रही है।



फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, मध्य प्रदेश में दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री में ग्रामीण और अर्ध-शहरी ग्राहकों की हिस्सेदारी लगभग 50 प्रतिशत बताई गई है। ऐसे में ग्रामीण उपभोक्ताओं की खरीद क्षमता, कृषि क्षेत्र की परिस्थितियां और रोजमर्रा के आवागमन के लिए किफायती वाहनों की जरूरत कंपनी के लिए अहम है। हीरो मोटोकॉर्प की स्प्लेंडर श्रृंखला और एचएफ डीलक्स ग्रामीण इलाकों तथा छोटे शहरों में कंपनी के प्रमुख मॉडल हैं। जबलपुर, उज्जैन, बिलासपुर और बस्तर जैसे बाजारों में इन मोटरसाइकिलों की मांग महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वहीं, इंदौर और रायपुर जैसे शहरी बाजारों में एक्सट्रीम 125आर के जरिए युवा ग्राहकों को आकर्षित करने की कोशिश है। कंपनी का इलेक्ट्रिक दोपहिया ब्रांड वीडा ईवी भी बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में अपनी मौजूदगी मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है। त्योहारी खरीदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न डीलरशिप पर 10,000 तक के कुल लाभ दिए जाने की जानकारी है। इसमें करीब 6,000 रुपए तक की सीधी छूट और पात्र राज्य सरकारी कर्मचारियों के लिए विशेष कॉरपोरेट लाभ शामिल हो सकते हैं। हालांकि, वास्तविक ऑफर मॉडल, डीलरशिप और लागू शर्तों के अनुसार अलग-अलग होंगे। कुछ फाइनेंस योजनाओं में शुरुआती डाउन पेमेंट 1,999 रुपए से शुरू होने का दावा किया गया है। चुनिंदा योजनाओं में विशेष ब्याज दरों और बैंक कैशबैक का लाभ भी मिल सकता है।

### रामदेव बोले-सनातन ग्रंथों की गलत व्याख्या दूर करने की जरूरत

# पतंजलि विश्वविद्यालय में 52वें अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

**सनातन शास्त्रों के संरक्षण और शुद्धिकरण पर जुटेंगे विद्वान**

योगगुरु स्वामी रामदेव ने आरोप लगाया है कि सनातन धर्म के प्राचीन ग्रंथों में मिलावट और उनकी गलत व्याख्या के माध्यम से हिंदू धर्म, देवी-देवताओं और महान पूर्वजों की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर विद्वानों की समिति गठित कर शास्त्रों की प्रामाणिकता की समीक्षा की जाएगी। इसके लिए सनातन शास्त्र शुद्धिकरण अभियान शुरू करने की घोषणा की गई है। 29 से 31 अक्टूबर 2026 तक पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 52वें अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन के संदर्भ में स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण की उपस्थिति में कनखल स्थित दिव्य योग मंदिर, कृपालु बाग आश्रम में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान स्वामी रामदेव ने कहा कि सनातन धर्म के मूल सिद्धांत सत्य, न्याय, समानता और सर्वहित पर आधारित हैं। उनके अनुसार, कुछ ग्रंथों में बाद के समय में प्रक्षेप यानी मिलावट किए जाने की जांच जरूरी है। स्वामी रामदेव ने कहा कि रामायण, महाभारत, पुराण, स्मृति ग्रंथों और विभिन्न दर्शनों के प्रामाणिक पाठ तथा उनकी व्याख्याओं की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने जोर दिया कि संस्कृत में लिखी प्रत्येक रचना को स्वतः प्रामाणिक शास्त्र नहीं माना जाना चाहिए। शास्त्रों की व्याख्या करने वालों को संस्कृत और संबंधित विषयों का पर्याप्त ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने जाति और लिंग के आधार पर भेदभाव का विरोध करते हुए कहा कि सनातन धर्म में मनुष्य का मूल्यांकन उसके कर्मों के आधार पर होना चाहिए। उनके अनुसार, समाज में भेदभाव की दीवारें खड़ी करने के बजाय समानता और आपसी सद्भाव को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।



अभियान शुरू करने की घोषणा करते हुए

### सम्मेलन में जुटेंगे देशभर के विद्वान और धर्माचार्य

आयोजकों के अनुसार, तीन दिवसीय सम्मेलन में देशभर के संस्कृत विद्वान, धर्माचार्य, शंकराचार्य और विभिन्न संप्रदायों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन में लगभग चार से पांच हजार संस्कृत विद्वानों और सैकड़ों आध्यात्मिक गुरुओं के भाग लेने की संभावना जताई गई है। स्वामी रामदेव ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य सनातन धर्म के मूल स्वरूप को प्रस्तुत करना और प्राचीन ग्रंथों के अध्ययन को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने इसे गैर-राजनीतिक आयोजन बताते हुए कहा कि इसमें सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और दार्शनिक विषयों पर चर्चा की जाएगी। आयोजकों के मुताबिक, सम्मेलन का उद्घाटन राज्यपाल द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण सहित देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्कृत विद्वानों की सहभागिता प्रस्तावित है।

# एआई+ स्मार्टफोन 15 नवंबर से होंगे महंगे




**भोपाल।** एआई+ स्मार्टफोन ने 15 नवंबर 2026 से अपने चुनिंदा स्मार्टफोन मॉडल्स की कीमतों में 1,000 से 3,000 रुपये तक बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। बढ़ती कंपोनेंट लागत के चलते कंपनी ने यह फैसला लिया है। ग्राहक 14 नवंबर तक मौजूदा कीमतों पर फोन खरीद सकेंगे। कीमतों में बढ़ोतरी एआई+ पल्स 2 एफई, पल्स 2, नोवा 2 5जी, नोवा 2 नियो 5जी, नोवा 2 पावर 5जी, नोवा 2 प्रो 5जी और नोवा 2 अल्ट्रा 5जी के चुनिंदा वैरिएंट्स पर लागू होगी। हालांकि, एआई+ नोवाफ्लिप 5जी की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह स्मार्टफोन 49,999 रुपये में उपलब्ध रहेगा। कंपनी के अनुसार, लागत संबंधी चुनौतियों के बावजूद ग्राहकों को किफायती कीमतों पर बेहतर तकनीक और भरोसेमंद परफॉर्मेंस उपलब्ध कराने पर ध्यान दिया जाएगा।

### करोंद मंडी में 5 हजार बोरी की आवक, बढ़े भाव से किसानों को राहत

# सोयाबीन 7 हजार के पार, भावांतर से 1500 रुपए क्विंटल ऊपर भाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सोयाबीन के भाव में आई तेजी ने किसानों के चेहरे पर राहत की उम्मीद जगा दी है। राजधानी की करोंद कृषि उपज मंडी में सोयाबीन के दाम 7 हजार रुपए प्रति क्विंटल के पार पहुंच गए हैं। भावांतर भुगतान योजना के सहारे किसानों को भोपाल सहित प्रदेश की कृषि उपज मंडियों करीब 1500 रुपए प्रति क्विंटल तक लाभ हो रहा है।

भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन के अनुसार स्थानी गल्ला मंडी में सोयाबीन की करीब 5 हजार बोरी आवक रोजाना हो रही है। बढ़ते भाव के बीच अब किसानों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि बाजार में मिल रही कीमत और योजना के तहत मिलने वाली सहायता का वास्तविक लाभ उनकी जेब तक कितना पहुंचेगा।



### किसान भावांतर में उपज बेचने के बजाए सीधे मंडियों में सोयाबीन बेच रहे

अनाज कारोबारी संजीव जैन के अनुसार करोंद मंडी में सोयाबीन के बाजार भाव 7 हजार से 7100 रुपए प्रति क्विंटल है। वहीं, भावांतर की दर 5600 से 5700 रुपए प्रति क्विंटल बताई जा रही है। अतः किसान भावांतर में अपनी उपज बेचने के बजाय सीधे मंडियों में सोयाबीन बेच रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस सीजन में सोयाबीन के भाव बीते साल की अपेक्षा काफी बढ़े हुए हैं।

# बैंक ऑफ इंडिया ने आयोजित की वाहन डीलर मीट, ऋण कारोबार बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल अंचल की ओर से ग्वालियर में वाहन डीलर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वाहन डीलरों के साथ बैंक के व्यावसायिक संबंधों को मजबूत करना, वाहन ऋण कारोबार का विस्तार करना और नए व्यावसायिक अवसरों की संभावनाएं तलाशना रहा। कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल अंचल के आंचलिक प्रबंधक विकास रंजन पटनायक विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में ग्वालियर क्लस्टर की विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधकों के साथ शहर के प्रमुख वाहन डीलरों ने भाग लिया। बैठक के दौरान बैंक अधिकारियों और वाहन डीलरों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने तथा ग्राहकों को सरल, सुगम और गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही वाहन ऋण कारोबार को गति देने और बैंक की वित्तीय योजनाओं को अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुंचाने के उपायों पर विचार-विमर्श हुआ। ग्वालियर मेले को ध्यान में रखते हुए वाहन वित्तपोषण के अवसरों का लाभ उठाने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। इसमें वाहन खरीदने वाले ग्राहकों को ऋण सुविधाओं की जानकारी देने और डीलरों तथा बैंक अधिकारियों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर बेहतर परिणाम हासिल करने पर जोर दिया गया। बैंक की इस पहल से वाहन ऋण संबंधी सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने और ग्राहकों तक वित्तीय सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने की दिशा में सहयोग मिलने की उम्मीद है।




### वायासैट स्पेस चैलेंज में आदित्य उप्पल अव्वल

**नई दिल्ली।** एआई तकनीक से अंतरिक्ष के मलबे का पता लगाने और उपग्रहों को टकराव से बचाने का समाधान किया पेश, मिला पांच लाख रुपए का पुरस्कार नई दिल्ली। आईआईटी खड़गपुर के आदित्य उप्पल ने वायासैट स्पेस फॉर गुड इंडिया चैलेंज 2026 में पहला स्थान हासिल किया है। वायासैट ने इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर के साथ मिलकर इस नवाचार प्रतियोगिता का आयोजन किया।

### लायंसगेट की 500 करोड़ पोर्टफोलियो विस्तार योजना

**नई दिल्ली।** लायंसगेट प्ले ने भारत में हॉलीवुड कंटेंट के लिए अलग पहचान बनाई है। कंपनी ने पंजाबी और हिंदी मनोरंजन को समर्पित प्रीमियम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म टाइगर टीवी लांच हुआ। संस्थापक एवं सीईओ रोहित जैन के अनुसार कंपनी अगले तीन वर्षों में पंजाबी और हिंदी कंटेंट का 500 करोड़ रुपए से अधिक का पोर्टफोलियो तैयार करेगी।

### वर्सुनी का भारत में 180 करोड़ का निवेश, 600 रोजगार के अवसर बनेंगे

**नई दिल्ली।** घरेलू उपकरण निर्माता वर्सुनी इंडिया चेन्नई और अहमदाबाद स्थित अपनी फैक्ट्रियों के विस्तार पर 180 करोड़ रुपये निवेश करेगी। कंपनी की इस योजना से अगले दो वर्षों में करीब 600 नए रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। निवेश में चेन्नई इकाई पर 130 करोड़ और अहमदाबाद फैक्ट्री पर 50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।चेन्नई में मिक्सर ग्राइंडर, ग्लास गैस स्टोव और एयर फ्रायर मोटरों के उत्पादन की सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। वहीं, अहमदाबाद में एयर फ्रायर, एयर प्यूरीफायर और गारमेंट स्टीमर का उत्पादन बढ़ाने पर जोर रहेगा। कंपनी आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से विनिर्माण क्षमता मजबूत करेगी। वर्सुनी का लक्ष्य भारतीय कलपुर्जों की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से बढ़ाकर 90 प्रतिशत करना है, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी और स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं को बढ़ावा मिलेगा। कंपनी घरेलू मांग पूरी करने के साथ निर्यात बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रही है। यह निवेश भारत में घरेलू उपकरण उद्योग, स्थानीय विनिर्माण और रोजगार के अवसरों को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष** — मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कर्क** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।

**धनु** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च

**मीन** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

### ईडीआईआई महिलाओं को बना रहा उद्यमी, 600 से अधिक व्यवसाय शुरू

**भोपाल।** एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने महत्वपूर्ण पहल की है। संस्थान के इको-एक्शन लर्निंग सेंटर के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को तकनीकी कौशल, व्यावहारिक प्रशिक्षण और कारोबार स्थापित करने के लिए जरूरी सहयोग दिया जा रहा है। अब तक 2,000 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जबकि 600 से अधिक महिलाओं ने नए उद्यम शुरू किए हैं या अपने मौजूदा कारोबार का विस्तार किया है। ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि उद्यमिता ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम है। इको-एक्शन लर्निंग सेंटर के जरिए महिलाओं को व्यावहारिक कौशल, तकनीक और उद्यम स्थापित करने के लिए जरूरी सहयोग दिया जा रहा है ताकि वे अपने हुनर को टिकाऊ व्यवसाय में बदल सकें।

### मंगलसूत्र-अंगूठी और पायल की रही मांग

# करवा चौथ पर हल्की ज्वेलरी की डिमांड, अब पुष्य नक्षत्र और धनतेरस-दिवाली पर व्यापार की उम्मीद

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

करवा चौथ पर राजधानी भोपाल के सराफा बाजार में हल्की ज्वेलरी की खरीदारी देखने को मिली। त्योहार के चलते ग्राहकों ने बजट के अनुसार हल्के वजन के आभूषणों को प्राथमिकता दी।

अब सराफा कारोबारियों को पुष्य नक्षत्र, धनतेरस और दिवाली पर बाजार में रौनक बढ़ने तथा कारोबार में तेजी आने की उम्मीद है। करवा चौथ पर महिलाओं ने अपनी पसंद और बजट के मुताबिक आभूषणों की खरीदारी की। हल्की चेन, अंगूठी, कानों के टॉप्स और अन्य आकर्षक डिजाइन के आभूषण ग्राहकों के लिए



विकल्प बने। वहीं, चांदी की पायल और बिछिया की भी खरीदारी हुई। त्योहार पर पत्नी को गहने उपहार देने की परंपरा के चलते ज्वेलरी दुकानों पर ग्राहकों की दिलचस्पी रही। वहीं सोने के ऊंचे भाव के बीच ग्राहकों ने कम वजन वाले आभूषणों को प्राथमिकता दी। मंगलसूत्र, हल्की चेन और अंगूठियां ऐसे विकल्प रहे, जिन्हें त्योहार पर खरीदने के साथ रोजाना भी पहना जा सकता है। करवा चौथ के बाद अब सराफा कारोबारियों की नजर धनतेरस और दिवाली पर टिकी है। इन त्योहारों पर सोने-चांदी की खरीदारी को शुभ माना जाता है। ऐसे में कारोबारियों को उम्मीद है कि आगामी दिनों में बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ेगी और बिक्री में सुधार होगा। कारोबारियों को उम्मीद है कि त्योहारों के दौरान लोग पारंपरिक आभूषणों के साथ हल्की और आकर्षक डिजाइन वाली ज्वेलरी भी पसंद करेंगे। सोने-चांदी की कीमतों और ग्राहकों के बजट के बीच हल्के वजन के आभूषण खरीदारी का अहम विकल्प बन सकते हैं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एलएचबी-एफपीए_26-28, दिनांक 26.10.2026,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, कैरिज कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओः काँचरापाड़ा, पिन-743145 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** खुली निविदा के आधार पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से 02 (दो) वर्ष की अवधि के लिए, कैरिज कॉम्प्लेक्स, काँचरापाड़ा में पीओएच के दौरान एलएचबी कोचों के फ्रंट पार्ट असेंबली के 60 सेट का प्रतिस्थापन। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 1,69,40,209.80 जीएसटी सहित। **निविदा कागजात का मूल्य (टीडीसी):** शून्य। **वेबसाइट जहाँ निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** निविदा कागजात का संपूर्ण सेट भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 26.10.2026 से 17.11.2026 को 14.00 बजे तक उपलब्ध होगा। **बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** 3,38,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** 02 (दो) वर्ष। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 26.10.2026 से 17.11.2026 को 14.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** 15 (पंद्रह) दिन पूर्व से 17.11.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 17.11.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा की वैधता:** 66 (छियासठ) दिन। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** निविदा दिनांक 17.11.2026 को 15.00 बजे और उसके बाद खोली जाएगी।
MISC-245/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

### शब्द पहेली - 6393



**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
34. उदाहरणार्थ-4
35. पितृपक्ष-4

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

**शब्द पहेली - 6392 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | प | ट | ना | | ज | | अ | प | रा | ध |
| | ल | | म | | ना | वि | क | | ल | ड़ |
| ह | | | ज | ल | न | | ल | | | क |
| म | क | स | द | | खा | ना | | ध | का | न |
| रा | | ब | | म | न | | ध्व | | लि | |
| ज | प | क | र | ना | | रा | ज | कु | मा | र |
| | ह | | बा | | या | त्री | | ली | | वा |
| क | रा | र | | न | न | | अ | न | ध | न |
| म | | | ज | | चा | क | र | | | गी |
| सि | ला | | ह | म | ल | | दा | | सां | |
| न | क | सी | र | | क | | स | दा | चा | र |

### सूडोकु नवताल - 6403

कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANDAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6402 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |



हेलोवीन की रात, रंग-बिरंगी पोशाकें पहनकर किआन, फ्रेया, माइकल और रायन ट्रिक ऑर ट्रीट के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में उनका सामना हुआ कुछ ऐसे रहस्यों से, जिसने उनकी हंसी को चीखों में बदल दिया। रहस्य खुलने पर चीखें वापस हंसी में बदल गईं। हर कदम पर नया सरप्राइज देती हेलोवीन की वह शाम इन बच्चों के लिए बहुत ही रोमांचकारी थी।

# सरप्राइज वाली हेलोवीन की शाम





कहानी
रेनू मंडल

कैलिफोर्निया के प्लेजेंटन सिटी में 31 अक्टूबर की शाम को बहुत रौनक थी। पिछले एक माह से पूरे अमेरिका में हेलोवीन त्योहार की जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। आखिरकार आज वह दिन आ ही गया था। घरों और दुकानों के बाहर रंग-बिरंगी रोशनियों के साथ बड़े-बड़े कद्दू सजाए गए थे। इन कद्दुओं पर बड़ी-बड़ी डरावनी आंखें और मुंह बने हुए थे। घरों के बाहर कंकाल, चुड़ैलें, मकड़ियों और भूतों की आकृतियां लटक रही थीं।

किआन, फ्रेया, माइकल और रायन को इस शाम का बेसब्री से इंतजार था। चारों ने अलग-अलग पोशाकें पहन रखी थीं। किआन ने स्पाइडर-मैन, माइकल ने जादूगर, रायन ने बैटमैन और फ्रेया ने परी की ड्रेस पहनी थी। इन बच्चों ने ट्रिक और ट्रीट के लिए अपनी बॉस्केट भी तैयार कर ली थीं। सभी बच्चे माइकल के घर एकत्रित थे। माइकल के पापा ने मुस्कुराते हुए कहा, 'सुनो बच्चो, सदियों पहले लोग मानते थे कि आज की रात प्रेतात्माएं सड़कों पर घूमती हैं। उनसे बचने के लिए लोग डरावने रूप बदलते थे। आज तो खैर यह मौज-मस्ती और चॉकलेट्स जुटाने के त्योहार के रूप में मनाया जाता है।'

'इन बड़े-बड़े कद्दुओं का क्या मतलब?' किआन को जिज्ञासा हुई। 'यह भी बुरी आत्माओं को भगाने का प्रतीक है।' माइकल के पापा ने बताया।

'सचमुच, आज बहुत मजा आने वाला है।' फ्रेया ने अपनी ड्रेस लहराते हुए कहा। स्ट्रीट पर रंग-बिरंगी पोशाकों में न जाने कितने बच्चे नजर आ रहे थे। चारों बच्चे अपनी बास्केट लेकर निकल पड़े। हर घर के दरवाजे पर दस्तक देकर वे चिल्लाते, 'ट्रिक ऑर ट्रीट..!' पड़ोसी मुस्कुराते हुए बाहर निकलकर उनकी बास्केट में रंग-बिरंगी कैंडीज, चॉकलेट्स और डोनट्स भर रहे थे। बच्चों का उत्साह बढ़ता जा रहा था। तभी वे उस इलाके की सुनसान सड़क पर पहुंचे। अचानक उन्हें अपने पीछे आहट सुनाई दी। इससे पहले कि वे चारों पलटकर देखते, काले कपड़ों में लिपटी एक आकृति बिजली की गति से झपटी और चारों को दबोच लिया। 'आऽऽऽआ!' चारों की चीख वातावरण में गूंज उठी। उस आकृति ने भयानक आवाज में कहा, 'आज तुम्हें असली ट्रिक का मजा चखाता हूं।' 'छोड़ दो, कौन हो तुम?' किआन चिल्लाया। इससे पहले कि चारों डरकर भागते, आकृति ने अपना मास्क उतारा। 'मैक्स..!' फ्रेया चिल्लाई। माइकल ने अपना सिर पकड़ लिया, 'यार, तुमने तो हमारी जान ही निकाल दी।' मैक्स ठहाका लगाकर हंस पड़ा, 'तुम सब ट्रिक और ट्रीट चिल्ला रहे थे, तो मैंने सोचा एक सरप्राइज दूं।'





सब हंसने लगे। अभी वे आगे बढ़े ही थे कि अचानक ठिठक गए। गली के मोड़ पर एक बड़ा-सा कद्दू अपने आप हिल रहा था। 'हवा नहीं चल रही फिर यह कद्दू कैसे हिल रहा है?' फ्रेया चौंकी। 'तुम ठीक कह रही हो।' बच्चे हिचकते हुए थोड़ा पास पहुंचे। कद्दू के भीतर से एक धीमी आवाज आई, 'बचाओ.. मुझे यहां से निकालो।' सबकी आंखें घबराहट और आश्चर्य से फैल गईं। हिम्मत करके किआन आगे बढ़ा। उसने टॉर्च की तेज रोशनी में देखा। कद्दू के पीछे पतले बिजली के तार छिपे हुए थे, जो फूलों की घनी क्यारियों में रखे एक छोटे वायरलेस स्पीकर तक जा रहे थे। तभी क्यारियों के पीछे से एक और डरावनी आवाज आई, 'भूऽऽऽत!' चारों उछल पड़े। लेकिन अगले ही क्षण उनके कानों में ठहाका गूंजा। क्यारियों के पीछे से हंसते हुए मैक्स बाहर निकला। 'ओह! तुम फिर से..!' चारों एक साथ बोल पड़े। 'बाय गॉड, क्या शक्ल थी तुम चारों की!' मैक्स हंसा। उन सबने उसकी पीठ पर धौल जमा दी। 'यह मेरा दूसरा सरप्राइज था।' मैक्स शरारत से बोला। 'बच्चू, अगर अब तुमने कोई हरकत की तो तुम्हें छोड़ेंगे नहीं।' रायन हंसते हुए बोला। पांचों दोस्त अपनी चॉकलेट से भरी बास्केट उठाकर आगे बढ़ ही रहे थे कि अचानक फ्रेया रुक गई।

'शश्श्श!'

'अब क्या हुआ?' माइकल ने पूछा।

उसने सामने सड़क की ओर इशारा किया, 'वहां देखो!' सबने देखा, सड़क के दूसरी ओर स्ट्रीट लाइट के नीचे काला लंबा कोट और हैट पहने एक व्यक्ति खड़ा था। अंधेरे में उसका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा था। 'देखो, इसके हाथ में एक लालटेन है।' किआन बोला। उस आदमी ने पांचों को देखा और तेजी से मुड़कर गायब हो गया। 'हमें चलकर देखना चाहिए, वह कौन है और इतनी जल्दी कहां गायब हो गया?' माइकल बोला। तभी सामने वाले घर में पीली रोशनी जल उठी और घर के अंदर से ठक-ठक की आवाज आई। माइकल घबराकर बोला, 'मुझे लगता है कि इस घर में कोई है!' 'लेकिन यह घर तो कई दिनों से बंद है।' रायन ने बताया। अचानक खिड़की पर एक परछाई दिखाई दी। वह धीरे-धीरे दाएं से बाएं सरकी और फिर गायब हो गई। 'वह कौन था?' माइकल ने फुसफुसाकर पूछा। किआन हिम्मत करके दरवाजे के पास पहुंचा। वहां जमीन पर एक छोटी-सी लालटेन रखी थी। उसकी रोशनी सामने पेड़ पर पड़ रही थी। पेड़ की टहनी पर एक चाबी लटक रही थी।



'यह क्या चक्कर है? इतनी ऊंचाई पर किसने चाबी टांगी है?' रायन बोला।



'देखते हैं।' किआन ने पास पड़ी छड़ी से चाबी नीचे गिराई। चाबी उठाते ही घर के भीतर से जोरदार आवाज आई, 'धड़ाम..!' पांचों बच्चे उछल पड़े। 'हा हा हा डर गए..!' बच्चों ने पलट कर देखा। काले कोट और हैट में कोई और नहीं मिस्टर ब्राउन खड़े थे और ठहाका लगा रहे थे।

'ओह मिस्टर ब्राउन! आपने तो हमें डरा ही दिया।' बच्चे खिलखिलाए।

मिस्टर ब्राउन मुस्कुराकर बोले, 'लेकिन असली रहस्य अभी बाकी है।' उन्होंने चाबी से पेड़ के नीचे रखे एक छोटे से लकड़ी के बक्से का ताला खोला। अंदर छोटी-छोटी लालटेनें, कैंडीज और चॉकलेट्स थीं। उन्होंने बच्चों की बास्केट्स में सभी चीजें पलटते हुए कहा, 'हर साल मैं हेलोवीन पर बच्चों के लिए रोमांचक खेल तैयार करता हूं। तुमसे पहले अभी तीन बच्चे आए थे, मुझे दूर से ही देख डर कर भाग गए।' मिस्टर ब्राउन फिर हंसे, 'मुझे खुशी है, तुम लोग बहादुर निकले।'

'ओह अंकल, अगली बार इतना मत डराना।' फ्रेया ने मुस्कुरा कर कहा। पांचों बच्चों की बास्केट्स अब पूरी तरह भर चुकी थीं। रात भी हो गई थी। मिस्टर ब्राउन को 'हैप्पी हेलोवीन' कहते हुए पांचों बच्चे जगमगाती सड़कों से अपने घर की ओर चल पड़े।

हेलोवीन की आज की शाम उनके लिए रोमांचक और यादगार शाम बन गई थी। *



तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## रोचक-मनोरंजक चित्रकथा

बच्चो, तुम्हारे लिए चित्रकथा की एक रोचक किताब आई है। किताब का शीर्षक है- मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर। यह किताब दो भाषाओं- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। मूल अंग्रेजी किताब का नाम है- ए होम फॉर माय लिटिल फ्रेंड। इस किताब के लेखक हैं राकेश आनंद बख्शी, जो कि मशहूर गीतकार आनंद बख्शी के सुपुत्र हैं। तुम्हारे लिए इस किताब का हिंदी अनुवाद किया है डॉ. शालिनी अगम ने।



सुंदर रंगीन चित्रों से सजी यह किताब, तुम्हें नीसा नाम की एक लड़की और एक छोटी-सी घायल मछली की दोस्ती के बारे में बताती है। घर की जरूरत और महत्व की जानकारी देती है। इस किताब के सार के रूप में लेखक कहते हैं- सभी जीवों की सही जगह उनका प्राकृतिक घर होता है। जो हमें हमारा घर ढूंढ़ने में मदद करें, वे बहुत खास होते हैं। इस किताब के अंग्रेजी-हिंदी दोनों वर्जन उपलब्ध हैं। उर्वा शर्मा द्वारा बनाए गए चित्रों ने इस किताब को और भी खूबसूरत बना दिया है। *

**किताब:** मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर, **लेखक:** राकेश आनंद बख्शी, **अनुवाद:** डॉ. शालिनी अगम, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक प्रकाशन, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**पप्पू:** ऐसी कौन-सी चीज है, जो तुम ब्रेकफास्ट में कभी नहीं खा सकते हो?
**गप्पू:** लंच और डिनर।
**- रोशनी, भिलाई**

**टीचर:** कल मैं चांद पर लेक्चर देने जा रही हूं, तुम लोग क्लास मिस मत करना।
**चिंटू:** लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैम।
**टीचर:** क्यों?
**चिंटू:** वो क्या है कि मेरी मम्मी मुझे इतनी दूर जाने नहीं देंगी।
**-कुणाल, बिलासपुर**

**भोलू:** वह कौन सा अंग्रेजी का शब्द है, जिसे कोई 'राइट' नहीं लिख सकता?
**गोलू:** ऐसा कौन सा शब्द है? तू ही बता।
**भोलू:** वह शब्द है-रॉन्ग।
**- रोहन, भोपाल**

## जीके क्विज-229

1. पैरा एशियाई खेल 2026 में मोना अग्रवाल ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
2. भारतीय वायु सेना के 94वें स्थापना दिवस पर एयर शो का आयोजन कहां किया गया?
3. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
4. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
7. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
8. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
9. झारखंड की राजधानी कहां है?
10. संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-229 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-228 का उत्तर :** 1. समर्थक, 2. महर्षि वाल्मीकि, 3. फ्रांसिस हाल्जेन, 4. सीपीयू, 5. 31 अक्टूबर, 6. लोकसभा, 7. भारत रत्न, 8.विटामिन सी, 9. सरदार वल्लभ भाई पटेल, 10. कंचनजंगा

**जीके क्विज-228 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रचित-रायपुर, कुसुम-बिलासपुर, रोहन-महेंद्रगढ़, सुमन-ईमेल से, दिव्या-रोहतक, प्रियांश-बलौदा बाजार, हर्षित-कटनी, पूनम-महासमुंद, कुणाल-दुर्ग, तृषा-दिल्ली

एडवाइस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, अपने मम्मी-पापा से तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी। ज्यादातर तुम उससे कोई खाने की चीज खरीदते होगे या फ्रेंड्स के साथ पार्टी करते होगे। लेकिन अगर तुम अपनी पॉकेट मनी से दूसरों की मदद करो, तो तुम्हें बहुत खुशी मिलेगी।

## खूब समझदारी से करो पॉकेट मनी का इस्तेमाल



बच्चो, जब भी तुमको पॉकेट मनी मिलती है, तुम फटाफट उसे खर्च करने के बारे में सोचने लगते होगे। लेकिन हम तुमको यहां पिछले दिनों चर्चित रही मन को छू लेने वाली एक घटना के बारे में बता रहे हैं, जिसके बारे में जानकर तुम अपनी पॉकेट मनी सही तरीके से खर्च करना सीख जाओगे। उत्तर प्रदेश स्थित आगरा शहर के एक स्कूल में तीसरी क्लास के बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी के पैसे जोड़कर अपने गरीब सहपाठी की मदद की। दरअसल, उस बच्चे की फीस में 700 रुपए कम पड़ रहे थे। सभी क्लासमेट्स ने मिलकर उसकी फीस जमा कर दी, ताकि वह भी पूरी क्लास के साथ एग्जाम दे पाए। जरा सोचो, इन बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी खेलने या खाने में फटाफट खर्च कर डालने के बजाय पैसे बचाकर रखे होंगे, तभी वे अपने साथी की हेल्प कर पाए। तुमको भी पैरेंट्स से मिलने वाली पॉकेट मनी को सही और सार्थक तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए।

**सेविंग करना अच्छी हैबिट:** बात चाहे मम्मी-पापा से मिली पॉकेट मनी की हो या फिर किसी त्योहार या बर्थ-डे पर बड़ों से आशीर्वाद के रूप में मिले पैसों की। तुम्हें सब कुछ खर्च करने के बजाय थोड़ी बचत भी करनी चाहिए। फिजूलखर्ची के बजाय सेविंग करना अच्छी आदत है। यह बचत किसी की मदद करने में काम आ सकती है। अपनों को सरप्राइज देना चाहो तो उपहार खरीदने के लिए यूज की जा सकती है। इतना ही नहीं किसी मनपसंद खिलौने या गेम के लिए भी अपने बचाए पैसे काम में ले सकते हो। अपनी पॉकेट मनी से खरीदकर कोई पेड़ लगा सकते हो। सेविंग से जुड़ी तुम्हारी यह समझदारी भरी आदत मम्मी-पापा को भी अच्छी लगेगी।



**मदद से मिले खुशी:** किसी की छोटी से छोटी मदद करना भी मन को बहुत बड़ी खुशी देता है। इतना ही नहीं, किसी की किसी भी रूप में की गई सहायता हमारे मन में करुणा और अपनत्व की भावना जगाती है। प्यारे से जुड़ाव को बल देती है। यूं किसी भी कई तरह से किसी अपने-पराए की हेल्प की जा सकती है। पर कई बार सामूहिक रूप में फाइनेंशियल मदद करना बड़ी राहत देने वाली बात होती है। इसके लिए अपनी पॉकेट मनी को मैनेज करना बहुत जरूरी है। अगर पैसे मिलते ही उसे खर्च कर दिए तो परेशानी में फंसे किसी साथी की हेल्प कैसे कर पाओगे? मुसीबत में मदद करने के अलावा भी तुम नियमित अपनी पॉकेट मनी का कुछ हिस्सा किसी की सहायता के लिए रख सकते हो। किसी त्योहार पर या अपने जन्मदिन पर किसी जरूरतमंद की हेल्प करना तुम्हारे दिन को और खास बना देगा। हेल्प करने की यह हैबिट तुम्हारे मन में ही नहीं समाज में प्रेम और परवाह के भाव को बढ़ाने वाली आदत है।

**आत्मनिर्भर बनने की सोच:** पॉकेट मनी में मिले कुछ पैसे हमेशा अपने पास रखने चाहिए। कभी स्कूल वैन न आने पर अचानक स्कूल से खुद घर आना हो, तो ऑटो-टैक्सी का किराया तुम्हारे पास होगा। स्कूल कैंटीन में कुछ खाने का मन हो या अपने दोस्तों के साथ ट्रीट करनी हो तो सोचना नहीं पड़ेगा। कोई क्लासमेट टिफिन भूल आए, तो उसके साथ भी कैंटीन में खाना शेयर कर सकते हो। जानते हो मम्मी-पापा पॉकेट मनी देते ही इसलिए हैं कि तुम पैसे की वैल्यू समझ सको। सही ढंग से और सही जगह खर्चा करना सीखो। जेब खर्च को बिना सोचे-समझे एक ही बार में खर्च कर डालने के बजाय मनी मैनेजमेंट सीखना बहुत जरूरी है। यह हैबिट बड़े होने पर भी तुम्हारे लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। इसलिए आज ही से खुद से प्रॉमिस करो कि पॉकेट मनी का कुछ पार्ट तुम जरूर सेव करोगे। *

कविता / देवी प्रसाद गौड़

## पों-पों करती बस आ जाती



सभी इमेज एआई

पों-पों कर के रोज सवेरे,
रंग-बिरंगी बस आ जाती।
बस्ता लेकर जल्दी आओ,
खड़ी द्वार पर हमें बुलाती।।
झांक रहा खिड़की से चुन्नू,
देख-देख मुझको मुस्काता।
देर जरा भी हो जाती तो,
चालक भैया शोर मचाता।।
भरी ठसाठस धीरे-धीरे,
सबसे पीछे गौरा चढ़ती।
खिसक-खिसक, तू उधर खिसक जा
सब बच्चों से बस में लड़ती।।
कोई कुछ भी बोल गया तो,
बात-बात पर ठिन-ठिन करती।
पूजा बैठी नजर झुका कर,
इससे रहती डरती-डरती।।
तरह-तरह के बच्चे चढ़ते,
मोटर में मेला लग जाता।
कोई हंसता कोई रोता,
कोई घर की कथा सुनाता।।
मधुमंगल पूजा का भाई,
उसे चिढ़कर टॉफी खाता।
कोई बाहर हाथ हिला कर,
बाय-बाय करने लग जाता।।
बड़ी मधुर छुट्टी की घंटी,
इसकी टन-टन बहुत सुहाती।
मम्मी-पापा खेल खिलौने,
सारे घर की याद दिलाती।।
मुरझाए से फूल खिलाती,
घंटी जादू-सा कर जाती।
चले दौड़ कर गिरते-पड़ते,
पलक झपकते बस भर जाती।।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां मैजिक शो कर रहे चीकू खरगोश के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढ़कर बताओ।



**उत्तर:** 1.चीकू का मुंह बंद है। 2.चीकू की बो टाई का कलर अलग है। 3.चीकू के मैजिक स्टिक का निचला हिस्सा ब्लाइट है। 4.कलरफुल एग के बीच वाले सर्किल का कलर अलग है। 5.चित्र में एक स्टार अधिक दिख रहा है। 6.ऊपर दाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 7.नीचे बाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 8.बाईं तरफ पर्दे में एक नॉट अधिक बंधा हुआ है।

## नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में बाईं तरफ कुछ एनिमल्स के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ अंग्रेजी में उनके नाम लिखे गए हैं, लेकिन इनमें से प्रत्येक के नाम में एक लेटर मिसिंग है। तुम वो मिसिंग लेटर लिखकर इन एनिमल्स के नाम पूरे करो।


monke
shee
chicke
goa

# रणजी ट्रॉफी : तनुष की घातक गेंदबाजी, मुंबई ने हरियाणा को 10 विकेट से हराया

## मुंबई के तनुष ने 81 रन देकर हरियाणा के आठ विकेट झटके

एजेंसी ▸▸ मुंबई

तनुष कोटियन ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 81 रन देकर आठ विकेट लिए जिससे मुंबई ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच में बृहस्पतिवार को यहां हरियाणा को 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर बोनस अंक हासिल किया।

मुंबई ने इस तरह से लगातार तीसरे मैच में बोनस अंक हासिल किया। उसके सामने केवल 97 रन का लक्ष्य था। सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी (नाबाद 67) और दिव्यांश सक्सेना (नाबाद 30) ने केवल 10.4 ओवर मुंबई को लक्ष्य तक पहुंचा दिया और उसे सात अंक दिलाए। इससे पहले मुंबई ने चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के खिलाफ भी बोनस अंक के साथ जीत हासिल की थी। मुंबई ने अपनी पहली पारी में 430 रन बनाए थे जिसके जवाब में हरियाणा 270 रन ही बना पाया था और उसे फॉलोऑन करना पड़ा था।

हरियाणा ने सुबह अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 73 रन से आगे बढ़ाई और कुल 256 रन बनाए। उसकी तरफ से निशांत सिंधु (44), सामंत जाखर (40) और अनुज ठकराल (नाबाद 40) ही धीमी पिच पर कुछ संघर्ष कर पाए।



### विदर्भ ने गोवा को एक पारी और 27 रन से दी शिकस्त

नागपुर में खेले गए मैच में बायें हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे के चार विकेट की मदद से विदर्भ ने गोवा को दूसरी पारी में 195 रन पर समेटकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के आखिरी दिन बृहस्पतिवार को एक पारी और 27 रन से जीत दर्ज की। फॉलोआन खेलते हुए गोवा की टीम दुबे की गेंदबाजी का सामना नहीं कर सकी। दुबे ने 38 रन देकर चार विकेट चटकाये जिनमें मंथन खुटकर (70) का विकेट शामिल था। यह विदर्भ की लगातार तीसरी जीत है जिससे वह 18 अंक लेकर ग्रुप ए में शीर्ष पर है। इससे पहले ध्रुव शोरे के 168 रन की मदद से आठ विकेट पर 442 रन बनाकर विदर्भ ने पहली पारी घोषित करके 222 रन की बढत ली थी। दानिश मालेवार ने 56 और अक्षय वाडकर ने 63 रन बनाये थे। गोवा ने पहली पारी में 220 रन बनाये थे।

### सौराष्ट्र ने असम को एक पारी और 12 रन से हराया

राजकोट में बायें हाथ के स्पिनर पार्थ भूत के आठ विकेट की मदद से सौराष्ट्र ने असम को एक पारी और 12 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। तीसरे दिन असम के सात विकेट 65 रन पर निकालने के बाद सौराष्ट्र की जीत औपचारिकता मात्र बची थी। भूत ने सात रन के भीतर छह विकेट चटकाये। भूत ने 18 ओवर में 17 रन देकर आठ विकेट लिये। असम की टीम दूसरी पारी में 94 रन पर आउट हो गई। असम के पहली पारी के 281 रन के जवाब में सौराष्ट्र ने 387 रन बनाये थे। पारी के अंतर से जीत के साथ सौराष्ट्र को एक बोनस अंक भी मिला। एक अन्य मैच में कर्नाटक ने भी त्रिपुरा को एक पारी और 116 रन से हराकर सात अंक हासिल किये।

### बंगाल ने केरल को 287 रन से दी मात

मंगलापुरम (केरलम) में स्पिनर प्रदीप्ता प्रमाणिक के दस विकेट और शाहबाज अहमद के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर बंगाल ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के मैच में बृहस्पतिवार को केरलम को 287 रन से हराया। जीत के लिये 408 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केरलम ने चार विकेट पर 53 रन से आगे खेलना शुरू किया और 38 . 4 ओवर में 120 रन पर पूरी टीम आउट हो गई। बंगाल की यह इस सत्र में लगातार तीसरी जीत है और 18 अंक लेकर वह ग्रुप सी में शीर्ष पर है। शाहबाज ने बंगाल की पहली पारी में 121 रन बनाने के साथ दोनों पारियों में दो दो विकेट लिये। बंगाल ने दो पारियों में 350 और 198 रन बनाकर केरलम को 408 रन का लक्ष्य दिया था।

## खबर संक्षेप



### अब पहली गेंद पर चौके छक्के लगाने की सोचता हूं : तिलक

**आकलैंड।** भारतीय उपकप्तान तिलक वर्मा ने कहा कि बल्लेबाजी क्रम में तीसरे से पांचवें नंबर पर खिसकने के बाद उनकी सोच में बदलाव आया है और अब वह क्रीज पर जमने पर फोकस करने की बजाय पहली ही गेंद से चौके छक्के लगाने की कोशिश करते हैं। पिछले एक साल में लक्ष्य का पीछा करने में महारत हासिल करने वाले तिलक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में नीतिश रेड्डी के साथ भारत को संकट से निकाला। भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 से आगे है। चौथे टी20 से पहले तिलक ने कहा ,'' मेरे पास पहले ही से पावर गेम था। मैने तीसरे नंबर पर भी रन बनाये हैं। अब पांचवें या छठे नंबर पर पहली ही गेंद से चौके छक्के लगाने की सोचता हूं।'' उन्होंने कहा ,''पहले मैं क्रीज पर जमने में समय लेता था और शुरूआत एक दो रन लेकर करता था।''

### एमआई ने मलिंगा, म्हाम्ब्रे और होपकिंसन को हटाया

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा , पारस म्हाम्ब्रे और फील्डिंग कोच कार्ल होपकिंसन अब टीम का हिस्सा नहीं हैं। पांच बार की आईपीएल चैम्पियन टीम ने अगले सत्र से पहले पूरे कोचिंग स्टाफ में बदलाव कर दिया है। मुख्य कोच महेला जयवर्धने की जगह कीरोन पोलार्ड ने ली है। मुंबई इंडियंस ने एक बयान में कहा ,'' मुंबई इंडियंस यह घोषणा करती है कि लसिथ मलिंगा, पारस म्हाम्बे और कार्ल होपकिंसन अब पुरूष टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा नहीं हैं। टीम के लिये उनके योगदान, सेवा और प्रतिबद्धता के लिये हम उन सभी को धन्यवाद देते हैं।'' श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज मलिंगा लंबे समय से मुंबई इंडियंस का हिस्सा रहे हैं। पहले खिलाड़ी के तौर पर और फिर कोच के रूप में। मुंबई इंडियंस ने कहा ,'' लसिथ मलिंगा मुंबई इंडियंस परिवार का अभिन्न अंग रहे हैं।



### फर्ग्युसन भारत के खिलाफ आखिरी दो टी20 से बाहर

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन चोट के कारण भारत के खिलाफ आखिरी दो टी20 मैचों से बाहर हो गए। उनकी जगह मैट फिशर को न्यूजीलैंड टीम में शामिल किया गया है। भारत पहले तीनों मैच जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर चुका है। चौथा मैच शुक्रवार को खेला जायेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा ,'' फर्ग्युसन को दूसरे टी20 के दौरान दाहिनी पिंडली में दर्द हुआ और स्कैन के बाद चोट का पता चला। उसे फिट होने में एक सप्ताह लग सकता है।''तेज गेंदबाज मैट हेनरी भी टी20 श्रृंखला से बाहर है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि उन्हें एक से दो सप्ताह रकवरी में लगेंगे।



## आकलैंड में न्यूजीलैंड के साथ चौथा मुकाबला आज

**प्रबंधन आठवें नंबर तक बल्लेबाजों की रणनीति पर जोर देता आया**

# कुलदीप और वरूण को चौथे टी20 में मिल सकता है मौका

एजेंसी ▸▸ आकलैंड

श्रृंखला जीतने के बाद भारतीय टीम अब न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी20 मैच में कुलदीप यादव और वरूण चक्रवर्ती को मौका दे सकती है। दोनों स्पिनरों को पिछले कुछ महीनों में उतने मौके नहीं मिले हैं क्योंकि टीम प्रबंधन आठवें नंबर तक बल्लेबाजों को चुनने की रणनीति पर जोर देता आया है।

अब तक यह रणनीति कारगर भी रही है जिसके दम पर भारत ने तीनों मैच जीते। अगले दो मैचों में अब उतना दबाव नहीं है तो भारत अपने टीम संयोजन में प्रयोग कर सकता है। वरूण का फॉर्म पिछले छह महीने में अच्छा नहीं रहा है लेकिन कुलदीप ने बीच के ओवरों में विकेट चटकाये हैं। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में दो मैचों में मौका मिला लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन मैचों में बेंच पर ही रहे।

### भुवनेश्वर का डैथ ओवरों में रहा अच्छा प्रदर्शन

तेज गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार ने वेलिंगटन में पिछले मैच में डैथ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया और आखिरी ओवर में लगातार यॉर्कर डाले। पहले तीन मैचों में हालांकि उन्होंने 72 गेंद में 139 रन दे डाले और वह काफी मेहंगे साबित हुए। चार साल बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे भुवनेश्वर को इसमें सुधार करना होगा।





### कुलदीप का आत्मविश्वास बनाए रखना होगा

कुलदीप को और बाहर रखने से उनके आत्मविश्वास पर असर हो सकता है लेकिन उन्हें टीम में लाने के लिये निचले क्रम तक बल्लेबाजी की मानसिकता से पार पाना होगा। तीसरे टी20 में दो स्पिनर हरफनमौला अक्षर पटेल और नमन धीर थे जिन्हें गेंदबाजी का भी मौका नहीं मिला। अब तक 115 मैचों में 7 . 70 की इकॉनॉमी से गेंदबाजी करने वाले अक्षर श्रृंखला में 9 . 58 रन प्रति ओवर की दर से रन दे चुके हैं और उन्हें दो ही विकेट मिले हैं।

### वैभव को मिल सकता है फिर मौका

पिछले दो मैचों में मयंक यादव की जगह प्रिंस यादव को उतारा गया। अब देखना है कि मयंक को मौका मिलता है या टीम अब तक प्रभावी रहे प्रिंस पर ही भरोसा करती है। ईशान किशन ग्रोइन की चोट के कारण पिछले दो मैच नहीं खेल सके। वह अगर कल भी नहीं खेल पाते हैं तो वैभव सूर्यवंशी को फिर मौका मिल सकता है। वेलिंगटन में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अभिषेक शर्मा की पारी ने सुर्खियां बंटोरी।

### कीवी के सामने सबसे बड़ी चुनौती भारतीय बल्लेबाजी

न्यूजीलैंड के लिये सबसे बड़ी चुनौती भारतीय शीर्षक्रम पर अंकुश लगाने की होगी। संजू सैमसन , अभिषेक और सूर्यवंशी ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करके न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को परेशान किया है। कप्तान मिचेल सेंटनेर ने बायें हाथ की स्पिन गेंदबाजी से प्रभावित किया लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल सका। भारत ने वेलिंगटन में पहले छह ओवरों में ही रिकॉर्ड 118 रन बना लिये थे ग्लैन फिलिप्स और मैट हेनरी के बाद लॉकी फर्ग्युसन के भी चोट के कारण श्रृंखला से बाहर होने से न्यूजीलैंड टीम को एक और झटका लगा है।

## एथलीट आयोग के लिए मीराबाई सिंधू के नामांकन पाए गए वैध



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग के चुनाव के लिए ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और मीराबाई चानू सहित सभी 12 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र बृहस्पतिवार को जांच के बाद वैध पाए गए। चुनाव अधिकारी संजय के श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को उन उम्मीदवारों की सूची जारी की जिनके नामांकन वैध पाए गए। एथलीट आयोग के 2026-2030 कार्यकाल के लिए 10 सदस्यों (पांच पुरुष और पांच महिला) के चुनाव तीन नवंबर को होंगे। श्रीवास्तव ने 22 अक्टूबर को उन खिलाड़ियों की सूची जारी की थी जिनके नामांकन पत्र हासिल हुए थे। उसमें वही 12 खिलाड़ी शामिल थे। सिंधू और चानू के अलावा जिन अन्य खिलाड़ियों ने नामांकन भरा है उनमें पुरुष और महिला हॉकी के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और सलीमा टेटे, निशानेबाज स्वप्निल कुशारे शामिल है।

- सभी 12 उम्मीदवारों के नामांकन जांच के बाद वैध, पांच साल के लिए चुनाव तीन नवंबर को होगा



### सिंधू, चानू पिछले आयोग के रहे सदस्य

इसके अलावा तलवारबाज भवानी देवी, एथलेटिक्स से सुधा सिंह और तजिंदरपाल सिंह, पूर्व तीरंदाज बॉम्बेयला देवी, बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत, तैराक साजन प्रकाश और कयाकिंग और कैनोइंग से मनजीत सिंह शामिल हैं। सिंधू, चानू और भवानी मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम की अध्यक्षता वाले पिछले एथलीट आयोग के भी सदस्य थे।

## जोमेल-जोशुआ ने की शानदार गेंदबाजी

# मैच दूसरे दिन स्पिनरों ने बांग्लादेश की कराई वापसी



एजेंसी ▸▸ ढाका

जोमेल वारिकन और जोशुआ बिशप की शानदार गेंदबाजी से नाटकीय पतन का सामना करने वाले बांग्लादेश को उसके स्पिनरों ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बृहस्पतिवार को यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन वापसी दिलाई।

बांग्लादेश का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 231 रन था लेकिन उसने 59 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए और उसकी टीम 272 रन पर आउट हो गई। बाएं हाथ के स्पिनर वारिकन ने 53 रन देकर पांच विकेट जबकि उनके साथी स्पिनर जोशुआ बिशप ने अपने पदार्पण मैच में 61 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन इसके बाद बांग्लादेश के स्पिनरों ताइजुल इस्लाम और मेहदी हसन ने उसे लगातार झटके दिए। वेस्टइंडीज ने सात रन के अंदर तीन विकेट गंवाए और जब खराब रोशनी और बारिश के कारण दिन का खेल निर्धारित समय से पहले समाप्त करना पड़ा तब उसने चार विकेट पर 134 रन बनाए थे। वह अभी बांग्लादेश से 138 रन पीछे है। दिन का खेल समाप्त होने के समय तेगनारायण चंद्रपॉल 43 रन और जस्टिन ग्रीव्स 15 रन बनाकर खेल रहे थे। सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल ने 54 रन बनाकर टीम को शानदार शुरुआत दी। तेज गेंदबाज हसन महमूद ने सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग को 15 रन पर आउट कर दिया, लेकिन कैंपबेल और चंद्रपॉल ने दूसरे विकेट के लिए 61 रन जोड़े। यह साझेदारी टूटने के बाद वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ा गई।

- वेस्टइंडीज के बल्लेबाजी में आया नाटकीय पतन

### शादमान ने तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया

इससे पहले बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 213 के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। शादमान इस्लाम ने 99 रन से आगे खेलते हुए सुबह की दूसरी गेंद पर अपना तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया। वह हालांकि अपनी पारी लंबी नहीं खींच पाए और 105 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद बांग्लादेश की पारी समाप्त होने में ज्यादा समय नहीं लगा।

### दिल्ली ने घरेलू महिला टी20 में विश्व रिकॉर्ड बनाया

**पुणे।** दिल्ली ने बृहस्पतिवार को यहां सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में हैदराबाद के खिलाफ छह विकेट पर 262 रन बनाकर घरेलू महिला टी20 मैचों में एक पारी में सबसे अधिक स्कोर का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी दिल्ली की पारी का आकर्षण तनीषा सिंह का शतक रहा। उन्होंने 47 गेंद पर 119 रन बनाए। दिल्ली की टीम ने इसके बाद हैदराबाद को आठ विकेट पर 154 रन ही बनाने दिए और इस तरह से 108 रन से बड़ी जीत हासिल की। दिल्ली में गोवा का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा जिसने 2019-20 में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ दो विकेट पर 257 रन बनाए थे। दिल्ली का स्कोर महिला टी20 में 11वां सबसे बड़ा स्कोर है। शीर्ष 10 स्कोर महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में बने हैं।

**तनीषा का महिला टी20 में सबसे तेज शतक :** तनीषा ने 38 गेंद पर शतक पूरा किया जो महिला टी20 में तीसरा सबसे तेज शतक है। उनसे आगे किरण नवगिरे (34 गेंद) और सोफी डिवाइन (36) हैं जबकि डिएंड्रा डॉटिन भी 38 गेंद पर शतक लगा चुकी हैं। तनीषा ने अपनी पारी में 25 चौके और एक छक्का लगाया।

- तनीषा सिंह ने शतक के साथ 47 गेंद पर 119 रन बनाए

## सुजीत का 24 मैचों में जीत का क्रम टूटा

# सुजीत का विश्व चैंपियन कुश्ती में पदक जीतने का सपना फिर अधूरा

एजेंसी ▸▸ अस्ताना

पिछले एक साल से शानदार प्रदर्शन कर रहे सुजीत कलकल का विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने का सपना फिर अधूरा रहा और वह पुरूषों के 65 किलो वर्ग के क्वार्टर फाइनल में ताजिकिस्तान के अब्दुल मजीद कुदियेव से हार गए।

पिछले बारह महीने में अंडर 23 विश्व चैम्पियनशिप, 2026 एशियाई चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों समेत सात खिताब जीत चुके सुजीत पिछले साल जगरेब में विश्व चैम्पियनशिप के रेपेशाज दौर के बाद से पहली बार हारे हैं।



### एशियाड में सुजीत ने कुदियेव को हराया था

सुजीत ने एशियाई खेलों के फाइनल में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 2-9 से पिछड़ने के बाद लगातार आठ अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता था। लेकिन उस प्रदर्शन को यहां दोहरा नहीं सके। इसके साथ ही सुशील कुमार (2010) के बाद अपना दूसरा विश्व चैम्पियन देखने की भारत की उम्मीदों पर भी पारी फिर गया।

**सक्रिय नहीं होने से सुजीत ने पहला अंक गंवाया :** सुजीत ने सक्रिय नहीं होने के कारण पहला अंक गंवा दिया लेकिन पहले पीरियड के खत्म होने से पांच सेकंड पहले कुदियेव को गिराकर 2-1 की बढत बनाई।

## सीरीज गंवाने के बाद जागी न्यूजीलैंड की टीम

# छोटी छोटी कमियों को दूर करने पर फोकस : जैकब्स

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टीम इंडिया ने 5 मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज में मेजबान न्यूजीलैंड को 3-0 से हरा दिया है। सीरीज के दो मैच बाकी हैं, जिन्हें जीतकर कीवी टीम सम्मान बचाना चाहेगी, लेकिन यह इतना आसान नहीं होने वाला है। सीरीज के बाकी बचे दो मैचों में न्यूजीलैंड का फोकस किस चीज पर होगा?

इसके बारे में टीम के बल्लेबाज बेवोन जैकब्स ने बताया है। टी20 सीरीज पहले ही गंवा चुकी न्यूजीलैंड की टीम के बल्लेबाज बेवोन जैकब्स ने कहा कि मेजबान टीम इस सीरीज के बाकी बचे 2 मैचों में छोटी-छोटी कमियों को दूर करने पर फोकस करेगी। न्यूजीलैंड सीरीज में 0-3 से पीछे है।



### सीरीज की स्थिति क्या है, हमें पता है : जैकब्स

जैकब्स ने आगे कहा ,''हमें यह तो पता ही है कि सीरीज में क्या स्थिति है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम अपनी कोशिशों में ढील दे दें। हम पहले 3 मैचों में किए गए अपने प्रदर्शन पर गौर करेंगे और आखिरी दो मैचों में अपना पूरा जोर लगा देंगे।'' न्यूजीलैंड की टीम और भारत की टीम आमना-सामना इस सीरीज से पहले टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में हुआ था, जिसे भी टीम इंडिया ने जीता था।

### हमने मौकों का फायदा नहीं उठाया

जैकब्स ने कहा कि न्यूजीलैंड पहले तीनों मैचों में जीत दर्ज कर सकती थी, लेकिन मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रही। उन्होंने बताया, ''यह खेल बहुत छोटे अंतरों का है। सच कहें तो हम मैच जीतने की स्थिति में रहे, लेकिन जीत की रेखा पार नहीं कर पाए। फिर भी जिसने ऐसी पारी खेली हो, उसकी तारीफ तो करनी ही होगी। उसे खेलते हुए देखना वाकई बहुत खास था (अभिषेक शर्मा के शतक की ओर इशारा करते हुए)।''

### टॉस को दोष नहीं दे रही न्यूजीलैंड की टीम

बेवोन ने न्यूजीलैंड की हार के लिए टॉस पर दोष नहीं मढा। उन्होंने कहा, ''टॉस खेल का हिस्सा है। आप टॉस जीतने या हारने की बात कर सकते हैं, लेकिन आखिर में तो मैदान पर प्रदर्शन मायने रखता है।'' जैकब्स ने यह भी कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के साथ खेलने के अनुभव का उन्हें काफी फायदा मिला। उन्होंने कहा, ''वह अनुभव काफी मायने रखता है। इससे मुझे अलग अलग हालात में खेलने में मदद मिली।''




## प्रदेश में अब भी पेंडिंग हैं कुल 15 आपराधिक मामले

# सांसदों-विधायकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमों की वापसी पर हाईकोर्ट करेगा विचार

जबलपुर। मध्य प्रदेश में वर्तमान और पूर्व सांसदों तथा विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मुकदमों की वापसी से जुड़े एक महत्वपूर्ण कानूनी और क्षेत्राधिकार संबंधी प्रश्न पर अब मध्य प्रदेश हाईकोर्ट गंभीर विचार करने जा रहा है। अदालत यह स्पष्ट करेगी कि यदि राज्य सरकार दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 321 के तहत किसी जनप्रतिनिधि के खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे को वापस लेने का निर्णय लेती है, तो उस पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार संबंधित विशेष अदालत का होगा या हाईकोर्ट की पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी।

चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने इस कानूनी बिंदु पर सुनवाई के लिए 4 नवंबर की तारीख निर्धारित की है। यह संपूर्ण कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर वर्ष 2020 से मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में विचाराधीन एक जनहित याचिका के अंतर्गत चल रही है। आगामी 4 नवंबर को अगली सुनवाई होगी। यह पूरा कानूनी घटनाक्रम अधिवक्ता



अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में दायर की गई उस जनहित याचिका से जुड़ा है, जिसके तहत देश भर के सभी उच्च न्यायालयों को सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज मामलों की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए गए थे। इसी निर्देश के अनुपालन में 22 सितंबर 2020 को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में स्वतः संज्ञान व जनहित याचिका के रूप में मामला दर्ज किया गया था। इस निगरानी का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों से जुड़े आपराधिक मुकदमों के शीघ्र निराकरण को सुनिश्चित करना है।

हाल ही में हुई सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त महाधिवक्ता ब्रह्मदत्त सिंह ने खंडपीठ के समक्ष पिछली स्टेटस रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट के अनुसारः

प्रदेश में सांसदों और विधायकों से जुड़े कुल 19 आपराधिक मामले लंबित थे। इनमें से 3 मामलों का निराकरण विशेष अदालतों द्वारा किया जा चुका है। 1 मामला हाईकोर्ट के स्तर पर खारिज किया जा चुका है। इस प्रकार, वर्तमान में प्रदेश भर में सांसदों और विधायकों से संबंधित कुल 15 मामले लंबित हैं।

बेंच ने राज्य सरकार को इन सभी लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, ताकि वर्तमान आंकड़ों के आधार पर आगे की न्यायिक प्रक्रिया तय की जा सके।

सुनवाई का सबसे मुख्य केंद्रबिंदु यह सवाल रहा कि सीआरपीसी की धारा 321 के अंतर्गत लोक अभियोजक द्वारा अभियोजन वापस लेने की प्रक्रिया में अंतिम रूप से कौन सक्षम प्राधिकारी होगा। क्या केवल राज्य सरकार और विशेष अदालत का निर्णय पर्याप्त होगा, या इस प्रक्रिया में हाईकोर्ट की अनुमति या हस्तक्षेप कानूनी रूप से आवश्यक होगा? अदालत ने स्पष्ट किया है कि केवल सरकार की इच्छा से मामले स्वतः वापस नहीं होते, बल्कि इसमें न्यायिक संवीक्षा और न्यायालय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कोर्ट के समक्ष एक अन्य व्यावहारिक और जटिल सवाल यह उठाया गया कि यदि किसी एक आपराधिक मुकदमे में कुल पांच आरोपी हैं और उनमें से केवल एक आरोपी कोई सांसद या विधायक है, तो सरकार द्वारा जनप्रतिनिधि के खिलाफ मुकदमा वापस लेने की स्थिति में क्या इसका लाभ केवल उसी विधायक हबसांसद को मिलेगा या मामले के बाकी चार अन्य सह-आरोपियों को भी इसका लाभ मिल सकता है? इस संबंध में हस्तक्षेपकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त ने दलील दी कि कानूनी दायरे में यह लाभ अन्य आरोपियों तक भी विस्तारित हो सकता है, जिस पर अदालत ने गहन विचार करने का निर्णय लिया है।

## जिले में हल्की वर्षा की संभावना

# दिन भर छाए रहे आसमान पर बादल



**जबलपुर।** अर्नव तूफान की वजह से मौसम में आये बदलाव के बाद गुरुवार को आसामन पर बादल छाए रहे। उत्तर पूर्वी हवाएं 10 से 12 किलो मीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से चलतीं रहीं। मौसम विभाग का कहना है कि हवाओं का रुख बदलते ही बूंदाबांदी प्रारंभ हो जाएगी और चारों तरफ ठंड जोर पकड़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर में हवा के कम दबाव का क्षेत्र बनने के बाद बादलों की खेप जबलपुर तक आ गई है। पश्चिमी विक्षोप के कारण बादलों की आवाजाही बनी रही। लेकिन पूर्वी क्षेत्र में उमस का वातावरण बना रहा। जबलपुर में बारिश की संभावना बनी हुई है, पड़ोसी जिले कटनी, सागर, दमोह में बारिश होने की वजह से शीतल हवाएं चलती रही। शहर के कुछ स्थानों में बूंदाबांदी होने के समाचार मिले हैं।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक बादलों के कारण वायुमण्डल में कहीं-कहीं हवा के कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय बना रहता है। जिसके कारण वर्षा हो सकती है। बादलों की वजह से दिन में गर्मी और रात में ठण्डक का अहसास हो रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 5 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 83 प्रतिशत और सायंकाल 76 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.15 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 5.34 मिनिट पर हुआ। उत्तर पूर्वी हवाएं 10 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान जिले के कुछ स्थानों पर वर्षा या गरज चमक के साथ बौछारे पड़ने की संभावना है।

## डीएसपी अमृत लाल मीणा को बड़ी राहत, जाति प्रमाण पत्र रद्द करने का आदेश खारिज

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण निर्णय में पुलिस सेवा में तैनात डीएसपी अमृत लाल मीणा को बड़ी राहत दी है। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने राज्य स्तरीय उच्च उच्चाधिकार प्राप्त जाति छानबीन समिति द्वारा 09 दिसंबर 2025 को पारित उस आदेश को निरस्त कर दिया है, जिसके तहत याचिकाकर्ता का 29 अक्टूबर 1991 को जारी मीणा अनुसूचित जनजाति (ST) का जाति प्रमाण पत्र रद्द कर दिया गया था। कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि छानबीन समिति द्वारा नियुक्त एसपी विदिशा और एसपी गुना दोनों की स्वतंत्र फील्ड जांच रिपोर्ट याचिकाकर्ता के पक्ष में थीं। कानून और दिशा-निर्देशों के मुताबिक, जब सतर्कता अधिकारी की रिपोर्ट आवेदक के पक्ष में हो, तो समिति को आगे की कार्यवाही बंद करनी होती है, बशर्ते रिपोर्ट धोखाधड़ी से प्राप्त न की गई हो। कोर्ट ने यह भी पाया कि वर्ष 1997-98 में कलेक्टर स्तर पर हुई विस्तृत जांच में भी प्रमाण पत्र को सही पाया गया था। याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि उन्होंने 27 वर्षों से अधिक की उत्कृष्ट पुलिस सेवा दी है, जिसमें उन्हें राष्ट्रपति पुलिस वीरता पदक और रुस्तमजी अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। उच्च न्यायालय ने समिति के आदेश को कानून की नजर में त्रुटिपूर्ण और दुर्भावनापूर्ण मानते हुए खारिज कर दिया तथा याचिकाकर्ता के 1991 के मूल जाति प्रमाण पत्र को पूरी तरह बहाल कर दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने हस्तक्षेपकर्ताओं की अर्जियों को भी खारिज कर दिया।

## 582 ग्राम गांजा जब्त

**जबलपुर।** चरगवां पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने ग्राम घुघरी तिराहा पर मादक पदार्थ गांजा के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 582 ग्राम गांजा जब्त किया है, जब्त गांजे की कीमत लगभग 10 हजार रूपये की बताई गई है। चरगवां थाना प्रभारी श्रीमति सरोजनी चौकसे ने बताया कि चरगवां पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने गत दिवस मुखबिर की सूचना पर ग्राम घुघरा तिराहा पर गांजा रखकर ग्राहकों का इंतजार कर रहे ग्राम जमुनिया थाना चरगवां निवासी 42 वर्षीय शिवकुमार चौबे को गिरफ्तार कर उसके पास से 582 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी शिवकुमार चौबे के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

# एमबीबीएस की आवंटित सीट निरस्त करने पर हाईकोर्ट सख्त

## छात्र के लिए एक सीट खाली रखने के निर्देश

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट ने नीट के माध्यम से एमबीबीएस पाठ्यक्रम में सीट आवंटित होने और प्रवेश की निर्धारित औपचारिकताएं पूरी करने के बाद भी दाखिला निरस्त किए जाने के मामले में हस्तक्षेप किया है। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने बड़वानी निवासी छात्र दिव्यांशु सेपटा की याचिका पर अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही याचिकाकर्ता के लिए एक सीट रिक्त रखने के निर्देश दिए हैं।याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि उसने एमबीबीएस में प्रवेश के लिए नीट परीक्षा दी थी। रैंक के आधार पर काउंसलिंग के माध्यम से उसे आरकेडीएफ कॉलेज में सीट आवंटित हुई थी। इसके बाद उसने मॉप-अप राउंड में सीट अपग्रेड करने के लिए आवेदन किया। माप-अप काउंसलिंग के दौरान वह सभी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए स्वयं उपस्थित हुआ और नोडल अधिकारी के समक्ष दस्तावेजों का सत्यापन भी कराया। याचिका के अनुसार, सीट आवंटित होने के बाद उसने निर्धारित प्रक्रिया पूरी की, सीट लीविंग बान्ड भरा और फीस भी जमा कर दी। इसके बावजूद बाद में ई-मेल के माध्यम से उसे सूचित किया गया कि आवंटित सीट निरस्त कर दी गई है। इसकी वजह कालेज द्वारा प्रवेश की रसीद पोर्टल पर जनरेट नहीं किया जाना बताई गई।

वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संधी ने तर्क दिया कि संचालक, चिकित्सा शिक्षा विभाग ने भी इस संबंध में कॉलेज को पत्र लिखा था। पत्र में स्पष्ट किया गया था कि छात्र की प्रवेश रसीद पोर्टल पर जनरेट करने की जिम्मेदारी कालेज प्रबंधन की है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि पोर्टल पर रसीद जनरेट करना महज प्रशासनिक औपचारिकता है। छात्र की भौतिक उपस्थिति, फीस जमा करने और नोडल अधिकारी द्वारा दस्तावेजों के सत्यापन के माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी थी। ऐसे में कॉलेज की ओर से पोर्टल पर रसीद जनरेट नहीं किए जाने का खामियाजा छात्र को भुगतना पड़ रहा है। कोर्ट को बताया गया कि प्रदेश में एमबीबीएस पाठ्यक्रम की चार सीटें रिक्त हैं और इनके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित है। मामले की परिस्थितियों पर विचार करने के बाद युगलपीठ ने याचिकाकर्ता के लिए एक सीट रिक्त रखने के निर्देश दिए ।

## मोबाइल हैक कर खातों से उड़ाए 8.75 लाख रुपये, चार मामले दर्ज

**जबलपुर।** शहर के रांझी, गोहलपुर और ओमती थाना क्षेत्रों में मोबाइल हैक कर पांच लोगों के बैंक खातों से कुल 8 लाख 75 हजार 317 रुपये निकालने के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने चार प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गोहलपुर में सब्जी कारोबारी मोहम्मद आबिद हसन के खाते से 6 लाख 39 हजार 229 रुपये, अनुरूप तिवारी के खाते से 1 लाख 41 हजार 288 रुपये तथा महबूब अहमद के दो खातों से 49 हजार 700 रुपये निकाले गए। रांझी निवासी नेहा सिंह के खाते से 44 हजार 900 रुपये और ओमती में ड्राईफ्रूट कारोबारी मोहम्मद आमीन के खाते से 25 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए। शिकायतों के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत मामले दर्ज कर साइबर ठगी की जांच शुरू कर दी है।

# बिजली कर्मचारी की मौत पर आयोग सख्त, एक सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

**जबलपुर।** पाटन संभाग के बेलखेड़ा क्षेत्र में 11 केवी बिजली लाइन का फॉल्ट सुधारते समय आउटसोर्स कर्मचारी बिहारी लाल बर्मन की करंट लगने से हुई मौत के मामले में मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। गत 17 अक्टूबर को कर्मचारी 16 फुट ऊंचे बिजली खंभे पर चढ़कर सुधार कार्य कर रहा था, तभी करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मीडिया रिपोर्ट के आधार पर आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकलपीठ ने प्रथम दृष्टया मानवाधिकार हनन का मामला मानते हुए मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, जबलपुर के जनरल मैनेजर से जांच कर रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने मृतक के उत्तराधिकारी को नियमानुसार आर्थिक सहायता राशि दिए जाने के संबंध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन एक सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। यह जानकारी आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय की प्रभारी फरजाना मिर्जा ने दी।




# जबलपुर में देश का पहला पूर्ण हिंदी माध्यम मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारी

## 2027-28 सत्र से 50 सीटों के साथ शुरुआत का प्रस्ताव

**जबलपुर।** मेडिकल की पढ़ाई में अंग्रेजी की अनिवार्यता के कारण ग्रामीण और हिंदी माध्यम से पढ़ने वाले विद्यार्थियों को होने वाली परेशानी दूर करने के लिए मध्य प्रदेश में एक और पहल की तैयारी है। मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर ने देश का पहला पूर्ण हिंदी माध्यम मेडिकल कॉलेज शुरू करने का प्रस्ताव तैयार किया है। योजना के अनुसार, कॉलेज में पढ़ाई से लेकर प्रायोगिक प्रशिक्षण और परीक्षाएं तक हिंदी में कराने की परिकल्पना है। इसके लिए वर्ष 2027-28 के शैक्षणिक सत्र से 50 एमबीबीएस सीटों के साथ शुरुआत करने का प्रस्ताव है।हिंदी में चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए पुस्तकों के अनुवाद का काम पहले ही किया जा चुका है। विश्वविद्यालय का दावा है कि एमबीबीएस की प्रमुख किताबों का हिंदी रूपांतरण हो चुका है। आगे बीडीएस और अन्य चिकित्सा पाठ्यक्रमों की सामग्री भी हिंदी में तैयार करने की योजना है। हालांकि, किताबों की उपलब्धता के बावजूद हिंदी में मेडिकल की पढ़ाई को व्यापक रूप से अपनाने में कई व्यावहारिक समस्याएं सामने आ रही हैं।



**किताबें हिंदी में, लेकिन परीक्षाओं में अंग्रेजी का दबदबा-** एक रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदी पुस्तकों की छपाई पर सरकार ने करीब 10 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, लेकिन अब तक किसी विद्यार्थी ने एमबीबीएस की परीक्षा हिंदी में नहीं दी है। विद्यार्थियों की चिंता है कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट), स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षाओं और अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल में अंग्रेजी का ही इस्तेमाल होता है। ऐसे में हिंदी में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को आगे की प्रतियोगी परीक्षाओं में नुकसान होने की आशंका रहती है।**हिंदी में पढ़ाने वाले विशेषज्ञों की कमी भी चुनौती-** प्रस्तावित कॉलेज के सामने सबसे बड़ी व्यावहारिक चुनौती योग्य शिक्षकों की उपलब्धता होगी। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में ही फैकल्टी के 30 से 40 प्रतिशत पद खाली होने की बात सामने आई है। ऐसे में चिकित्सा विषयों को हिंदी में पढ़ाने के लिए पर्याप्त विशेषज्ञ जुटाना आसान नहीं होगा। मेडिकल की तकनीकी शब्दावली को हिंदी में समझाने के साथ सर्जरी और अन्य प्रायोगिक विषयों का प्रशिक्षण भी प्रभावी ढंग से देना होगा।

**एनएमसी के पास जाएगा प्रस्ताव**

विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे चुकी है। इसके लिए एक करोड़ रुपये का शुरुआती बजट भी प्रस्तावित किया गया है। अब विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर राज्य शासन को भेजा जाना है। प्रस्ताव में जमीन चिह्नित करने की प्रक्रिया भी शामिल है। शासन की स्वीकृति के बाद इसे राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। आयोग के निर्धारित मानकों को पूरा करने के बाद ही कॉलेज को मान्यता मिल सकेगी। योजना में संस्थान को आवासीय सुविधाओं से युक्त कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने की परिकल्पना भी की गई है।

## गन्ने के खेत में छिपाकर रखी थी शराब, मटका गिरफ्तार

**जबलपुर।** केंट थाना अतंर्गत सदर के बंगला नंबर 68 स्थित गन्ने के खेत में छिपाकर रखी गई शराब की बड़ी खेप पुलिस ने बरामद की है। क्राइम ब्रांच और केंट थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को छापा मारकर रोहित पासी उर्फ मटका को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से देशी शराब के 1900 पाव और अंग्रेजी शराब के 48 पाव जब्त किए हैं। केंट थाना प्रभारी पुष्पेंद्र पटले ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बंगला नंबर 68 के पास गन्ने के खेत में शराब छिपाकर रखी गई है। सूचना पर क्राइम ब्रांच और थाने की टीम ने संयुक्त रूप से दबिश दी। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम रोहित पासी उर्फ मटका, निवासी बगीचा नंबर 68, सदर बताया।

पुलिस ने खेत में मकान से करीब 50 मीटर दूर गन्ने के खेत की बाड़ी में तलाशी ली तो वहां शराब की पेटियां और खुले पाव रखे मिले। जांच के दौरान नीले रंग के बैग में देशी शराब के 100 पाव, 36 पेटियों में कुल 1800 पाव देशी शराब तथा दो खुली पेटियों में अंग्रेजी शराब के 22 और 26 पाव बरामद हुए। पुलिस ने कुल 1948 पाव शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240